# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 01 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 59, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1414 अंकों की गिरावट

चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा से सेंसेक्स 1414 और निफ्टी 420 अंक टूट गया। } 14

## अपराधियों में सजा का डर सुशासन की पहचान : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा सुशासन की पहचान है। } 16



### संक्षेप

## देश में कहीं नहीं दिखा रमज़ान का चांद

नयी दिल्ली। दिल्ली समेत देश के किसी भी हिस्से में शुक्रवार को इस्लाम के मुकद्दस महीने रमजान का चांद नज़र नहीं आया है और पहला रोज़ा दो मार्च (रविवार) को होगा। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में सुबह से ही बादल छाए हुए थे जिस वजह से यहां तो चांद नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि गुजरात, बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व हरियाणा समेत कई स्थानों पर संपर्क साधा गया, लेकिन चांद दिखने की कहीं से भी पुष्टि नहीं हुई। अहमद ने कहा कि आम तौर पर गुजरात के कच्छ के इलाके में चांद नजर आ जाता है, लेकिन वहां से भी रमज़ान का चांद दिखने की कोई खबर नहीं है।

## पीएसी का सिपाही पत्नी की हत्या में गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) की आठवीं बटालियन के एक आरक्षी (सिपाही) को अपनी पत्नी मीनू उर्फ मीना की नृशंस हत्या के आरोप में दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या को शुरू में लूट का नाटक दिखाने के लिए एक साजिश रची गयी थी। पीएसी के आरक्षी रवि कुमार ने कथित तौर पर हत्या की साजिश रची थी और उसने अपनी पत्नी की हत्या के लिए तीन लाख रुपये की सुपारी दी थी। इसके बाद उसने अपराध को छिपाने की कोशिश की और इसे लूट का नाटक बताया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने पुष्टि की कि मीनू के पिता जगदीश द्वारा अपने दामाद रवि कुमार पर उसकी मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराने के बाद जांच शुरू की गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को रवि कुमार, दंत चिकित्सक शानू (27) और नर्सिंग सहायक जतिन (28) को गिरफ्तार किया गया।

## युवक ने की दादा, दादी समेत तीन की हत्या

गोरखपुर (उप्र)। गोरखपुर के झंगहा इलाके में शुक्रवार सुबह हुए तिहरे हत्याकांड में 24 वर्षीय एक युवक ने अपने दादा के भाई, दादा और दादी की कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रामदयाल ने सबसे पहले भैंस पर कुदाल से हमला किया और जब उसके दादा कुबेर मौर्य ने विरोध किया तो वह हिंसक हो गया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर उसके दादा के भाई साधु मौर्य और दादी द्रौपदी देवी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उसने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया और पास के खेत में ले जाकर बेरहमी से मार डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद रामदयाल शवों को घसीट कर सड़क किनारे ले गया और उनके पास बैठ गया।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 17.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- सपा ने उठाया निजीकरण और आरक्षण का मुद्दा (पृष्ठ-02)
- यूपी में 12,325 बसें हो रहीं हैं संचालित (पृष्ठ-02)
- राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष के लक्ष्य का 74.5 फीसद पर (पृष्ठ-14)
- भारत का विदेशी मुद्रा 640.48 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46


## सरकारी स्कूलों में दाखिला ले सकते हैं, रोहिंग्या के बच्चे

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि रोहिंग्या बच्चे प्रवेश के लिए सरकारी स्कूलों से संपर्क कर सकते हैं और इनकार किए जाने की स्थिति में वे उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।



न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली सरकार के अधिकारियों को यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) कार्ड रखने वाले रोहिंग्या बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश देने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका का निपटारा करते हुए यह बात कही। पीठ ने एनजीओ रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस से कहा, हम चाहते हैं कि बच्चे पहले सरकारी स्कूलों का रुख करें। अगर उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाता है, तो वे उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। पीठ ने कहा कि उसने इसी तरह की राहत की मांग करने वाली एक अन्य जनहित याचिका पर भी इसी तरह का आदेश पारित किया है। गोंजाल्विस ने कहा कि

...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाकुंभ ने पूरी दुनिया को दिया एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 ने पूरी दुनिया को एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत का संदेश दिया है।

एक्स पर एक पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में आस्था एकता और समता के महासमागम महाकुम्भ, प्रयागराज ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत का संदेश पूरी दुनिया को दिया है। उन्होंने कहा देश-विदेश से पधारने वाले करोड़ों श्रद्धालु जन सुगमतापूर्वक पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर स्वयं को धन्य कर अभिभूत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति और मानवता के विराट महोत्सव का स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन संपूर्ण विश्व के लिए शोध का विषय बन गया है।

एक्स पोस्ट में आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में महाकुंभ के सफल समापन पर उन्हें बधाई दी थी। बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में विष्णु देव साय ने कहा, आज मैंने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से दूरभाष पर चर्चा कर प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन के सफल समापन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। यह



भव्य और विराट आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा था कि साथ ही, मैंने छत्तीसगढ़ राज्य के श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ मेला परिसर में साढ़े चार एकड़ भूमि आवंटित करने हेतु उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मंडप में छत्तीसगढ़ के लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने निःशुल्क आवास, भोजन

...शेष पृष्ठ 14 पर

### समृद्ध भारत के निर्माण में राजेंद्र प्रसाद का योगदान सदैव स्मरणीय : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पहले राष्ट्रपति भारत रत्न राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समृद्ध भारत के निर्माण में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, महान स्वाधीनता सेनानी, देश के प्रथम राष्ट्रपति, संविधान सभा के अध्यक्ष, भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। योगी ने कहा मूल्यों और आदर्शों से सुवासित आपका संपूर्ण जीवन लोकतंत्र की पाठशाला है। समृद्ध भारत के निर्माण में आपके योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। राजेंद्र प्रसाद का जन्म तीन दिसंबर 1884 को बिहार प्रांत में हुआ था और 28 फरवरी 1963 को 78 वर्ष की उम्र में उनका पटना में निधन हो गया।

# भारत-यूरोपीय संघ मजबूत करेंगे रणनीतिक साझेदारी

## दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए तय की वर्ष के अंत तक की समय सीमा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस वर्ष तक महत्वाकांक्षी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने वार्ता के दौरान रक्षा, सुरक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने का संकल्प लिया। लेयेन ने घोषणा की कि यूरोपीय संघ (ईयू) अपने करीबी सहयोगियों जापान और दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी के अनुरूप भारत के साथ सुरक्षा और रक्षा समझौते को मजबूत करने पर विचार कर रहा है।



वैश्विक स्तर पर अपनी तरह का सबसे बड़ा व्यापार समझौता करने की समयसीमा दोनों पक्षों द्वारा पहली बार बातचीत शुरू करने के 17 साल बाद आई है। वर्ष 2013 में निलंबित की गई वार्ता समझौते के लिए जून 2022 में पुनः शुरू की गई थी। मोदी ने कहा, आज, हमने 2025 से आगे की अवधि के लिए भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी के लिए एक साहसिक और महत्वाकांक्षी रूपरेखा बनाने का निर्णय लिया है। इसे अगले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के सामने लाया जायेगा। भारत इस वर्ष के अंत में शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यूरोपीय संघ द्वारा नयी दिल्ली से कार, शराब और कृषि उत्पादों पर शुल्क में कटौती की लगातार मांग के कारण इस समझौते के लिए बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही थी। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष ने, कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स या यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ बृहस्पतिवार को अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा शुरू की। पिछले जून में हुए यूरोपीय संसदीय चुनावों के बाद यह पहली ऐसी यात्रा है। अपने मीडिया वक्तव्य में मोदी ने निवेश को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों के तहत निवेश संरक्षण समझौते के साथ-साथ भौगोलिक संकेतकों पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों के संकल्प का संकेत दिया। उन्होंने कहा, हमने व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास, सुरक्षा, कौशल और गतिशीलता के क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा हमने अपनी टीमों को इस वर्ष के अंत तक पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता करने का निर्देश दिया है। लेयेन ने कहा हमने अपनी टीमों को इस गति को बनाए रखने और इस

...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत-यूरोपीय संघ संबंध इस सदी की निर्णायक साझेदार : वॉन डेर लेयेन



नयी दिल्ली। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ को महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के इस युग में अपने रणनीतिक संबंधों को अगले स्तर पर ले जाना चाहिए और यह संबंध इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बनने की क्षमता रखता है। वॉन डेर लेयेन ने एक थिंक टैंक को संबोधित करते हुए घोषणा की कि यूरोपीय संघ जापान और

...शेष पृष्ठ 14 पर

## युद्ध में प्रौद्योगिकी की होगी अहम भूमिका

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि युद्धकला तेजी से नेटवर्कयुक्त, डिजिटल और अतिकुशल होती जा रही है तथा भविष्य में युद्धों के परिणाम तय करने में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यहां भारत 2047 : युद्ध में आत्मनिर्भर विषय पर चाणक्य संवाद सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डेटा केंद्रित युद्ध में नेटवर्क सुरक्षा, बहुतायत, डेटा प्रवाह में विलंब और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के साथ-साथ डेटा का भंडारण, संग्रह और विश्लेषण शामिल है।

रोबोटिक्स और स्वचालन के रुझानों का उल्लेख करते हुए जनरल चौहान ने उपस्थित लोगों को बताया कि इससे भविष्य में मनुष्यों और मशीनों के बीच तथा परस्पर मशीनों के बीच भी युद्ध की संभावना उत्पन्न होती है। चौहान ने कहा, हम सभी जानते हैं कि युद्ध तेजी से डिजिटल, नेटवर्कयुक्त और अतिकुशल होते जा रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स और सुपरकंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकियां युद्ध के परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका

...शेष पृष्ठ 14 पर

## पाकिस्तान के मदरसे में विस्फोट मौलाना सहित पांच लोगों की मौत



एजेंसी

पेशावर। रमजान के महीने से पहले उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित एक मदरसे में जुमे की नमाज अदा करने के दौरान शक्तिशाली विस्फोट होने से प्रमुख मौलाना सहित पांच लोगों (नमाजियों) की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्य सचिव शाहब अली शाह ने बताया कि दारुल उलूम हक्कानिया नामक मदरसे में यह विस्फोट हुआ

...शेष पृष्ठ 14 पर

## मिर्जापुर में रिश्वत लेते इंस्पेक्टर गिरफ्तार

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) ने जिले के चील्ह थाना में तैनात निरीक्षक को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नीरज पाठक ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस निरीक्षक शिवशंकर सिंह की थाना चील्ह में तैनाती थी जिन्हें एसीओ टीम ने 30 हजार रुपये बतौर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पाठक ने बताया कि चील्ह निवासी हरिनारायण यादव चंदौली निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सिंह के पास गया था, लेकिन प्राथमिकी दर्ज करने के बदले आरोपी ने पीड़ित पक्ष से 50 हजार रुपये की मांग की।

# उत्तराखंड में हिमस्खलन, 57 मजदूर फंसे, 32 को निकाला

## सीएम धामी ने अधिकारियों को दिये रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, आईटी पार्क देहरादून पहुंचकर चमोली के माणा गांव के पास हुए हिमस्खलन के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर हिमस्खलन के बाद रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हिमस्खलन की स्थिति के बारे में भी पूरी जानकारी ली।

बता दें कि आज सुबह चीन सीमा के निकट माणा गांव में ग्लेशियर खिसकने से 57 मजदूरों के दबने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चमोली में बद्रीनाथ धाम से 6 किलोमीटर आगे





हिमस्खलन में फंसे लोगों को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। शाम 5:00 बजे तक 32 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। शेष 25 लोगों को निकालने की कार्रवाई गतिमान है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अति शीघ्र घटनास्थल में पहुंचने के निर्देश देते हुए कहा कि घटनास्थल के सबसे समीप स्थित हैलीपैड को अति शीघ्र खोल जाए, जिससे रेस्क्यू अभियान में तेजी लायी

...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** कृषि को छोड़कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों में रही सुस्ती

# खराब प्रदर्शन के चलते आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.2 प्रतिशत पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत रह गई। कृषि को छोड़कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहने से इसमें सुस्ती आई है। हालांकि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज किया गया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को आर्थिक प्रदर्शन से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत थी। एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। इसने जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में अनुमानित 6.4 प्रतिशत के मुकाबले आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) के मुताबिक, तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर एक साल पहले की समान तिमाही के 14 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई। खनन और उत्खनन उत्पादन वृद्धि दर तीसरी तिमाही में एक साल पहले के 4.7 प्रतिशत से घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी एक साल पहले के 10 प्रतिशत से घटकर सात प्रतिशत रह गई। हालांकि, इस तिमाही में कृषि क्षेत्र का उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 1.5




प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली, गैस, जलपूर्ति और अन्य जन केंद्रित सेवा क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में वृद्धि दर एक साल पहले के आठ प्रतिशत के मुकाबले 6.7 प्रतिशत रही। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में तीसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत से अधिक है। एनएसओ ने बयान में कहा वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 176.51 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2023-24 में 9.2 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार चालू वित्त वर्ष के अंत में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह 301.23 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी 47.17 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

## यूपी : सड़क हादसों में 15 की मौत, 7 लोग घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। महोबा, चंदौली, झांसी, नोएडा और एटा जिले में हुए सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत होगई जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महोबा जिले के श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-सागर राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और एक अन्य व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा बड़ा नाला के पास उस समय हुआ, जब प्रयागराज से भोपाल (मध्य प्रदेश) लौट रहे चार श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। मृतकों की पहचान नरेश नागर (35), अवधेश नागर (35), भूरा गुर्जर (35) और पूजा नागर (23) के रूप में हुई है।

वहीं, चंदौली जिले के नौगढ़ थाना क्षेत्र में एक एसयूवी और एक ट्रक की टक्कर में एक महिला और सात साल की बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। चंदौली के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिसौदिया ने बताया कि दुर्घटना में एसयूवी में सवार इश्तखार अहमद (45), अख्तर अंसारी (50), हकीमुन निसा (35) और सायना (सात) की मौत हो गई। इसके अतिरिक्त, दुर्घटना में एसयूवी में सवार पांच अन्य लोग

...शेष पृष्ठ 14 पर

# गड़बड़ी पर लाइनमैन से लेकर चेयरमैन तक होगी कार्रवाई : शर्मा

## उपभोक्ताओं का शोषण, उत्पीड़न करने वाले कार्मिकों के खिलाफ की जा रही कठोर कार्रवाई,ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विधान सभा में विपक्ष को दिया जवाब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रश्न प्रहर में सपा के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद चैधरी, नफीस अहमद व फहीम इरफान ने प्रदेश में बिजली और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्या की ओर सरकार का ध्यान आक्रष्ट कराया।इन सदस्यों ने कहा कि बिजली विभाग में बिना वसूली के कोई काम नहीं हो रहा है। सरकार द्वारा

- **देश में सर्वाधिक 30,618 मेगावॉट विद्युत आपूर्ति यूपी में की गई**

बिजली आर्पूति के लिए जो समय निर्धारित है उसमें में बिजली नहीं मिल पा रही है। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। सपा सदस्य फहीम इरफान ने कहा कि तमाम सरकारी दावों के बावजूद प्रदेश में बिजली की स्थिति बद से बदतर है। विदुत सुरक्षा निदेशालय में बिना पैसे के काम नहीं हो रहा है। निचले स्तर पर व्यापाक भ्रष्टाचार है।सुविधा शुल्क लेकर कनेक्शन दिये जा रहे है।विभाग की विजिलेस भी उपभोक्ताओं का उत्पीडन कर रही है।सपा के एक अन्य सदस्य नफीस अहमद ने कहा कि सरकार को स्मार्ट मीटर का प्रयोग पहले सरकारी कार्यालयों में करना चाहिए।





नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को विधान सभा के बजट सत्र में नियम 56 के तहत विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष कहता है कि उत्तर प्रदेश में नागालैण्ड से भी कम बिजली आपूर्ति की जा रही, जबकि प्रदेश में देश की सर्वाधिक 30,618 मेगावॉट विद्युत की आपूर्ति की गई है और इस मामले में महाराष्ट्र से भी हमारा प्रदेश आगे निकल गया है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के दौरान प्रदेश को 12-14 हजार मेगावॉट विद्युत आपूर्ति की जाती थी, उसका ढाई गुना अधिक बिजली की आपूर्ति इस वर्ष प्रदेश को की गई। प्रयागराज में डिजिटल महाकुम्भ के सफल आयोजन एवं बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की क्रांति से विपक्षी आश्चर्यचकित हैं।

ऊर्जा मंत्री ने विपक्ष द्वारा बिलिंग एजेंसियों एवं विद्युत कार्मिकों की मनमानी के सवाल पर कहा कि जहां कहीं से भी विद्युत कार्मिकों के खिलाफ गड़बड़ी करने एवं उपभोक्ताओं का उत्पीड़न संबंधी शिकायतें आती हैं। ऐसे कार्मिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था के सुधार में गड़बड़ी पाये जाने पर लाइनमैन से लेकर संबंधित डिस्कॉम के एमडी एवं यूपीपीसीएल के एमडी व चेयरमैन तक को भी बख्शा नही जायेगा।

बिजली बिलों में गड़बड़ी की शिकायत पर 3394 संविदा कार्मिकों एवं 85 कार्मिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई तथा 28 कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गई है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि भ्रष्टाचार में लिप्त एवं गड़बड़ी करने वाले विद्युत कार्मिकों को बख्शा नहीं जायेगाए निश्चित रूप से उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में आरडीएसएस योजना के तहत 16 हजार करोड़ रुपये तथा बिजनेस प्लान के तहत 3 वित्तीय वर्ष में 5-5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्य कराये गये।इसमें जर्जर तारों, विद्युत पोल तथा बांस-बल्ली में संचालित लाइनों को हटाकर व्यवस्थित किया गया। क्षतिग्रस्त एवं ओवरलोड ट्रांसफार्रमर व फीडर की क्षमता वृद्धि की गई। सपा सरकार ने डेढ़ लाख मजरों का विद्युतीकरण नहीं किया गया थाए जिसमें से 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण कराया गया। शेष 20 हजार से अधिक मजरों के विद्युतीकरण की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के 3.55 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं में से मात्र 1 प्रतिशत के बिलों में गड़बड़ी आ रही है। जिसको ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली कनेक्शन लेने में कोई समस्या नहीं आ रही है। आजादी के बाद से सर्वाधिक विद्युत कनेक्शन किसानों को दिये गये हैं। साथ ही किसानों के निजी नलकूपों के बिजली बिलों को भी माफ करने का कार्य प्रदेश की योगी सरकार ने ही किया है।

# यूपी में 12,325 बसें संचालित हो रहीं

विशेष संवाददाता (vol)

विधानसभा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि वर्तमान में परिवहन निगम द्वारा राज्य में 12,325 बसें संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के असेवित (बस सेवा से पृथक) गांवों को (जोड़ने के लिए) सेवित किए जाने (बस सेवा से जोड़ने) के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 1540 मार्गों का नवीन निर्धारण किया गया है। विधानमंडल के बजट सत्र के सातवें दिन विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री सिंह सवालों का जवाब दे रहे थे। आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अखिलेश के प्रश्न के उत्तर में दया शंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम स्वामित्व की 9,373 बसें एवं 2,952 निजी क्षेत्र की अनुबंधित बसों को मिलाकर कुल 12325 बसें राज्य में संचालित हैं। उन्होंने बताया कि ये बसें उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से ब्लॉक तहसील एवं जिलों को जोड़ते हुए बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान कर रही हैं। सिंह ने बताया कि इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के असेवित गांवों को सेवित किए जाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 1540 मार्गों का नवीन निर्धारण किया गया है। इससे 28 हजार गांव जुड़ेंगे। इसके पहले समाजवादी पार्टी के ही सदस्य

**गांवों को जोड़ने के लिए 1540 मार्गों का निर्धारण: दयाशंकर**

पंकज मलिक के प्रश्न के उत्तर में सिंह ने सदन को बताया कि प्रदेश में खराब जर्जर रोडवेज बसों के स्थान पर नयी बसें संचालित करने की योजना है और जो अयोग्य बसें हैं और नीलामी की अन्य शर्तें पूर्ण करती हैं तो उन्हें बस बेड़े से पृथक करके नीलाम किया जाता है। नीलाम की जाने वाली बसों के प्रतिस्थापन के लिए अंश पूंजी से वर्ष 2023-2024 और 2024-25 में विभिन्न श्रेणी की कुल 6138 बसें खरीदी गई हैं। मलिक ने पूरक प्रश्न के दौरान यह पूछा कि एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कितनी बसें ऐसी हैं, जो 10 वर्ष से पुरानी है और पूरे प्रदेश में 15 वर्ष से पुरानी बसें हैं। इसके जवाब में सिंह ने कहा कि एनसीआर में कोई ऐसी बस नहीं है जो 10 साल से पुरानी हो और 11 लाख किलोमीटर से ज्यादा चली हो। उन्होंने कहा कि 6138 नयी बसों की खरीद परिवहन के अब तक के इतिहास में सबसे बड़ी खरीद है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले में तीन हजार नयी बसें आयीं और उसका भी आवंटन करने जा रहे हैं। सिंह ने बताया कि 10 वर्ष या 11 लाख किलोमीटर चलने पर बसों को बदल दिया जाता है, लेकिन बसों की मरम्मत के बाद 15 साल तक भी चलाते हैं। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ने बजट में परिवहन पर विशेष कृपा की है और ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसों को चलाने जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में अटल इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलाने जा रहे हैं जो दो शहरों को जोड़ेंगी। वरिष्ठ सदस्य विनोद चतुर्वेदी के एक प्रश्न के उत्तर में परिवहन मंत्री ने कहा कि जनवरी 2025 में औसतन 700 बसें चालक-परिचालक के अभाव में असंचालित रही हैं, जिससे परिवहन विभाग को कुल आठ लाख आठ सौ रुपये की कम आमदनी हुई।

# परिषद में सपा ने उठाया निजीकरण और आरक्षण का मुद्दा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी ने निजीकरण और आरक्षण का मुद्दा उठाया। माध्यमिक शिक्षा विभाग में तदर्थ शिक्षकों के सेवा विनियमितीकरण करने के लिए न्यायालयों एवं शासन स्तर के आदेशों का अनुपालन अधिकारियों द्वारा न किये जाने का मामला भी उठा।

सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा शासनादेशों और न्यायालयों के

- **आरक्षण कोई भी नहीं छीन सकता, आरक्षण सरकार की गारंटी है : केशव**

आदेशों का पालन होना ही चाहिए, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ना तो मंत्री टाल सकता है और ना ही कोई अधिकारी। इसके साथ ही नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने सपा के निजीकरण और आरक्षण के मामले में कहा कि आरक्षण कोई भी नहीं छीन सकता। आरक्षण सरकार की गारंटी है। सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेन्ट एजेंसी है। इन्हें दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक से कुछ लेना-देना नहीं है। आपका पीडीए फर्जी है, जातिवाद के जहर से बाहर निकलकर अब उत्तर प्रदेश विकास की ओर बढ़ रहा है। हम सभी वर्गों के लिए काम कर रहे हैं, यह बात दीगर है कि मुस्लिम भाइयों का दिल नहीं जीत सके हैं, हालांकि उनके लिए हमने बहुत काम किया है।

प्रश्न प्रहर में शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी के वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवा शर्तें, सेवा सुरक्षा, समयबद्ध वेतनमान एवं सेवा निवृत्ति के बाद राज्य सरकार द्वारा दी जानेवाली सुविधा की बाबत माध्यमिक शिक्षा मंत्री से किये गये प्रश्न के जवाब में मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक की




अध्यक्षता में कमेटी बना दी गयी है।

भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में स्थायी रूप से कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण के संबंध में पूछे गये एक सवाल के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि स्थानान्तरण के 88 शिक्षकों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एक माह में परीक्षण कराकर निर्णय ले लिया जायेगा।शून्य प्रहर में भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह ने जनप्रतिनिधियों के पत्र पर कोई सकारात्मक कार्यवाही न होने के कारण जनता में सरकार के प्रति नाराजगी आक्रोश के संबंध में औचित्य के प्रश्न की सूचना दी। सभापति संबंधित अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के पत्र पर सकारात्मक कार्रवाई करवाने के लिए सरकार को निर्देश दिया।भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय बहादुर पाठक महाकुम्भ के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। सभापति ने धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकार किया।इसके साथ ही उन्होंने राजधानी लखनऊ के ऐशबाग क्षेत्र के ऐतिहासिक मोतीझील पर हो रहे अतिक्रमण को मुक्त कराने के संबंध में नियम 111 में सूचना दी सभपति ने सरकार को वक्तव्य देने के निर्देश दिए।

शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी के लाल बिहारी यादव, राजेन्द्र चौधरी, डा. मान सिंह यादव, मुकुल यादव, आशुतोष सिन्हा, मो. जासमीर अंसारी, बलराम यादव, किरण पाल कश्यप, शाह आलम एवं शाहनवाज खांन ने प्रदेश में सरकारी संस्थानों के निजीकरण और वहां आरक्षण समाप्त किये जाने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। आशुतोष सिन्हा ने कहा कि यह पूंजीपतियों की सरकार है। सरकारी संपत्तियां निजीकरण के बहाने पूंजीपतियों के हवाले करना चाहती है। निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू नहीं होगा और आरक्षण समाप्त हो जायेगा। डा. मान सिंह यादव ने कहा कि निजीकरण के माध्यम से सरकार आरक्षण समाप्त करने का अपना निजी एजेण्डा चला रही है। भाजपा हर काम ठेके पर देना चाहती है। ठेकेदारी में आरक्षण लागू नहीं होगा। लाल बिहारी यादव ने कहा यह सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़ा, आरक्षण विरोधी है, निजीकरण की तरफ ले जा रही है, जिससे इनका आरक्षण समाप्त हो जाये। सरकार की ओर से जवाब देते हुए नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सपा ने निजीकरण और आरक्षण का मुद्दा उठाया है। नहीं छीन सकता।

विधान परिषद

# बेरोजगारी के मुद्दे पर सपा का सदन से वाकआउट

**लखनऊ।** बेरोजगारी के मुददे पर सरकार के जवाब से अंसतुष्ट होकर समावजादी पार्टी के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी के सदस्य इंजींनियर सचिन यादव, पूजा सरोज, कमाल अख्तर ने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने और सरकारी नौकरियों की होने वाली परीक्षाओं के पेपर लीक हौने उनके निरस्त होने का मामला उठाते हुए कहा कि इससे प्रदेश के लाखों युवा बेरोजगारी हताश निराश है आत्महत्याएं कर रहे है। सपा सदस्यों ने कहा कि सरकारी विभागों में हजारों पद रिक्त है। यदि उनमें नियमित नियुक्तियां कर दी जाए तो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल जाएगा। सपा सदस्य सचिन यादव ने प्रदेश के विभिन्न विभागों में साढ़े बारह लाख से ज्यादा के पद रिक्त है। सरकार लोगों को नियमित नौकरी न देकर आउट सोर्सिंग पर भर्ती कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की सरकार को नौकरी देने के लिए कार्ययोजना बनानी चाहिए। सपा के ही कमाल अख्तर ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा में उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी का प्रतिशत 24 फीसदी है। नौकरियों के नाम पर सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि आठ साल में उसने कितने लोगों को नौकरियां दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख से ज्यादा सफाई कर्मियों के पद रिक्त है। जवाब में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बेरोजगारी प्रदेश में बडी चुनौती है लेकिन सरकार इस चुनौती को स्वीकार कर उसका सामना कर रही है। सपा सदस्यों द्वारा नौकरियों में आरक्षण समाप्त किए जाने के मुददे पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि भाजपा शुरू से ही आरक्षण की पक्षधर है।

# महाकुंभ के अर्जित धन से सरकार मृतकों के परिजनों को दें क्षतिपूर्ति : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार के दावे के अनुसार महाकुंभ से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कई लाख करोड़ की कमाई हुई है तो अर्जित धन में से ही सरकार मृतकों के परिजनों को क्षतिपूर्ति और घायलों के उत्तम उपचार के लिए धन का प्रबंध करें।इसमें से कुछ पैसा जो हजारों लोग लापता हैं, उनको खोजने और घर पहुंचाने के लिए बचाकर रख लेना चाहिए।



उन्होंने कहा कि इस अकूत कमाई में से ही उन दुकानदारों के घाटे की पूर्ति की जाए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की बदइंतजामी की वजह से मेले में दुकान लगाकर घाटा उठाया है।इसमें से कुछ रकम समस्त मेला कर्मियों को होली के बोनस के रूप में देने की घोषणा करनी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को महादानी सम्राट हर्षवर्धन से प्रेरणा लेते हुए अधिकांश धन प्रयागराज के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दान कर देना चाहिए। लाखों-करोड़ों की इस राशि में से कुछ पैसा सत्य बोलने की प्रेरणा देने वाले और नैतिकता सिखाने वाले किसी आत्म सुधार के सत्यनिष्ठ संस्थान के निर्माण के लिए देना चाहिए और इन सबके बाद भी अगर कुछ धन बच जाए तो उन मीडिया कर्मियों और कैमरा मैनों को दे दिया जाए जिन्होंने आपके कहने पर कैमरा वहां नहीं लगाया जहां महाकुंभ के गोरखधंधे के सच का भंडाफोड़ करती हुई सच्ची तस्वीरें थीं।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने 2013 में प्रयागराज में भव्य और शानदार कुंभ का आयोजन किया था। उसकी पूरी दुनिया में तारीफ हुई थी। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था थी। साधु-संतों से लेकर आम श्रद्धालुओं तक का ख्याल रखा गया था। भाजपा सरकार इस कुंभ को लेकर झूठा प्रचार और अपना गुणगान करती रही।

# डीएमके त्रिभाषा फार्मूले पर कर रही घिनौनी राजनीति : अनिल दुबे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने इंडी गठबंधन के प्रमुख दल डीएमके द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के विरोध पर इंडी गठबंधन के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से अपना मत स्पष्ट करने को कहा है।

लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत

- **रालोद राष्ट्रीय महासचिव ने सपा और कांग्रेस की चुप्पी पर भी उठाये सवाल**

करते हुए अनिल दुबे ने कहा है कि तमिलनाडु में डीएमके द्वारा त्रिभाषा फार्मूले का विरोध कर घिनौनी राजनीति की जा रही है और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी सरकार तमिलनाडु में हिन्दी थोपने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है।उनका यह कहना कि वह बहुभाषी होने के पक्षधर है लेकिन राज्य में हिन्दी का अनिवार्य स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि 1968 में



तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समय त्रिभाषा फार्मूला बना था, जिसका सभी राज्यों में हिन्दी अंग्रेजी सहित एक क्षेत्रीय भाषा पढ़ाये जाना तय हुआ था उस समय भी तमिलनाडु में इस फार्मूले को लागू नहीं किया गया सिर्फ तमिल और अंग्रेजी ही लागू हुई। 1986 में भी इस फार्मूले को अपनाया गया किन्तु तमिलनाडु सरकार ने इसका विरोध किया।

तमिलनाडु सरकार इस फार्मूले का विरोध कर राष्ट्रीय एकता का विरोध कर रही है। वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति बनायी गयी, जिसको लागू करते हुए यह कहा गया कि हिन्दी, अंग्रेजी और एक क्षेत्रीय भाषा का फार्मूला अपने राज्य में लागू करे और कोई भाषा जबरन थोपी नहीं जायेगी। केंद्रीय सरकार राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से गैर हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित करने का काम इसलिए कर रही है ताकि राष्ट्रीय एकता को और सशक्त और मजबूत बनाया जा सके लेकिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार इसका विरोध कर रही है।उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार हिन्दी के पठन पाठन को बंद करके राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को कमजोर कर रही है क्योंकि उसे यह लगता है कि त्रिभाषा फार्मूला लागू होने से राजनीति का रंग रोगन बदलेगा और शिक्षा का स्तर भी आगे न बढ़ पाये इसलिए उसका विरोध कर रही है और इसी तरह नई शिक्षा नीति हिन्दी, अंग्रेजी सहित क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं को बचाने की दिशा में काम कर रही है लेकिन देश की जनता यह जानना चाहती है कि इंडी गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव इस पर क्यों चुप्पी साधे हुए है और हिन्दी के विरोध पर एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। उनकी यह चुप्पी हिन्दी के सम्मान के साथ अन्याय है और उससे यह स्पष्ट है सपा और कांग्रेस अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए हिन्दी भाषा को लगातार अपमानित होते देख रही है। रालोद प्रदेश की जनता से हिन्दी के मुद्दे पर प्रदेश की जनता से भाषा, संस्कृति और सम्मान के लिए सहयोग की अपील करता है और इस मुद्दे पर प्रदेश की जनता की बीच सपा और कांग्रेस को बेनकाब करने के लिए अभियान भी चलायेगा।

# यूपी की जेलों में मौजूदा समय में 89,256 कैदी बंद : दारा सिंह चौहान

विशेष संवाददाता (vol)

विधानसभा

**लखनऊ।** यूपी सरकार के कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि प्रदेश के कारागारों की कुल बंदी क्षमता 76,475 है, लेकिन मौजूदा समय में इनमें 89,256 कैदी बंद हैं। शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन दारा सिंह चौहान ने प्रश्न काल में समाजवादी पार्टी के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद चौधरी का पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि इस समय राज्य की जेलों में कुल 89,256 बंदी मौजूद हैं।

चौहान ने बताया कि 31 जनवरी 2025 की स्थिति के अनुसार प्रदेश के 76 कारागारों की कुल बंदी क्षमता 76,475 है। चौहान ने बताया कि प्रदेश में आठ निर्माणाधीन कारागारों के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 9,165 बंदी क्षमता की वृद्धि होगी तथा प्रदेश में 15 जिलों में प्रस्तावित 16 नवीन कारागारों के निर्माण से 21,408 बंदी क्षमता की वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में आठ कारागारों में 22 बैरकों के निर्माण से 606 बंदी क्षमता, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 17 कारागारों में 44 बैरकों के निर्माण से 1224 बंदी क्षमता तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 22 कारागारों में 57 बैरकों का निर्माण करा कर 1626 बंदी क्षमता की वृद्धि की गयी है। मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित अनुपूरक कार्य योजना में 11 कारागारों में 33 बैरकों के निर्माण से 990 बंदी क्षमता की वृद्धि साथ ही बंदियों को जेलों में भी विभिन्न प्रशिक्षण देकर उनको च्छा जीवन देने की परेणा दी जा रही है।

# बीबीडीयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने 'विकसित भारत एवं सतत पर्यावरण में युवाओं की भूमिका' विषय पर अतिथि व्याख्यान (गेस्ट लेक्चर) का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) ध्रुव सेन सिंह, विभागाध्यक्ष भूविज्ञान विभाग और निदेशक, हाइड्रोकार्बन ऊर्जा और भू-संसाधन संस्थान, पृथ्वी विज्ञान, भूविज्ञान, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ थे। यह कार्यक्रम बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा और बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर डा एस सी शर्मा के निर्देशन से हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत प्रोफेसर (डॉ.) एस.अहमद अली, डीन, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज, बाबू बनारसी दास






विश्वविद्यालय द्वारा अतिथि वक्ता और उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुआ, जिन्होंने भारत के नवाचार और तकनीकी विकास के भविष्य के रूप में युवाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। अतिथि वक्ता ने 'विकसित भारत एवं सतत पर्यावरण में युवाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान का उद्देश्य युवा पीढ़ी को 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने और सतत विकास के लक्ष्य (जीएसडी) को पूरा करने के लिए विज्ञान और नवाचार से जुड़ने के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न गैर-पारंपरिक ऊर्जा यानी सौर ऊर्जा और भूतापीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया है। सत्र ने छात्रों और शिक्षकों के एक विविध समूह को आकर्षित किया जो भारत की प्रगति और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में इसकी वैश्विक स्थिति के बारे में भावुक थे। सत्र का संचालन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, रसायन विज्ञान विभाग, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# कैंपस ड्राइव में 200 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ के लिए कैंपस ड्राइव एवं प्रशिक्षु मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने प्रशिक्षार्थियों को मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए संस्थान का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह से अधिकतम अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया।ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खाँ ने जानकारी दी कि इस कैंपस ड्राइव में कुल 226 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 200 पदों के लिए साक्षात्कार के उपरांत सभी 200 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को टाटा मोटर्स द्वारा 14,432 प्रति माह वेतन के साथ अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी।

**Form-IV (See Rule-8)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Place of publication | : | 1/5, Vishal Khand, Gomti Nagar, Lucknow |
| 2. Periodicity of its Publication | : | Daily |
| 3. Printer's Name | : | R.K. AGARWAL |
| Whether citizen of India | : | Yes |
| Address | : | 55-B, Babu Banarasi Das Nagar, Lucknow |
| 4. Publisher's Name | : | R.K. AGARWAL |
| Whether citizen of India | : | Yes |
| Address | : | 55-B, Babu Banarasi Das Nagar, Lucknow |
| 5. Editor's Name | : | MANOJ KUMAR BAJPAI |
| Whether citizen of India | : | Yes |
| Address | : | 1/135D, Vipul Khand, Gomti Nagar Lucknow |
| 6. Name & address of the owner of the Newspaper | : | Viraj Prakashan Private Limited |
| | : | 1/5, Vishal Khand, Gomti Nagar, Lucknow |

I, R.K. AGARWAL, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

**Date : 01.03.2025**

**(R.K. AGARWAL)**
**Publisher**

# क्लॉक टॉवर और फूड कोर्ट के बीच खड़ी नहीं होंगी बसें

- हेरिटेज स्ट्रक्चर के सामने केबल टीवी, टेलीकॉम कंपनी के तार शिफ्ट होंगे
- डीएम ने हेरिटेज क्षेत्र में एलडीए के कार्यों का किया निरीक्षण



विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** क्लॉक टॉवर और फूड कोर्ट के बीच की रोड पर कोई भी प्राइवेट बसें न खड़ी नहीं होंगी। जो भी बस रोड पर खड़ी पाई जाए उसके स्वामी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राजाराम और बेगम हजरत महल पार्क की बेहतर साफ-सफाई रखी जाए। डीएम विशाख जी ने शुक्रवार को हेरिटेज जोन में एलडीए व स्मार्ट सिटी की ओर से कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने कैसरबाग चौराहे (आनंद चौराहा) से निरीक्षण शुरू किया। यहां हो रहे फसाड के कार्यों को देखा। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने उन्हें बताया कि चौराहे के चारों तरफ बने हेरिटेज स्ट्रक्चर में फसाड लाइटिंग, रोटरी सौंदर्यीकरण, शॉप्स के आगे फ्लोरिंग आदि का कार्य तीन फेस में कराया जाना है। पहले फेस का कार्य लगभग पूरा हो गया है। डीएम ने हेरिटेज स्ट्रक्चर के सामने जो केबल टीवी, टेलीकॉम कंपनी आदि के जो तार हैं उनको शिफ्ट करने का निर्देश दिया। वीसी ने बताया तारों को हटवाने और कलर कोडिंग के अनुसार साइन एज लगाने का का कार्य द्वितीय फेस में किया जाना है जिसके लिए टेंडर हो चुका है।

तृतीय फेस में रोटरी सौंदर्यीकरण, शॉप्स के आगे फ्लोरिंग आदि का कार्य कराया जाएगा। चौराहों पर जाम की समस्या के दृष्टिगत डीएम ने निर्देश दिए कि चौराहे पर जो भी ऐसी यूटिलिटी है, जिससे ट्रैफिक बाधित होता है उसकी शिफ्टिंग कराते हुए ब्लैक टॉप एरिया को बढ़ाया जाए, ताकि आवागमन सुगम बने। डीएम ने अमीरउद्दौला लाइब्रेरी के पास स्थित राजाराम पार्क का निरीक्षण किया। एलडीए वीसी ने बताया कि यहां कैफे निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। लाइटिंग का कार्य हो गया है।

डीएम ने निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन पार्क में लोगों के मार्निंग वाक के बाद सफाई कराना सुनिश्चित किया जाए। बेगम हजरत महल पार्क के निरीक्षण के दौरान वीसी ने बताया कि पार्क स्थिति विक्टोरिया मेमोरियल में फसाड लाइटिंग का कार्य होना है, जो एएसआई से एनओसी प्राप्त होने के बाद कराया जाएगा। जॉगिंग ट्रैक का निर्माण कराया जाना भी प्रस्तावित है। डीएम ने निर्देश दिए गए कि दोनों पार्कों के फाउंटेन की साफ सफाई कराई जाए। साथ ही पार्क में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग कहां है उसके डायरेक्शन के साइन एज लगवाना सुनिश्चित किया जाए। लखनऊ की अवधी अंदाज के दृष्टिगत तांगों को रिफॉर्म करते हुए तांगे चलाने वालो को भी यूनिफार्म दिए गए हैं। डीएम ने तांगे वाली गली, बड़ा इमामबाड़ा, रूमी गेट, हुसैनाबाद स्थित क्लॉक टॉवर, फूड कोर्ट और निमार्णाधीन म्यूजियम का भी निरीक्षण किया। म्यूजियम में सभी गैलरी का भ्रमण किया। उन्हें बताया गया कि म्यूजियम के स्ट्रक्चर का कार्य लगभग पूरा हो गया है।

केवल इंटीरियर का कार्य बाकी है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए गए कि क्लॉक टॉवर और फूड कोर्ट के बीच की रोड पर निजी बसें न खड़ी होने पाएं। जिसके लिए आर एम रोडवेज, एआरटीओ और अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा ड्राइव चलाते हुए बसों को पास बनी पार्किंग में पार्क करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देश दिया कि जो भी बस रोड पर खड़ी पाई जाए उसके स्वामी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने रेजिडेंसी के बाहर फुटपाथ पर प्लेस मेकिंग के कार्य का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण ने बताया कि रेजिडेंसी की वाल के बाहर छोटे छोटे पॉकेट्स में फूड स्टाल और ग्रीन लाइन, स्कल्पचर लगाकर पार्किंग एरिया का निर्माण भी कराया जा रहा हैं। निरीक्षण में उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ विकास प्राधिकरण में जोनल अफसरों के कार्य क्षेत्र बदले

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में नव नियुक्त दो अफसरों के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अफसरों के कार्यक्षेत्र में नए सिरे से बदलाव किया गया है। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिए है। नए आदेशों के बाद नव नियुक्त नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह को जोन 6 का जोनल अधिकारी बनाया गया है। वहीं नवनियुक्त पीसीएस अधिकारी विपिन शिव हरे को विहित प्राधिकारी ट्रांस गोमती की जिम्दारी दी गई है। इससे पहले अपर सचिव सीपी त्रिपाठी के पास यह दायित्व था। इसके साथ ही विपिन शिव हरे विहित प्राधिकारी के साथ-साथ जोन 7 के जोनल की भी जिम्मेदारी भी संभालेंगे। वहीं राजीव कुमार और वंदना पांडे को जोनल चार्ज से हटा दिया गया है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को लगातार जोन तीन और सात में अवैध निर्माण में सांठ गांठ की शिकायतें मिल रहीं थी। विशेषाधिकारी देवांश त्रिवेदी को छोड़ बाकी सभी जोनल अधिकारियों के कार्य क्षेत्र बदले गए हैं। जोन 2 की जिम्मेदारी एसडीएम शशि भूषण पाठक संभालेंगे वहीं जोन 3 के जोनल अधिकारी का काम ओएसडी रवि नंदन सिंह को दिया गया है। उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह को जोन 4 और उपसचिव माधवेश कुमार को जोन 5 की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# स्कूटी से घर लौट रहे छात्र की चाइनीज मांझे से कटी गर्दन



लखनऊ। प्रतिबंध के बावजूद राजधानी में चाइनीज मांझे का उपयोग बंद नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से हादसे होते रहते हैं। शुक्रवार को एक बार फिर मांझे के कटने से एक छात्र की जान जाते-जाते बची। लखनऊ विश्वविद्यालय घर लौटते समय चाइनीज मांझा छात्र की गर्दन में फंस गई जिसकी वजह से छात्र लहुलूहान होकर जमीन पर गिर गए। वहीं, छात्र को लहूलुहान पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई। किसी तरह से खुद को संभालते हुए छात्र ने परिवार वालों से सम्पर्क किया। नजदीकी अस्पताल पहुंचने के बाद उपचार कराया गया। जानकारी के मुताबिक, गौरांग कुमार सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र है। शुक्रवार को वह स्कूटी से अपने घर राजाजीपुरम जा रहा था। रास्ते में हुसैनगंज पुल के ऊपर चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए जिससे उनकी गर्दन कट गई, हाथ से हटाने के दौरान अंगुलियां भी कट गईं। वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल होने के बाद खुद को संभालते हुए परिवार वालों से सम्पर्क किया। इसके बाद छात्र को अस्पताल ले जाया गया। गौरांग व उसके घर वालों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि चीनी मांझा पर रोक के बाद भी बाजार में बिक रहा है जिससे आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस पर रोक न लगने से लोगों की जान पर आ रही है। सीएम से मांग की है कि इस पर दृढ़ता से रोक लगाने के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी तय किए जाएं।

## नगर निगम ने विरोध के बीच सरकारी भूमि खाली करायी

लखनऊ। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को ग्राम भरवारा में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की। इसकी शुरूआत तब हुई जब नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का निर्णय लिया। प्रभारी अधिकारी, सम्पत्ति संजय यादव और तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई, जिसने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार नीरज कटियार ने किया, साथ ही नायब तहसीलदार सदर शालिनी, राजस्व निरीक्षक सुशील, और नगर निगम के लेखपाल सुभाष कौशल, राकेश यादव, लालू यादव और क्षेत्रीय लेखपाल सविता ने मिलकर टीम का हिस्सा बने। इस कार्रवाई में जेसीबी मशीन का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर की गई और अस्थाई अवैध कब्जे हटाए गए। हालांकि, जब यह कार्रवाई चल रही थी, तो कुछ स्थानीय महिलाओं ने इसका विरोध किया, लेकिन यह विरोध शांतिपूर्ण तरीके से निपटाया गया और कार्रवाई पूरी हुई। जिस भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया, वह ग्राम भरवारा में स्थित खसरा संख्या-688 क्षेत्रफल 0.051 हे. और 890 क्षेत्रफल 0.66808 हे. की भूमि है। यह कार्रवाई लखनऊ में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है, और इससे यह संदेश भी जाता है कि प्रशासन अपनी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त करने के लिए संजीदा है। इस तरह की कार्यवाहियां न केवल सरकारी भूमि के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह समाज में अनुशासन और न्याय की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं।

# गोमती नगर विस्तार में बनेगा बहुमंजिला अस्पताल

## समाधान दिवस में पास हुआ नक्शा, मानचित्र के 29 प्रकरणों का निस्तारण



विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में जल्द ही 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बहुमंजिला अस्पताल बनेगा। इससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक और विकल्प मिलेगा, साथ ही रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण में शुक्रवार को आयोजित किये गये मानचित्र समाधान दिवस में मिडलैण्ड हेल्थकेयर ग्रुप के हॉस्पिटल का मानचित्र स्वीकृत किया गया। कार्यवाही के दौरान कुल 08 आवेदकों को मौके पर एनओसी प्रदान की गयी, जबकि 29 मानचित्र/शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। इस मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कैम्प में उपस्थित रहकर एक-एक प्रकरण की समीक्षा की।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि उपाध्यक्ष ने लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक माह मानचित्र समाधान दिवस आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में विशेष कैम्प लगाया गया। जिसमें प्राधिकरण के मानचित्र, अभियंत्रण, नियोजन, नजूल, ट्रस्ट अनुभाग के अलावा जिला प्रशासन, नगर निगम व जलकल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इससे नजूल, अर्जन, सीलिंग, ट्रस्ट व लैंड यूज से सम्बंधित 08 एनओसी मौके पर ही निर्गत की गयी। मुख्य नगर नियोजक केके गौतम ने बताया कि कैम्प में कुल 29 मानचित्र/शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से 25 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा 34 लोगों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से मानचित्र/शमन मानचित्र के लिए नया आवेदन किया है। उपाध्यक्ष के निदेर्शानुसार प्रक्रियाधीन प्रकरणों के अलावा नये प्राप्त होने वाले आवेदनों पर भी समयबद्ध कार्यवाही की जाएगी। आठ आवेदकों को मौके पर प्रदान की गयी एनओसी दीपिका एवं प्रकाश अग्निहोत्री ने गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में आवासीय भवन मानचित्र के लिए आवेदन किया था। राम रतन कनौजिया ने ऐशबाग में आवासीय भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। उन्हें मौके पर ही लैंड यूज, ट्रस्ट व अर्जन आदि की एनओसी प्रदान की गयी। जानकीपुरम में व्यवसायिक भवन का निर्माण करा रहे रूपेश कुमार ने शमन मानचित्र के लिए आवेदन किया था। इसी तरह महानगर में आवासीय भवन का निर्माण करा रहीं सुनीता सिंह ने शमन मानचित्र स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। कैम्प में उक्त दोनों आवेदकों का शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया।

# आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय बढ़ा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया स्वागत

- परिषद के अध्यक्ष बोले, सीएम के निर्णय से करीब 5 लाख कर्मियों को होगा फायदा
- आशा बहुओं को भी 18000 फिक्स मानदेय की परिधि में लाने की मांग की

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम मानदेय 18 हजार करने की घोषणा पर खुशी जाहिर की।

अध्यक्ष जेएन तिवारी ने सीएम योगी की घोषणा का स्वागत करते हुए 1 अपैल से आउटसोर्स कर्मियों को बढ़ा मानदेय मिलने पर सीएम आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस फैसले से आउटसोर्स कर्मियों के चेहरे खिल उठे हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय निश्चित करने के लिए विगत 1 वर्ष से लगातार प्रयास किया जा रहा था। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से दो बार मुलाकात की गयी थी। सीएम के इस फैसले से प्रदेश में लगभग 5 लाख आउटसोर्स कर्मियों को फायदा होगा। सभी को इसका लाभ मिलेगा। संयुक्त परिषद ने आउटसोर्स कर्मियों के लिए नियमावली बनाने की भी मांग की है। इससे चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। बता दें कि मुख्यमंत्री ने 20 फरवरी को आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय 16 से 18000 करने की घोषणा पत्रकारों के बीच की थी। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने सीएम से प्रदेश की आशा बहुओं को भी 18000 फिक्स मानदेय की परिधि में लाने की मांग की है। सीएम योगी के इस निर्णय का राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दुबे, महामंत्री अरुणा शुक्ला, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, प्रीति पांडे, ओमप्रकाश पांडे, राजेश निराला सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

# इकाना स्टेडियम में तीन से खेला जायेगा विमेन प्रीमियम लीग

- डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की, कहा खिलाड़ी और दर्शक यहां से अच्छा अनुभव लेकर वापस जायें

लखनऊ। आगामी 03, 06, 07 और 8 मार्च 2025 को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में विमेन प्रीमियम लीग (डब्ल्यूपीएल) के 4 मैच प्रस्तावित है। मैच के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाख जी की ओर से इकाना स्टेडियम के पदाधिकारियों, ऑर्गनाइजर, बीसीसीआई अधिकारियों व यूपीसीए के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने निर्देश दिए कि स्टेडियम में सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया जाये। जिला प्रशासन और स्टेडियम के अधिकारी पूरा तालमेल बनाकर कार्य करें। पूरा आयोजन सुव्यवस्थित हो, ताकि खिलाड़ी और दर्शक यहां से अच्छा अनुभव लेकर वापस जायें। निर्देश दिए गए की लोक निर्माण विभाग की ओर से सम्पूर्ण स्टेडियम व आस पास के एरिया की स्ट्रक्चरल सेफ्टी का ऑडिट करा कर सर्टिफिकेट देना सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम को निर्देश दिए गए की उनकी टीमों और इकाना स्टेडियम की टीमों की ओर से संयुक्त रूप से पूरे स्टेडियम के बाहरी हिस्से की साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए एवं स्टेडियम के बाहर पार्किंग में पेयजल की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग क्षेत्र व स्टेडियम परिसर के बाहर पानी के टैंकरों की व्यवस्था और साफ सफाई और मोबाईल शौचालय की व्यस्वथा किया जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि स्टेडियम के बाहर व अंदर फूड सैम्पलिंग की व्यवस्था के लिए अभी से टीमों का गठन कर लें। इन गठित टीमों को अपने स्तर से ब्रीफ करते हुए फूड सेफ्टी के बिन्दु पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सैम्पलिंग आदि की कार्यवाही ससमय सुनिश्चित कराया जाए।



# बीकेटी में 20 बीघा क्षेत्रफल में चल रही 04 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने शुक्रवार को बख्शी का तालाब क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान 20 बीघा क्षेत्रफल में चल रही चार अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि शेर मोहम्मद व अन्य की ओर से बीकेटी के परगना-महोना के ग्राम-भैंसामऊ में लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह राम चन्दर यादव व अन्य द्वारा ग्राम-भैंसामऊ में लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। वहीं, सुंदर लाल व अन्य की ओर से भैंसामऊ में लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा अनीस अहमद पुत्र जहूर अहमद द्वारा भैंसामऊ में लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये 006अथे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शिव कुंवर ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। इस दौरान डेवलपर की ओर से स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंटों से किये गये चिनाई आदि के कार्य को ध्वस्त कर दिया गया।

## अमौसी एयरपोर्ट का रनवे आज से 15 जुलाई तक दिन में बंद रहेगा

लखनऊ। अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का रनवे एक मार्च से 15 जुलाई तक दिन में बंद रहेगा। इन 137 दिनों में सुबह 10 से शाम छह बजे तक कोई फ्लाइट नहीं आएगी और न ही उड़ान ड्डारेगी। इस दौरान समानांतर टैक्सी वे, रीकार्पेटिंग, नए एप्रेन निर्माण समेत कई कार्य होंगे। ऐसे में फ्लाइटों की समय सारिणी शाम छह से सुबह 10 बजे के बीच सिमट गई है। करीब 37 फ्लाइटें शेड्यूल से कम दिख रही हैं। एयरपोर्ट से कुछ फ्लाइटें ऐसी ड्डी हैं जो सप्ताह में दो या तीन ही दिन संचालित होती हैं। ऐसे में औसतन अधिकतम फ्लाइटों की संख्या 155 है। मार्च के शेड्यूल में ये घटकर 118 रह गई हैं। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल टी-3 के निर्माण के बाद अब रनवे के समानांतर टैक्सी वे बनाया जाएगा।

# स्वच्छता रैकिंग को पलीता लगा रहे निजी संस्थान



विशेष संवाददाता

लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम की ओर से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन निजी संस्थान इस अभियान को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जोन-6 स्थित भारत अस्पताल के प्रबंधन ने अपने सेप्टिक टैंक को सीधे नगर निगम के नाले से जोड़ दिया है, जिससे अक्सर नाला जाम होने पर गंदगी सड़क पर बहने लगती है और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाल में ही महाशिवरात्रि के दिन यहां शिव बारात का आयोजन होना था लेकिन नाले के ओवरफ्लो होने के कारण शिव बारात का निकलना असंभव था। स्थानीय नागरिकों के आग्रह करने पर स्वेज इंडिया की टीम ने जनहित को ध्यान में रखते हुए ओवरफ्लो हो रहे गंदे पानी को सक्शन मशीन के माध्यम से साफ करा दिया। गौरतलब है कि इस समय नगर निगम, लखनऊ महापौर और नगर आयुक्त की अध्यक्षता में स्वच्छता जागरूकता अभियान चल रहा है। शहरवासियों से अपील की जा रही है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपनी फीडबैक दें, ताकि लखनऊ को टॉप-5 स्वच्छ शहरों में स्थान मिल सके। इसके बावजूद, निजी अस्पताल और अन्य संस्थान इस अभियान को नजरअंदाज कर नाले में अवैध कनेक्शन जोड़कर स्वच्छता व्यवस्था को ध्वस्त कर रहे हैं। नगर निगम, जलकल विभाग की ओर से ऐसे अस्पतालों और संस्थानों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस वजह से लखनऊ की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में ये संस्थान बाधा बने हुए हैं।

# नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 4 मार्च को

- पारा में बनाये जा रहे हैं 264 भवन, आवंटन प्रक्रिया के बाद मिलेगा कब्जा

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पात्र आवेदकों की लाटरी प्रक्रिया 4 मार्च को दोपहर 12:00 बजे से शुरू की जाएगी। यह लाटरी कलेक्ट्रेट, लखनऊ के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस लाटरी का आयोजन अपर जिला अधिकारी (नगर पूर्वी) व अध्यक्ष की उपस्थिति में समिति की ओर से किया जाएगा। लाटरी की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ वीडियो कैमरे की निगरानी में की जाएगी, ताकि कोई भी आवेदक लाटरी के संबंध में संदेह महसूस न करे। जो पात्र आवेदक लाटरी के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहते हैं, वे 4 मार्च को निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट, लखनऊ के सभागार/हाल में आ सकते हैं। यह एक महत्वपूर्ण मौका होगा जब आवेदकों को उनके आवेदन के आधार पर आवास के लिए चयन किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 830 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें से 264 फ्लैट्स सदरौना रोड, मुन्नू खेड़ा निकट गोकुल ग्राम आवास योजना पारा में में बनाए जा रहे हैं। नगर निगम ने पारा आवासीय योजना जी प्लस 3 श्रेणी के पीएम आवास योजना के मकानों का पंजीकरण जनवरी 2024 में खोला था। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस योजना का शुभारम्भ किया था। नगर निगम की ओर से दावा किया गया था कि आगामी एक वर्ष में सम्पूर्ण योजना का निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण कर कब्जा दे दिया जाएगा। हालांकि एक वर्ष बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है। यहां कुल 12788 वर्ग मीटर भूमि पर 264 भवन निर्माणाधीन हैं। भवनों में एक बहुउद्देषीय कक्ष, एक शयन कक्ष, एक रसोईघर, स्नानागार एवं शौचालय और बालकनी है। सुपर एरिया लगभग 356 वर्गफिट है। मकान की लागत 6.12 लाख है। जिसमें ढाई लाख सरकार सब्सिडी दे रही है। 3.62 लाख लाभार्थी को देना होगा। 12000 अनुरक्षण व कार्पस फन्ड भी शामिल है। अब इस योजना के तहत लाटरी प्रक्रिया चार मार्च को होनी है। इस लाटरी के परिणामों के बाद, जिन आवेदकों को आवास मिलेगा, उन्हें जल्दी ही घर आवंटन की प्रक्रिया के लिए सूचित किया जाएगा।

## अपनी जमीन होने पर मिलेंगे ढाई लाख रुपये

जिनके पास अपनी जमीन है और उन्हें इस योजना के तहत घर बनान है तो सरकार उन्हें ढाई लाख रुपये तक अनुदान देगी। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को 30 हजार रुपये का सहायता राशि दी जाएगी. विधवा महिलाओं को 20 हजार रुपये विशेष सहायता राशि के रूप में दी जाएगी। 12 माह में घर बनाने वालों को 10 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। बता दें कि पीएम आवास योजना की शुरूआत साल 2015 में की गई थी। इस योजना के तहत ऐसे लोगों को जोड़ा जाएगा, जिसके पास आश्रय न हो। साथ ही जो लोग कच्चे और टूटे हुए घरों में रहते हों, या वे लोग जो बेसहारा और घूमंतू जीवन जीते हों।

## पीएम आवास योजना-दो में ऑनलाइन आवेदन शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपना खुद का आशियाना बनाने का सपना देख रहे हैं तो यह आपके लिए अच्छी खबर हो सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। इच्छुक और पात्र लोग पीएम आवास योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभी उत्तर प्रदेश में 17.70 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना 1 के तहत लाभ मिला है। अब यूपी में प्रधानमंत्री आवास योजना-2 की शुरूआत हो गई है। उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के लिए बजट जारी कर दिया गया है। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। इस बार प्रधानमंत्री आवास योजना में 9 लाख रुपये प्रति साल कमाने वाले लोगों को भी शामिल किया जाएगा। इसका मतलब जिनकी आय सालाना 9 लाख रुपये है और उनके पास खुद का आवास नहीं है तो वह पीएम आवास योजना के पात्र हो सकते हैं। इस बार योजना से 15 से 20 लाख लोगों को फायदा होने वाला है। इसमें विकास प्राधिकरणों द्वारा ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी मकान बनवाकर दिए जाएंगे।

## सतीश निर्विरोध अध्यक्ष धानुक महामंत्री निर्वाचित

लखनऊ। जवाहर ड्डावन इंदिरा ड्डावन कर्मचारी महासंघ का चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम घोषित होने के बाद 13वीं बार सतीश कुमार पांडेय अध्यक्ष और रामकुमार धानुक दूसरी बार महामंत्री पद पर विजयी घोषित हुए। पदाधिकारियों ने दोनों ड्डावनों के कर्मचारियों का आड्डार जताते हुए उनके हित में लगातार काम करते रहने का ऐलान किया। महासंघ के बहुप्रतीक्षित चुनाव का परिणाम शुक्रवार तड़के घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी डीके मिश्रा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सतीश कुमार पांडेय निर्विरोध रूप से निर्वाचित किए गए। महामंत्री पद पर राम कुमार धानुक को कुल 1218 वोट मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी सुशील कुमार बच्चा को 589 मत से करारी शिकस्त दी। उपाध्यक्ष महिला पद पर दिव्या रानी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।

# क्रोमा ने शुरू की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा

लखनऊ। क्रोमा ने उपभोक्ताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू की है। कंपनी के सीईओ शिबाशीष रॉय ने कहा, 28 शहरों में उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू की गई है। नजदीकी क्रोमा स्टोर और टाटा नेउ ऐप पर शाम 6 बजे से पहले किए गए ऑर्डर की डिलीवरी उसी दिन करने की सुविधा दी जा रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# थाने के बाहर वकीलों का हंगामा, सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली के बाहर वकीलों ने जमकर हंगामा किया। सभी थाने के बाहर सड़क पर बैठे गए। जमकर नारेबाजी की। इनका आरोप है कि एक सिपाही द्वारा बदसलूकी की गई। सभी वकील इसी बात से नाराज थे। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी सिपाही को लाइन हाजिर नहीं किया गया, तो आगे की कार्रवाई का निर्णय लेंगे। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसीपी कैंट मौके पर पहुंचे। वे वकीलों से बातचीत कर मामला शांत कराया। लखनऊ के आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों में मामूली कहासुनी होने के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद एक पक्ष को पैरवी करने पहुंचे वकील का आरोप था कि थाने में मौजूद दरोगा और सिपाही ने उससे अभद्रता की वकील के साथ अभद्रता की जानकारी मिलते ही लखनऊ बार एसोसिएशन के जूनियर उपाध्यक्ष अजय यादव टीम के साथ पहुंच गए। बात न बनने पर थाने के बाहर सड़क पर बैठ कर जमकर नारेबाजी की।

**बीएससी के छात्र पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज:** गुडंबा थाना क्षेत्र में एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बी एस सी के छात्र पर विश्व विद्यालय के छात्रों ने लाठी डंडो से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित बेसुध होकर गिर पड़ा। सहयोगी छात्रों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर गुडंबा पुलिस ने चार नामजद युवकों व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मिया बाजार दक्षिण, गोरखपुर के रहने वाले मोहमद जिआद मिर्जा कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल विश्वविद्यालय में बी एस सी तृतीय वर्ष के छात्र हैं। मोहम्मद जिआद ने बताया कि 17 फरवरी को शाम छह बजे विश्व विद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अहमद वासिक सिद्दीकी और बीबीए तृतीय वर्ष के छात्र तारिक कमाल बेग ने साजिश के तहत उसे फोन करके बुलाया। बुलावे पर वह दसौली मोड़ स्थित ढाबे पर पहुंचा ही था, कि वहां पर पहले से लाठी डंडों के साथ घात लगाए बैठे अब्दुल हफीज अंसारी, अमूल्य राजपूत और अन्य अज्ञात ने उसपर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी छात्र मनबढ़ हैं और बराबर उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**महिला ने युवक पर लगाया गाली गलौज का आरोप:** नगराम के करोरा गांव निवासी महिला द्वारा गांव के युवक पर गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगराम थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करोरा गांव निवासी सरवन कुमार की पत्नी ममता द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार करोरा बाजार में वह मूंगफली बेचने की दुकान लगा कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। जहां वह दुकान लगाती है उसकी के सामने कल्लू की दुकान है। कल्लू अपनी दुकान के सामने उसकी दुकान नहीं लगाने देते है। गुरुवार देर शाम कल्लू उसे गंदी गंदी गालियां दे रहे थे विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता महिला द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक कल्लू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## नलकूप का ताला तोड़कर पाइप चोरी

लखनऊ। थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रही है। कहीं भैंस चोरी तो कहीं केबिल चोरी और गुरुवार रात में अज्ञात चोरों ने निजी नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर अंदर रखी डिलीवरी पाइप के अस्सी किलो बंडल चोरी कर चम्पत हो गये। घटना की जानकारी शुक्रवार सबेरे तब हुई जब चौकीदार प्रातः ट्यूबेल देखने पहुंचा। चौकीदार ने घटना की जानकारी जब मालिक माल कस्बा के आजाद नगर मोहल्ला निवासी रोहित गुप्ता को दी। रोहित गुप्ता ने चोरों का पता लगाने का प्रयास किया किया लेकिन असफल रहे उन्होंने माल थाने पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस से न्याय की मांग की है। पुलिस ने चोरी का जल्दी खुलासा करने का आश्वासन दिया है। दो दिन पूर्व ही कड़ौरा गांव निवासी राजकिशोर मौर्य की भैंस उनके हाते से अज्ञात चोर चोरी कर चुके हैं। राजकिशोर ने बताया कि एक साल पूर्व भी मेरी भैंस इसी हाते से चोरी जा चुकी है। क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## दरोगा और सिपाही का बीच सड़क पर हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुद्धेश्वर में शुक्रवार को ट्रैफिक सिग्नल पर कार बढ़ाने को लेकर एक दरोगा और सिपाही में कहासुनी हो गई। इसके कुछ देर बाद वर्दी पहनकर लौटे इंस्पेक्टर और पत्नी के साथ सिपाही का जमकर विवाद हुआ।

दरोगा और सिपाही का विवाद देख मौके पर भीड़ जुट गई। इंस्पेक्टर ने ट्रैफिक दीवान पर मारपीट का आरोप और अभद्रता का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डीसीपी पश्चिमी ने पूरे मामले के जांच के निर्देश दिए हैं।

पारा इंस्पेक्टर ने बताया कि मूलरूप से आजमगढ़ निवासी 2001 बैच के इंस्पेक्टर रमेश कुमार भारती डीजी हेड क्वाटर में शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात हैं। सलेमपुर पतौरा में परिवार के साथ रहने वाले इंस्पेक्टर शुक्रवार सुबह कार से निकले थे। बुद्धेश्वर चौराहे पर सिग्नल के पास गाड़ी रुकते ही एक सिपाही ने बोनट पर हाथ मार दिया। विरोध पर दोनों में बहस शुरू हो गई। दरोगा का आरोप है कि उन्होंने सिपाही को बताया कि पुलिस विभाग में हैं, उसके बाद भी उसने अभद्रता की। जब पत्नी के साथ पहुंचा तब भी अभद्रता की और मारपीट की। ट्रैफिक दीवान अजीत राम ने कहा- बुद्धेश्वर चौराहे पर ड्यूटी पर लगा था। गाड़ी ट्रैफिक सिग्नल के आगे रुकने पर टोंका तो दरोगा ने विवाद शुरू कर दिया। लोगों के बीच-बचाव करने पर लौट गए और फिर पत्नी के साथ आकर विवाद शुरू कर दिया। जिसका कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पारा इंस्पेक्टर के मुताबिक घटना को लेकर दोनों पक्षों से बातचीत की गई है। वायरल वीडियो और विवाद के विषय में संबंधित अधिकारियों को सूचना दे दी गई। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी के अपहरण से हड़कंप पुलिस जांच में जुटी




**लखनऊ।** नर्सिंग की छात्रा का रास्ते से अपहरण काकोरी के पलेंहदा निवासी कैलाश पुत्र स्व लल्लू की बेटी गुड़िया भारती (17), दुबग्गा स्थित एस एच एम इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंस कॉलेज की छात्रा है। 26 फरवरी को युवती के पिता द्वारा दी गई तहरीर में गाँव के ही सुरेन्द्र पुत्र राजेश पर 18 फरवरी के दिन कॉलेज गई बेटी को रास्ते से ही अपहरण कर घर पर छुपाने का आरोप लगाया है। प्राप्त सुचना के आधार पर छात्रा के पिता से सुरेन्द्र पुत्र राजेश के साथ ही उसके पिता राजेश पुत्र लक्ष्मन कौशल, करीना व करिश्मा पुत्री राजेश संग गंगाजली पत्नी राजेश ने बेटी के बारे में पूंछे जाने पर लाठी डंडे लेकर गाली गलौज की। काकोरी पुलिस द्वारा अपहरण समेत अन्य सुसंगत धाराओं में एफ आई आर दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। सत्येंद्र प्रताप सिंह को मामले का आई ओ बनाया गया है।

## पति पर लगाया मारपीट व दूसरी शादी का आरोप, अप्राकृतिक दुष्कर्म का केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र की रहने वाली महिला ने एक युवक पर शारीरिक शोषण करने व झूठ बोलकर दूसरी शादी करने की शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़िता के अनुसार वर्ष 2018 में वह एक बेकरी में बतौर मैनेजर काम करती थी। जहां आने वाले ग्राहक राहुल मिश्रा से उसकी मुलाकात हुई। पीड़िता का आरोप है कि राहुल ने उसे अपना फोन नम्बर देते हुए बताया कि मैं 405 शिवा इम्पीरियर पान दरिबा चारबाग में रहता हूँ और श्याम बहार ट्रेडर्स का मालिक हूँ आप मेरी फर्म में काम करो मैं तुम्हे यहां से दोगुनी सैलरी दूँगा। इसी बीच एक दिन पीड़िता की बेकरी मालिक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई तो उसने वहां से नौकरी छोंड़ दी। तब राहुल ने उससे कहा कि मैं तुम्हे 20 हजार रुपए सैलरी प्रतिमाह दूंगा। मेरा आफिस ट्रासपोर्ट नगर में है कल आना तुमको चलके दिखा देंगे। पीड़िता का आरोप है कि वह 01 सितंबर2018 को राहुल के फ्लैट पर गई तो वह अपनी कार में बैठाकर ट्रासपोर्ट नगर की तरफ चले और कुछ दूर चलने के बाद एक दुकान से दो कोल्ड्रिक की बोतल ली जिसमें से एक खुद पीने लगे और दूसरी पीड़िता को दे दी। पीड़िता ने जब कोल्ड्रिक पी ली तो उसे नशा चढ़ने लगा व नींद आने लगीं। तब आरोपित गाड़ी मोड़ कर वापस फ्लैट पर ले गया और पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जब पीड़िता होश में आई तो उसने विरोध किया तब आरोपित ने उसे धमकी दी कि अगर तुमने पुलिस में मेरी शिकायत की तो मैने तुम्हारी जो विडियो और फोटो बनाई है उसको पब्लिक में वायरल कर दूंगा। जिससे पीड़िता ने कहीं शिकायत नही की उसके आरोपित अक्सर उसको बुलाकर उसका यौन शोषण करता रहा। इसी बीच बहुत परेशान होने पर पीड़िता ने आरोपित से कहा कि मैं आत्महत्या कर लूंगी। तब आरोपित ने कहा कि मेरी शादी नही हुई है मैं तुमसे शादी कर लूंगा और अपने घरवालों से छुपाकर 21फरवरी 2020 को पीड़िता के घर आकर उसके परिजनों के सामने इनगेजमेन्ट कर ली। उसके बाद 11 दिसम्बर 2020 को पीड़िता को रायबरेली जिले के शिवगढ़ में स्थित एक मन्दिर पर विवाह कर लिया। लेकिन विवाह करने के बाद आरोपित पीड़िता को बुरी तरह से मारने पीटने व आप्राकृतिक दुष्कर्म करने लगा लेकिन पीड़िता सब सहती रही। 01फरवरी2024 को पीड़िता को पता चला कि राहुल मिश्रा कि पहली पत्नी है जो कुण्डरी रकाबगंज में रहती उनसे उनके दो बच्चे है जब मैने उनसे पूछा कि आपने मेरी जिन्दगी क्यो बर्बाद की तो राहुल मिश्रा ने उसे बहुत मारा और मुंह पर तकिया रखकर जान से मारने की कोशिश की लेकिन पीड़िता किसी तरह से छुड़ाकर घर से बाहर रोड पर आकर अपनी जान बचाई। पीड़िता का आरोप है कि 20 जनवरी 2025 को फिर आरोपित ने उसे मारा पीटा व सादे कागजो पर हस्ताक्षर करा लिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अन्जनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

**ऑनलाइन फर्नीचर बेचने के नाम पर ठगी पचास हजार की ठगी:** तेलीबाग स्थित गांधी नगर में एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित बख्तियार अहमद सिद्दीकी ने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 27 फरवरी की है। पीड़ित को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को उप्फ्छत्रक्का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उसका लखनऊ से ट्रांसफर हो गया है। इसलिए वह अपना घरेलू सामान बेचना चाहता है।

**General Notice**

Notice is hereby given to all Preference Shareholders of Malook Chand Textile Mill Ltd to Claim redemption of their Preference shares by 10th March 2025 at the registered office of company.

By order Managing Director
Malook Chand Textile Mill Ltd.

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र नसीर खॉ व पुत्रवधू श्रीमती सीमा को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **मुसीर खॉ पुत्र जहूर खॉ नि.- मो. बेगमबाग शहर लखीमपुर थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी।**

**न्यायालय सूचना**

**एफ.सी.जे. फार्म नं. 13 भाग, 1**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी**
**लखीमपुर जिला खीरी**
**ग्राम बड़ागांव पर. श्रीनगर**
**वाद सं.- 261 सन 2021**
**धारा-24(1) उ.प्र.रा.सं. 2006**
**ता.पेशी- 22.03.2025**

साबित अली ..........वादी

**बनाम**

राम सनेही आदि
1. सईदुन निशां पत्नी हैदर अली
2. अखतर अली पुत्र मुबारक अली
3. हसमत अली पुत्र हैदर अली
4. अफसर जहां पत्नी किशवर अली
5. मुन्नी पत्नी अशरफ अली
6. इसरत अली पुत्र मुबारक अली

समस्त निवासीगण - ग्राम मनकौड़ा मजरा बड़ागांव, पर श्रीनगर, तह लखीमपुर जिला खीरी।

........प्रतिवादी

चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिए 22.03.2025 को पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 28.02.2025 को निकाली गयी।

**न्यायालय**

## बेकाबू कार ने बाइक सवार भाइयों को मारी टक्कर

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार ईको ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इस हादसे में दो सगे भाई घायल हो गए है। घटना की सूचना राहगीरों में पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से उनको अस्पताल पहुंचाया। थाना बंथरा के गोडवा गांव निवासी बाल कृष्ण पटेल उम्र करीब 34 वर्ष और उनका छोटा भाई चंद्र कुमार उम्र करीब 29 वर्ष अपनी बाइक से रसूलपुर से अपने गांव लौट रहे थे। तभी इसी दौरान बनी मोहान रोड पर लतीफ नगर चौराहे के पास हरौनी की ओर से आ रही ईको ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाल कृष्ण का दाहिना पैर घुटने से नीचे टूट गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पास के सरोजनी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहा पर स्थित नाजुक होने के चलते वहां से चिकित्सकों ने उन्हें लोक बंधु अस्पताल भेज दिया।

## यूपीएसआईएफएस में ट्रेनर्स आफ ट्रेनिज के 9 वें बैच का प्रशिक्षण संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में लगातार चल रहे ह्यह्यट्रेनर्स ऑफ ट्रेनिज के 9 वें बैच का प्रशिक्षण आज पूर्ण हुआ। यूपीएसआईएफएस द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र का समापन सत्र के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक डॉ0 संजय एम तरडे थे। प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 37 निरीक्षक/उपनिरीक्षकों ने प्रतिभाग किया था। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने मुख्य अतिथि डॉ संजय एम्-तरडे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक टेलीकाम डॉ संजय एम् तरडे ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने के लिए उम्र की सीमा नहीं होती है, आप सभी के लिए यह एक विशेष मौका था, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रशिक्षण के दौरान तीन प्रकार की चीजे महत्वपूर्ण होती हैं जिन्हें हम ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के रूप में समझते है। ज्ञान और कौशल तो कोई संस्थान दे सकता है लेकिन दृष्टिकोण आपका अपना निजी होगा। ज्ञान और कौशल का अपडेशन हो सकता है लेकिन दृष्टिकोण आपका व्यक्तिगत ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद इस ज्ञान को रिवीजन की भी आवश्यकता होगी अन्यथा भूलने के चांस ज्यादा होगें। डॉ0 तरडे ने कहा कि जिस गहरे अनुभवों के साथ संस्थान ने प्रशिक्षण का विषय बनाया है वह वास्तव में सराहनीय है जो हमारी नवीन उपयोगिता के दृष्टिगत डिजायन किया है। आज पुलिस में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो इस कोर्स में पूर्ण रूप से झलकता है। उन्होंने वैज्ञानिक पुलिसिंग का उदाहरण भी कुम्भ के आंकड़ों के दृष्टिगत दिया। संस्थान के अपर पुलिस महानिदेशक /संस्थापक निदेशक डॉ जी.के.गोस्वामी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा अभी यह प्रारंभ है, धीरे धीरे करके हमें सभी को प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि आज अपराधी सड़को पर अपराध कम करता है क्योंकि उसे सड़क पर पकड़े जाने का ज्यादा जोखिम है। इसलिये आज अपराधी साइबर अपराधों में संलिप्त हो रहा है।

## जमीन कब्जाने पर दो पक्षों में मार-पीट

लखनऊ। नगराम के करोरवा गांव में शुक्रवार सुबह खाली पड़ी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की तरफ महिलाओं द्वारा एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगराम के करोरवा गांव निवासी राम चंदर की पत्नी अनीता द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार घर के बगल जमीन है जिस पर वह काबिज हैं शुक्रवार सुबह पड़ोसी भगौती के लड़के बहादुर गनेश व रमेश उसकी जमीन पर खूंटा गाड़कर गाड़ रहे थे विरोध करने पर सबने मिलकर गंदी गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूसों से पिटाई कर दिया बचाने आई उसकी लड़की मोनालिका व लड़के राहुल को भी मारा पीटा। मारपीट से उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के राम बहादुर की पत्नी विमलेश कुमारी का आरोप है कि शुक्रवार सुबह पड़ोसी राम चंद्र अपने लड़के राहुल लड़की मोनालिका व लड़के राहुल के साथ मिलकर उसके हिस्से की जमीन पर ईंटें फेंक रहे थे। जिसका विरोध करने पर सभी लोगों ने गंदी गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूसों से पिटाई कर दिया। बचाने आए उसके देवर को भी मारा पीटा। मार-पीट के दौरान राहुल ने दांत से काट लिया तथा उसके गले का माला कहीं गिर गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से महिलाओं द्वारा दी गई तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों व जंगल में लगी आग

लखनऊ। बंथरा इलाके के उम्मेद खेड़ा स्थित जंगल में आग लग गई। आग लगने से स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्नि शमन अधिकारी सरोजनी नगर को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अग्नि शमन की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना बंथरा के उम्मेद खेड़ा गांव स्थित जंगल व झाड़ियों में आग लग गई। आग लगने से घटना की सूचना मुख्य अग्नि शमन अधिकारी के निर्देश पर एफ एस सरोजनी नगर यूनिट इंचार्ज एक फायर टेंडर 5725 मय यूनिट के तत्काल घटना स्थल पहुंचे और देखा की आग जंगल व झाड़ियों में लगी हुई है। झाड़ियों में अंदर जाने का रास्ता नहीं था। यूनिट तत्काल अग्नि शमन कार्य करते हुए आग को पीट पीट कर बुझाया। बावजूद इसके भी फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई। इसके अलावा दूसरी ओर भी आग लग गई। फायर स्टेशन सरोजनी नगर कंट्री रूम के कालर सुमित कुमार द्वारा बताया गया की रेलवे ट्रैक के किनारे जय पुरिया स्कूल अमौसी के पास आग लग गई है। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मुख्य अग्नि शमन अधिकारी लखनऊ के निर्देश पर एफ एस सरोजनी नगर के यूनिट इंचार्ज गाड़ी संख्या 8717 मय यूनिट सहित तत्काल घटना स्थल पहुंचे।

## दुनिया ने युद्ध दिया, भारत ने बुद्ध दिया : जयवीर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दुनिया ने युद्ध दिया, लेकिन भारत ने बुद्ध। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के 41वें स्थापना दिवस पर आयोजित बौद्ध धम्म सम्मेलन में संस्कृति मंत्री ने भगवान बुद्ध के करुणा, मैत्री एवं क्षमा के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि बौद्ध शोध संस्थान द्वारा इस संदेश को विश्व भर में फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तक सार्वभौमिक बुद्ध एवं 51 जातक कथाएं का विमोचन भी किया। इस मौके पर भगवान बुद्ध की वंदना और परित्राण पाठ भी किया गया।

मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन जयवीर सिंह ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ की दिव्यता एवं भव्यता का उल्लेख करते हुए कहा कि 70 देशों के श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है और बौद्ध भिक्षुओं ने वहां पर समाजसेवा का कार्य भी किया। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत का सपना 2047 तक तब पूरा होगा जब बच्चे क्षमतावान एवं चरित्रवान बनें। प्रत्येक व्यक्ति में यह भावना होनी चाहिए कि राष्ट्र ही सर्वोपरि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोबिन्द बौद्ध ने की। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में पहली बार 25 दिन कैंप लगाकर बौद्ध धर्म से संबंधित एक लाख पुस्तकें वितरित की गईं। वर्ष भर में 41 कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। अतिविशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य, डॉ. महेन्द्र सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान बाबूराम आचार्य, विपश्यना ध्यान केन्द्र, श्रावस्ती के द्वारा विपश्यना ध्यान भी कराया गया। सामाजिक एकता एवं समरसता में बौद्ध धर्म के योगदान विषय पर निबंध एवं सनातन संस्कृति एवं बौद्ध धर्म विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री वर्द्धमान इंटर कॉलेज की कक्षा-8 की छात्रा आकृति सिंह ने प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री वर्द्धमान इंटर कॉलेज, इंदिरा नगर की कक्षा -9 की छात्रा गार्गी ने प्राप्त किया। चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में करीब 250 बच्चों ने भाग लिया। विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही खुशी फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जहां बौद्ध भिक्षुओं व आगंतकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। अंत में अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में बौद्ध भिक्षु सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए।

## नवयुग में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक स्व-रचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दैनिक जीवन में विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के महत्व को दशार्ती अपनी मौलिक कविताओं का पाठ किया।

विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अद्भुत प्रदर्शन किया। उनकी कविताओं ने विज्ञान के विविध पहलुओं को सरल और मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे श्रोताओं को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया गया। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने अपने वक्तव्य में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमें नई खोजों और आविष्कारों के माध्यम से प्रगति के पथ पर ले जाता है। हमें अपने छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रतियोगिता के लिए 5100 रुपये पुरस्कार राशि संदीप कुमार शिवहरे, रजिस्ट्रार बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज, लखनऊ द्वारा प्रदान की गई थी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

**पत्रांकः- 66/टी.सी.-04/2024-25** **दिनांक-28.02.2025**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में 15वां वित्त आयोग (टाइड ग्रांट) परियोजना 01 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 01.03.2025 समय पूर्वान्ह 11 बजे से | दिनांक 07.03.2025 समय अपरान्ह 05 बजे तक | दिनांक 08.03.2025 समय पूर्वान्ह 11 बजे तक |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

**(वैभव त्रिपाठी)**
**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1,**
**नगर पालिका परिषद, सीतापुर**

# मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे जूनियर महमूद के साथ काम करने का मौका मिला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मिशन चैप्टर 1 में नजर आ चुकी अनन्या तिवारी अब रुसलान मुमताज, हेमंत चौधरी, बृजेंद्र काला और गुरप्रीत कौर चड्ढा के साथ सरकारी बच्चा में मुख्य भूमिका निभा रही। यह फिल्म 28 फरवरी को रिलीज होने वाली है। इस सिलसिले में अनन्या अपनी इस बहुचर्चित आगामी फिल्म के बारे में बात करते हुए काफी उत्साहित दिखीं।

**आउटसाइडर होने के नाते आपको किस तरह के ऑडिशन से गुजरना पड़ा?**

इस फिल्म के लिए ऑडिशन काफी समय तक चल रहा था क्योंकि उन्हें एक मासूम, देसी लड़की की तलाश थी, जो चुलबुली और ज़िन्दगी से भरपूर हो। जब मुझे यह भूमिका मिली, तो मुझे इससे गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। मैंने कई ऑडिशन और लुक टेस्ट में अपना बेस्ट देने की कोशिश की और जब मुझे यह भूमिका मिली, तो ऐसा लगा जैसे सपना सच हो गया हो। सालों के संघर्ष के बाद जैसे एक मान्यता मिली मुझे। वह आगे कहती हैं, मेरा किरदार एक प्यारी, खुशमिजाज छोटे शहर की लड़की का है जो अपने परिवार, खासकर अपने पिता से बहुत प्यार करती है, लेकिन उनसे डरती भी है। वह एक लड़के से प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती है, लेकिन उसके पिता के मर्जी कारण उनकी शादी हो भी सकती है और नहीं भी। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा स्टोरीलाइन के जरिए विभिन्न सामाजिक मुद्दों को भी दर्शाती है।

**क्या आप बृजेंद्र काला के साथ किसी ऐसे खास सीन के बारे में बता सकती हैं?**

बृजेंद्र सर इतने सपोर्टिव एक्टर हैं कि आपको पता ही नहीं चलता कि उनके साथ सीन कब पूरा हो गया, उनके साथ काम करते हुए मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला. और सामान्य बातचीत में भी वे लोगों को हंसा सकते हैं। अगर आप उनके साथ बैठेंगे, तो हर बात में आपको हंसी आएगी। बिजेंद्र सर ऐसे कॉमेडी एक्टर हैं, जो सामान्य बातचीत में भी आपको हंसा सकते हैं, मुझे लगता है कि यह भगवान का दिया हुआ गुण है कि वे स्वाभाविक रूप से किसी को भी हंसा सकते हैं. वे इतने वरिष्ठ और अनुभवी एक्टर हैं और उनके साथ काम करना वाकई बहुत मजेदार रहा। वे बेहद सपोर्टिव भी हैं, जिससे उनके साथ सीन करना बहुत आसान हो जाता है. उनका सभी के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और मुझे ऑन और ऑफ स्क्रीन दोनों जगह उनके साथ बैठना बहुत अच्छा लगा।

**आपको क्या विशेष सलाह या सीख दिया जिसे आप अपने करियर में आगे ले जायेंगी?**

जूनियर महमूद सर के बारे में मैं एक बात खास तौर पर कहना चाहती हूँ कि यह उनकी आखिरी फिल्म थी और मैं उनके साथ काम करने और उनसे बहुत कुछ सीखने के मौके के लिए दिल से वाकई आभारी हूँ। वह एक महान अभिनेता थे, मैंने उनके जैसा कोई नहीं देखा, उनके व्यक्तित्व की आभा, उनकी सकारात्मकता, उनका विनम्र स्वभाव और हर परिस्थिति में मुस्कुराने की उनकी क्षमता ने मुझे सिखाया कि एक सच्चा कलाकार कैसा होना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने अपने किरदारों को निभाया, ऐसा लगा जैसे वह वाकई उस पल को जी रहे थे। इतने महान अभिनेता की जितनी भी तारीफ की जाए कम है. मैं खुशकिस्मत हूँ कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला। मैंने उनसे सीखा कि एक अभिनेता कैसा होना चाहिए यानी बहुत विनम्र, और पॉज़िटिव। शूटिंग के बाद उनके साथ बैठना, उनकी फिल्मी अनुभवों को सुनना और उनसे सीखना वाकई खास था।

**'सरकारी बच्चा' में विभिन्न सामाजिक मुद्दों को दशार्या गया है, तो आपको कौन सा मुद्दा सबसे ज्यादा पसंद आया?**

फि ल्म में दिखाए गए सभी मुद्दे आज के हालात में मुझे महत्वपूर्ण लगते हैं। चाहे वो सरकारी नौकरी का दबाव हो, दहेज का या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का। आज भी समाज में लड़कियों की इतनी कमी है, जिसकी एक वजह यह भी है कि लड़कों को शादी के लिए लड़कियाँ नहीं मिल पाती हैं। बेरोजगारी इतनी ज्यादा है कि यहाँ लोगों को नौकरी नहीं मिलती और सरकारी नौकरी मिलना और भी मुश्किल है. अगर कोई लड़का सरकारी नौकरी में है, तो उसे नीलाम कर दिया जाता है और बहुत ज्यादा दहेज माँगा जाता है। इस फि ल्म में इन सभी सामाजिक मुद्दों को बहुत अच्छे से दिखाया गया है. इसके अलावा आपको और भी बहुत सी अच्छी चीजें देखने को मिलेंगी, जो आपको फि ल्म देखने के बाद ही समझ में आएंगी।

**फि ल्म इंडस्ट्री में एक आउटसाइडर के रूप में आपके अनुभव ने इस भूमिका के प्रति आपके दृष्टिकोण को कैसे आकार दिया?**

एक बाहरी व्यक्ति के लिए, इस लेवल तक पहुँचना सच कहूं तो आसान नहीं है। इसमें बहुत मेहनत और लगन लगती है. कई बार तो ऐसा लगता है कि हार मान लेनी चाहिए. मैंने भी कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, कई बार टूटन का सामना किया है और अक्सर सोचती थी कि क्या ऐसा कभी हो पाएगा. ।लेकिन मेरे दिमाग में हमेशा एक बात साफ थी- मुझे यह करना ही करना है और यह जरूर है। मैं हर उभरते हुए एक्टर से यही कहना चाहती हूं, कि उम्मीद मत खोना. अगर कभी आप निराश महसूस करते हैं, तो फिर से शुरूआत करें। एक दिन आप अपनी मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे। बस कोशिश करते रहें और सकारात्मक रहें।

# नृत्य नाटिका में दिखी गंगा अवतरण की कहानी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सेन्ट्रल नोडल एजेंसी, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नईदिल्ली के सहयोग से नृत्य डांस एकेदमी द्वारा एक दिवस का गंगा अवतरण (नृत्य नाटिका) की प्रस्तुति का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिरकत मुख्य अतिथि डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव (प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ), विशिष्ट अतिथि डॉ आरती नाटू, (प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना), मंच संचालक रूचि पुरी तथा उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन किया। संस्था की अध्यक्ष रीना श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि यह संस्था स्वयंसेवी संगठन है जो भारतीय लोक कला संस्कृति परम्पराओं तथा तीज त्योहारों के संरक्षण संवर्धन एवं विकास हेतु समर्पित है। जो विगत कई वर्षों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोक संस्कृति के संरक्षण हेतु कार्य कर रही है। आज के कार्यक्रम का नृत्य निर्देशन रीना श्रीवास्तव द्वारा एवं सह निर्देशन शैलेन्द्र सिंह व अर्पणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणपति वन्दना के साथ गंगा अवतरण की प्रस्तुति से हुई। गंगा अवतरण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति में मंच से विभिन्न संस्कृति मनमोहक प्रस्तुतियाँ की गयी जिनके कलाकार शैलेन्द्र सिंह, तमन्ना सिंह, ज्योति सिंह, आरती, खुशी सिंह, एश्वर्या, पूजा, पावनी, अनिका, पोरव, शताक्षी सिंह, किंजल श्रीवास्तव, इरा पाण्डेय, स्तुति ठाकुर, वैष्णवी श्रीवास्तव, गार्गी सिंह, आर्यमान झा, स्तुति सिंह, रिद्धिमा श्रीवास्तव, आरोही भदौरिया, इरा मिश्रा आदि ने प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# लखनऊ में नहीं दिखा रमजान का चांद, कल होगा पहला रोजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में आज रमजान का चांद नजर नहीं आया। ऐसे में रविवार से रोजे रखे जायेंगे। मुसलमानों के सबसे पवित्र महीने रमजान का आगाज हो रविवार से होगा। शुक्रवार देर शाम शिया-सुन्नी चांद कमेटियों ने चांद देखने की कोशिश की। मगर चांद का दिदार नहीं हुआ। लखनऊ के इस्लामिक सेंटर ऐशबाग ईदगाह से मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि आज शुक्रवार को रमजान का चांद नहीं दिखा इस लिए रमजान का पहला रोजा रविवार को रखा जायेगा। रमजान इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना है, जो शाबान के बाद आता है। यह इस्लाम धर्म के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। इस पवित्र महीने के दौरान, मुसलमान 29-30 दिनों तक रोजा रखते हैं। रमजान के दौरान रोजा रखना जरूरी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान सूर्योदय से सूर्यास्त तक कुछ भी खाया-पीया नहीं जाता है। साथ ही तामसिक चीजों से दूरी रखी जाती है। यह पवित्र अवधि कुरान पढ़ने, नमाज अदा करने और अच्छे कर्म करने पर जोर देती है।

भारत में, इस साल रमजान की शुरूआत 2 मार्च 2025, रविवार के दिन से होगी। इस महीने का आखिरी दिन यानी ईद-उल-फितर नए चांद के दिखने पर निर्धारित करता है, इसलिए इस महीने के 30 या 31 मार्च की शाम तक जारी रहने की उम्मीद है। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि चांद नजर आने पर मस्जिदों में तरावीह का दौर शुरू हो जाएगा, उन्होंने कहा कि जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में महिलाओं के लिए तरावीह को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं. रमजान अल्लाह की इबादत का महीना है। इसमें सभी को अल्लाह की इबादत करनी चाहिए और रोजा रखने चाहिए।

**इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है रमजान:** रमजान का महीना सभी मुसलमानों के लिए बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। रमजान को रमदान भी कहते हैं। रमजान इस्लामी कैलेण्डर का नवां महीना है। रमजान के महीने में लोग रोजे व्रत रखने, रात में तरावीह की नमाज पढ़ना और कुरान तिलावत करना शामिल है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ नहीं खाते पीते हैं। इसके साथ में महीने भर इबादत करते हैं।

**क्यों खास है रमजान का महीना:** रमजान का उपवास यानी रोजा ईद-उल-फितर के साथ खत्म होता है, यानी जिस दिन उपवास तोड़ा जाता है। ईद-उल-फितर नए चांद के दिखने पर निर्धारित करता है। यह वह महीना है जब दुनिया भर के मुसलमान सूरज उगने से लेकर सूरज ढलने तक रोजा रखते हैं। इस दौरान सूरज उगने से पहले कुछ खा लिया जाता है, जिसे सहरी के नाम से जाना जाता है। पूरे दिन कुछ खाया पिया नहीं जाता, फिर सूरज ढलने के बाद रोजा खोला जाता है, जिसे इफ्तारी कहा जाता है। इसी के साथ रमजान के पाक महीने में ज्यादा-से-ज्यादा समय अल्लाह की इबादत में गुजारा जाता है। ईद-उल-फितर के दिन आखिरी रोजा रखा जाता है, जिसे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह ईद शव्वाल महीने की पहली तारीख को मनाई जाती है।

**करें ये काम:** इस्लाम धर्म में दान को बड़ी अहमियत दी गई है, खासकर रमजान के महीने में, इसलिए हर व्यक्ति को अपनी हैसियत के मुताबिक इस महीने में दान जरूर करना चाहिए। साथ ही दिन में पांच बार नमाज भी जरूर पढ़नी चाहिए। इसी के साथ रमजान में नमाज के बाद जकात को ही सबसे अहम माना गया है। माना जाता है कि इन सभी बातों का ध्यान रखने से अल्लाह खुश होते हैं और बरकत बनाए रखते हैं।

**रमजान का महत्व:** इस्लाम में रमजान को एक पवित्र महीना माना जाता है, जो ईश्वरीय दया और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, इसी पवित्र महीने के दौरान पैगंबर मुहम्मद को अल्लाह से कुरान की आयतें मिली थीं। यह महीना आध्यात्मिकता, अनुशासन और एकता को बढ़ावा देता है। माना जाता है कि रमजान के दौरान रोजे रखने से व्यक्ति का शरीर और आत्मा दोनों ही शुद्ध होते हैं। इसके साथ ही अल्लाह जीवन में बरकत प्रदान करते हैं। ऐसे में इस दौरान ज्यादा से ज्यादा नमाज अदा करें और अच्छे कार्य में शामिल हों।

## रमजान को लेकर सजने लगे बाजार, खरीदारी शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रमजान को लेकर पुराने लखनऊ शहर के अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, कश्मीरी मोहल्ला, नक्खास, मौलवीगंज, वजीरगंज, गोलागंज जैसे इलाकों में देर शाम तक बाजार गुलजार हो रहे हैं। खासकर अकबरी गेट पर लोग काफी दूर-दूर से रात में आकर कुल्चे-नहारी, बिरयानी, कश्मीरी चाय का मजा लेने पहुंच रहे हैं। रमजान को देखते हुए पुराने लखनऊ के बाजारों में कारीगरों ने सेवई के लच्छे तैयार करना शुरू कर दिए हैं। रोजेदार सहरी में दूध-लच्छे खाना अधिक पसंद करते हैं। पुराने शहर के खदरा, हुसैनाबाद, अकबरी गेट, नक्खास, मौलवीगंज, काजमैन और कश्मीरी मोहल्ला आदि इलाके के बाजारों में लच्छे की दुकानें सज गई हैं।

रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से अपना इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए बड़े चमचमाते काले कलमी खजूर आ गए हैं। 120 से लेकर 2000 रुपए प्रति किलो तक बिक रहे हैं। ईरानी 125, कीमिया 300, रब्बी 320, फर्द 380, अम्बर 520, कूबा 1100, अजवा दो से तीन हजार रुपये और चटाई खजूर 100 रुपये किलो है।

लच्छे भी तैयार किये जा रहे हैं। रोजेदार सहरी में दूध. लच्छे खाते हैं। पुराने शहर के खदरा, हुसैनाबाद, अकबरी गेट, नखास, मौलवीगंज, दरगाह, पुल गुलाम हुसैन, नूरबाड़ी, काजमैन हैदरगंज, बजाजा टुरियागंज और कश्मीरी मोहल्ला इलाके के बाजारों में लच्छे की दुकानें सज गई है। दुकानदार 150 से 220 रुपये किलो लच्छे बेच रहे हैं।

# श्रीकृष्ण और राधा रानी को समर्पित फुलेरा दूज आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में फुलेरा दूज का विशेष महत्व है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को समर्पित है और इसे ब्रज में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन फूलों की होली खेली जाती है, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और आनंद की लहर दौड़ जाती है। पंचांग के अनुसार, फुलेरा दूज का पर्व फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि आरंभः 1 मार्च, शनिवार, तड़के 03:16 मिनट से फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि समाप्तः 2 मार्च, रविवार, रात्रि 12: 09 मिनट पर, उदया तिथि के हिसाब से इस साल फुलेरा दूज का पर्व 01 मार्च 2025 को मनाया जाएगा।

**फुलेरा दूज का शुभ मुहूर्तः** अमृत काल प्रातः 04:40 से 06:06 बजे, ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 05:07 से 05:56 बजे तक।

**फुलेरा दूज का महत्व:** फुलेरा दूज वसंत के आगमन का उत्सव है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी और गोपियों के साथ फूलों की होली खेली थी। इसलिए, मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में इस दिन विशेष आयोजन किए जाते हैं। भक्तजन इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा पर फूलों की वर्षा करते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं और माखन-मिश्री का भोग अर्पित करते हैं। ब्रज के हर मंदिर में इस दिन भव्य उत्सव मनाया जाता है, जिससे चारों ओर आनंद का माहौल बना रहता है।

**शादी के लिए शुभ दिन:** फुलेरा दूज को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसका अर्थ है कि इस दिन विवाह के लिए किसी ज्योतिषीय गणना की आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि इस दिन कई शादियां होती हैं।

**फुलेरा दूज की पूजा विधि:** फुलेरा दूज के दिन ब्रह्मा बेला में उठें और दिन की शुरूआत श्री राधा-कृष्ण के ध्यान से करें। इसके बाद स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें। अब सूर्य देव को जल अर्पित करें। श्री राधा-कृष्ण का गंगाजल, दही, जल, दूध और शहद से अभिषेक करें। उन्हें वस्त्र पहनाकर विशेष श्रृंगार करें। अब उन्हें चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर कर विराजमान करें। उनके ऊपर टोकरी से फूलों की बरसात करें। इसके बाद नैवेद्य, धूप, फल, अक्षत समेत विशेष चीजें अर्पित करें। घी का दीपक जलाकर उनकी आरती और मंत्रों का जाप करें। इसके पश्चात उन्हें माखन मिश्री, खीर, फल और मिठाई का भोग लगाएं। भोग में तुलसी दल को अवश्य शामिल करें। मान्यता है कि बिना तुलसी दल के भगवान श्री कृष्ण भोग स्वीकार नहीं करते हैं। अंत में लोगों में प्रसाद का वितरण करें।

# गीत-संगीत और महिला सम्मान के साथ मनाया स्थापना दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ वीमेन्स एसोसिएशन का 97वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। महात्मा गांधी मार्ग स्थित एसोसिएशन परिसर में हुए स्थापना दिवस पर गीत संगीत के कार्यक्रम के साथ ही महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत नीरा मिश्रा की वन्दना से हुई। वहीं बालवाड़ी के बच्चों ने स्वागत गीत गाया। स्थापना दिवस गीत रेखा मित्तल, नीरा मिश्रा, मधु श्रीवास्तव, रंजना शंकर और इन्दू सारस्वत ने प्रस्तुत किया। इनके साथ हारमोनियम पर डा. सरोजिनी सक्सेना, ढोलक पर रमा गुप्ता ने संगत की। समारोह की मुख्य अतिथि डा. पूर्णिमा पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि विनीता सिन्हा ने रूपाली चन्द्रा, सुर्दा बाला ढल, अर्चना गोयल, डा. ऊषा सिन्हा, प्रतिमा बाजपेयी व अन्य महिलाओं को सम्मानित किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

**पत्रांकः 2090/रा.वि.आ.-पा.नि./ टाइड ग्रां. /टेण्डर /2024-25** **दिनाँक : 28 फरवरी 2025**

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं.-2089 / रा.वि.आ.-पा.नि./अ.ग्रांट/टेण्डर/2024-25 दिनाँकः 28 फरवरी 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में रा.वि.आ./ पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में से रु. 5.00 लाख से अधिक के 07 निर्माण कार्यों एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में टाइड ग्रांट की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत 01 निर्माण कार्य की जी.एस.टी. रहित सीलबन्द ऑफलाइन निविदायें निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष-2024-25 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनाँकः 12.03.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे तक नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2-प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं 3-उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि./ रा.)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं -04.30 खोली जायेगी। निविदा के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ टी.डी.आर./ सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक धरोहर/जमानत धनराशि टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा । निविदा फार्म नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनाँकः 10.03.2025 को कार्यालय अवधि ( प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**


# श्री श्याम निशानोत्सव : कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आठ मोर वाले विशालकाय खम्बों पर आधारित राजस्थानी किलानुमा राजदरबार में विराजे बाबा श्याम की मनमोहिनी छवि भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी अवसर था श्री श्याम ज्योत मंडल के 42वां श्री श्याम निशानोत्सव का।

इस अवसर पर बाबा श्याम का बाघा स्वर्ण आभूषणों, रत्नजड़ित मोतियों से अंलकृत एवं स्वर्णिम आभा से सुशोभित हो रहा था। भजन संध्या से पूर्व पुरोहितों ने सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणेश पूजन कर सकुशल कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए मंगलकामना की तत्पश्चात बाबा श्याम की दिव्य ज्योत का प्रज्वलन किया गया। मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि इस बार श्री श्याम ज्योत मंडल के सदस्यगण राजस्थानी रंग बिरंगी पंगड़ी पहने हुए श्याम दरबार को सुशोभित कर रहे थे। सर्वप्रथम राज श्री म्यूजिकल समूह के साथ समिति के सदस्यगणों ने प्रथम पूज्य गणेश की वंदना कर मंगलकामना करते हुए भजन संध्या का शुभारंभ विधिवत किया गया। श्याम भक्तों का महाकुंभ सजाने के लिए जयपुर के संजय पारीक, दिल्ली के अवि-प्रदीप आशीर्वाद एवं लक्ष्मणनगरी के योगेंद्र अगवाल जैसे नामचीन भजन गायकों ने बाबा श्याम दरबार में मीठे-मीठे भक्तिमय भजनों से फाल्गुन मास में बाबा श्याम को रिझाने का प्रयास किया गया। संजय पारीख ने बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय, भूला नहीं हूं बाबा मुझे याद है मैं क्या हूं... से जैसे भक्तिमय भजनों से बाबा श्याम के चरणों हाजिरी लगाई। अवि एवं प्रदीप आशीर्वाद ने आये खाटू धाम से श्याम धणी सरकार, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है... जैसे कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति से श्याम प्रेमियों को आनंदित कर दिया। योगेंद्र अग्रवाल ने दर पे बुला रहा है कृपा नहीं तो क्या है एवं सक्षम के साथ भावपूर्ण प्रस्तुति दी, साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा जैसे भजनों की सरिता प्रवाहित की। फागुन की मस्ती ने श्याम दरबार का वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्याम भक्ति सागर में डूबे हुए भक्तों ने बाबा के भजनों पर खूब थिरके एवं रंग बिरंगे फूलों की होली खेल फागुन की मस्ती में हिलोरे लेकर आनंदित हुए। 50 फिट चौड़े तथा 111 फिट ऊंचे राजस्थानी राजदरबार में कलयुग के अवतारी बाबा श्याम का अवतरण हुआ। राजस्थानी राजदरबार की दीवारों पर देवी-देवाताओं की आकृतियां और पंडाल को रंग-बिरंगे एलईडी लाइटों से सुशोभित किया गया था। श्याम निशानोत्सव का संजीव प्रसारण फेसबुक एवं यूट्यूब सोशल मीडिया पर किया गया। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर कोलकाता के आसिम मत्या ने विशालकाय श्याम दरबार निर्माण कर अपनी कार्य कुशलता का परिचय कराया। रंगबिरंगी एलईडी रोशनी से जगमगाता हुआ पंडाल तलवार टेंट के अमन तलवार ने कोलकाता के एलईडी पैनलों एवं श्याम तोरणद्वार पर बाबा श्याम के प्रसंगों एवं देवी देवताओं के चित्रों को खूबसूरती से एलईडी पैनलों पर उकेरा गया था। विद्या नंद अवस्थी के अवस्थी साउंड से श्याम भक्तों का महाकुंभ के भजन संध्या से गुजयमान हुई। इन सभी भक्तों ने बाबा के चरणों अपनी सेवा समर्पित की।

# होली के लिए बनारस-एलटीटी के बीच चलेगी विशेष ट्रेन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12 एवं 13 मार्च को तथा बनारस से 13 एवं 14 मार्च को 02 फेरों के लिये किया जायेगा।

01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 12 एवं 13 मार्च को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 12.38 बजे, कल्याण जं. से 12.55 बजे, इगतपुरी से 14.45 बजे, नासिक रोड से 15.15 बजे, जलगांव जं. से 18.48 बजे, भुसावल से 19.15 बजे, खंडवा से 21.00 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.52 बजे, नरसिंहपुर से 01.55 बजे, मदन महल से 03.25 बजे, कटनी से 04.50 बजे, मैहर से 06.40 बजे, सतना से 07.15 बजे, मानिकपुर से 09.02 बजे तथा प्रयागराज छिवकी से 11.05 बजे छूटकर बनारस 16.05 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 13 एवं 14 मार्च को बनारस से 20.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 02.00 बजे, मानिकपुर से 04.22 बजे, सतना से 05.35 बजे, मैहर से 05.57 बजे, कटनी से 07.10 बजे, मदन महल से 09.40 बजे, नरसिंहपुर से 10.55 बजे, पिपरिया से 12.20 बजे, खंडवा से 18.13 बजे, भुसावल से 20.15 बजे, जलगांव जं. से 20.42 बजे, नासिक रोड से 23.40 बजे, तीसरे दिन इगतपुरी से 01.15 बजे, कल्याण जं. से 02.50 बजे तथा ठाणे से 03.13 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 04.40 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 06, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## एलटीटी व पुणे से भी चलेंगी स्पेशल गाड़ी, यात्रियों को मिली सहूलियत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07, 09, 14 एवं 16 मार्च, 2025 को तथा 16 मार्च को तथा मऊ से 09, 11, 16 एवं 18 मार्चको 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 09, 14 एवं 16 मार्च को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 12.38 बजे, कल्याण जं. से 12.55 बजे, इगतपुरी से 14.45 बजे, नासिक रोड से 15.15 बजे, जलगांव जं. से 18.48 बजे, भुसावल से 19.15 बजे, खंडवा से 21.00 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.52 बजे, नरसिंहपुर से 01.55 बजे, मदन महल से 03.25 बजे, कटनी से 04.50 बजे, मैहर से 06.40 बजे, सतना से 07.15 बजे, मानिकपुर से 09.02 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.05 बजे, वाराणसी जं. से 16.00 बजे, जौनपुर से 18.15 बजे तथा औंड़िहार से 19.10 बजे छूटकर मऊ 20.20 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 09, 11, 16 एवं 18 मार्च को मऊ से 05.50 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 07.00 बजे, जौनपुर से 08.35 बजे, वाराणसी जं. से 10.00 बजे, प्रयागराज छिवकी से 14.20 बजे, मानिकपुर से 17.02 बजे, सतना से 18.10 बजे, मैहर से 18.40 बजे, कटनी से 19.35 बजे, मदन महल से 21.10 बजे, नरसिंहपुर से 22.28 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.05 बजे, खंडवा से 04.43 बजे, भुसावल से 06.55 बजे, जलगांव जं. से 07.18 बजे, नासिक रोड से 10.30 बजे, इगतपुरी से 12.45 बजे, कल्याण जं. से 14.30 बजे तथा ठाणे से 14.55 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 16.45 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 06, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

वहीं होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07, 09, 14 एवं 16 मार्च को तथा मऊ से 09, 11, 16 एवं 18 मार्च को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 09, 14 एवं 16 मार्च को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 12.38 बजे, कल्याण जं. से 12.55 बजे, इगतपुरी से 14.45 बजे, नासिक रोड से 15.15 बजे, जलगांव जं. से 18.48 बजे, भुसावल से 19.15 बजे, खंडवा से 21.00 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.5, नरसिंहपुर से 01.55 बजे, मदन महल से 03.25 बजे, कटनी से 04.50 बजे, मैहर से 06.40 बजे, सतना से 07.15 बजे, मानिकपुर से 09.02 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.05 बजे, वाराणसी जं. से 16.00 बजे, जौनपुर से 18.15 बजे तथा औंड़िहार से 19.10 बजे छूटकर मऊ 20.20 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 09, 11, 16 एवं 18 मार्च को मऊ से 05.50 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 07.00 बजे, जौनपुर से 08.35 बजे, वाराणसी जं. से 10.00 बजे, प्रयागराज छिवकी से 14.20 बजे, मानिकपुर से 17.02 बजे, सतना से 18.10 बजे, मैहर से 18.40 बजे, कटनी से 19.35 बजे, मदन महल से 21.10 बजे, नरसिंहपुर से 22.28 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.05 बजे, खंडवा से 04.43 बजे, भुसावल से 06.55 बजे, जलगांव जं. से 07.18 बजे, नासिक रोड से 10.30 बजे, इगतपुरी से 12.45 बजे, कल्याण जं. से 14.30 बजे तथा ठाणे से 14.55 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 16.45 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 06, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 1 पुणे-गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 11, 14 एवं 18 मार्च को पुणे से 06.40 बजे प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन से 08.12 बजे, अहमदनगर से 09.32 बजे, मनमाड जं. से 13.15 बजे, जलगांव जं. से 15.25 बजे, भुसावल से 16.00 बजे, खंडवा से 19.00 बजे, पिपरिया से 22.12 बजे, नरसिंहपुर से 23.07 बजे, दूसरे दिन मदन महल से 00.45 बजे, कटनी से 02.55 बजे, मैहर से 04.12 बजे, सतना से 06.05 बजे, मानिकपुर से 08.05 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.25 बजे, वाराणसी जं. से 14.40 बजे, जौनपुर से 17.00 बजे तथा औंड़िहार से 17.55 बजे छूटकर गाजीपुर सिटी 19.05 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01432 गाजीपुर सिटी-पुणे द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 09, 13, 16 एवं 20 मार्च को गाजीपुर सिटी से 04.20 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 05.15 बजे, जौनपुर से 07.05 बजे, वाराणसी जं. से 08.30 बजे, प्रयागराज छिवकी से 13.00 बजे, मानिकपुर से 16.27 बजे, सतना से 17.30 बजे, मैहर से 18.00 बजे, कटनी से 18.55 बजे, मदन महल से 20.30 बजे, नरसिंहपुर से 21.45 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.20 बजे, खंडवा से 03.48 बजे, भुसावल से 06.25 बजे, जलगांव जं. से 06.52 बजे, मनमाड जं. से 09.05 बजे, अहमदनगर से 12.00 बजे तथा दौंड कॉर्ड लाइन से 15.12 बजे छूटकर पुणे 16.20 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 07, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## रक्तदान के लिए किया प्रेरित

लखनऊ। कालीचरण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हेल्थ केयर समिति के संयुक्त तत्वावधान एवं हेल्थ सिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य ने बच्चों को रक्तदान के लाभ बताते हुए उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य जांच में बड़ी संख्या में अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में लगभग 35 इकाई ब्लड एकत्र किया गया। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, डॉ मुकेश मिश्रा, डॉ शिवकुमार, डॉ. नितिन सिंह, डॉ. प्रभास, डॉ श्याम प्रकाश सिंह तथा विद्यार्थियों की तरफ से दिव्या गौर, राफिया बानो, श्रेयस जयसवाल, अभय त्रिपाठी, मंटू, गौरव चौरसिया, सिद्धार्थ, अतुल यादव, कृष्णकांत रस्तोगी सहित लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# महाकुम्भ के दौरान रिकॉर्ड 17000 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल की व्यापक तैयारियों की स्व-समीक्षा करने के लिए सुबह प्रयागराज का दौरा किया।

इस भव्य धार्मिक समागम के पैमाने और महत्व को पहचानते हुए, उन्होंने जमीनी परिचालन का आकलन करने के लिए उत्तर मध्य रेल (एनसीआर), उत्तर पूर्व रेल (एनईआर) एवं उत्तर रेल (एनआर) के तहत विभिन्न स्टेशनों का दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान, उन्होंने रेलवे कर्मियों के साथ बातचीत की, प्रमुख व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वैष्णव ने विभिन्न विभागों के मध्य निर्बाध समन्वय की भी सराहना की और सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल व सुखद यात्रा की सुविधा के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस सम्पूर्ण आयोजन के दौरान रेल मंत्री ने प्रधानमंत्री को उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या को संभालने में सहयोग के लिए माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और पड़ोसी राज्यों की सरकारों को भी उनके सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने रेल कर्मयोगियों के उत्कृष्ट समर्पण की सराहना की अपनी यात्रा के दौरान, रेल मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और इस तरह के आयोजन के प्रबंधन में भूमिका निभाने वाले रेलवे कार्यबल के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी सराहना व्यक्त की। यात्रियों की सहायता करने वाले फ्रंटलाइन कर्मयोगियों से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कर्मियों तक, निर्बाध ट्रेन संचालन को बनाए रखने वाले इंजीनियरों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लेकर यात्रा को सुविधाजनक बनाने वाले हेल्प डेस्क अधिकारियों तथा बुकिंग कर्मचारियों तक - सभी के योगदान को सराहा।

**रेल मंत्री ने रेल कर्मयोगियों के समर्पण को सराहा:** उन्होंने टीटीई, ड्राइवरों, सहायक ड्राइवरों, सिग्नल और दूरसंचार कर्मियों, टीआरडी और इलेक्ट्रिकल टीमों, एएसएम, नियंत्रण अधिकारियों, ट्रैकमैन और रेलवे प्रशासकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिनके समन्वित प्रयासों से इस विशाल उपक्रम का सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हुआ। उन्होंने पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने स्टेशनों पर जाकर पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया व उत्साहवर्धन किया और सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लाखों तीर्थयात्रियों के लिए महाकुम्भ 2025 का निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास किया।

**अभूतपूर्व रेल संचालन:** महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल ने अपनी प्रारंभिक संचालन योजना से कहीं अधिक सेवाएँ प्रदान कीं। कुल 17,152 ट्रेनों का संचालन किया गया, जो कि नियोजित 13,000 ट्रेनों से अधिक था और पिछले कुंभ की तुलना में चार गुना वृद्धि दशार्ता है। इसमें 7,667 विशेष ट्रेनें और 9,485 नियमित ट्रेनें शामिल थीं, जिससे श्रद्धालु सुचारू और कुशल यात्रा कर सकें। महाकुम्भ में कुल 66 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित हुए, जिनमें से केवल प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों के लिए प्रबंधन किया गया।

**प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाओं में वृद्धि हुई:** बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए, भारतीय रेल ने प्रयागराज के नौ प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक अवसंरचना और परिचालन संवर्द्धन लागू किया, जिसमें आवागमन को सुव्यवस्थित करने के लिए दूसरा प्रवेश द्वार, 48 प्लेटफॉर्म और 21 फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का निर्माण किए गए। अत्याधिक संख्या को नियंत्रित करने के लिए फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी (एफ.आर.टी.) और ड्रोन निगरानी सहित 1,186 सीसीटीवी कैमरों के साथ निगरानी को सुदृढ़ किया गया। अत्यधिक व्यस्ततम समय में भीड़भाड़ को प्रबंधित करने के लिए 23 स्थायी होल्डिंग एरिया स्थापित किए गए, जबकि मल्टीलैंग्वेज अनाउंसमेंट और 23 भाषाओं में बुकलेट द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर किया गया। 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर और एक क्यूआर-आधारित प्रणाली सहित 554 काउंटरों के साथ टिकट सुविधाओं का विस्तार किया गया। इसके अतिरिक्त, निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए 21 रोड ओवर और अंडरब्रिज (आरओबी/आरयूबी) का निर्माण किया गया।

## एनईआर से 33 रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में आज मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती द्वारा 33 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मण्डल वित्त प्रबंधक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एकेटीयू में सेशनल अंकों के लिए खोला गया पोर्टल

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 की विषम सेमेस्टर परीक्षा शुक्रवार से 22 मार्च तक आयोजित हो रही है। इसमें शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के थ्योरी/प्रयोगात्मक सेशनल अंकों को ईआरपी पर अपलोड करने के लिए पोर्टल को 25 फरवरी से 12 मार्च तक खोल दिया गया है। साथ ही थ्योरी/प्रयोगात्मक सेशनल अंकों की हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी को 20 मार्च तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जाम करना होगा।

## मुक्केबाजी में छात्रों ने 11 पदक जीते

लखनऊ। सीएमएस के आनन्द नगर कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 3 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल एवं 3 ब्रांज मेडल समेत कुल 11 पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन बाक्सिंग एसोसिएशन ऑफ इण्डिया एवं लखनऊ बाक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। इस प्रतिष्ठित बाक्सिंग चैम्पियनशिप में वशिष्ट कुमार सिंह, सम्यक सिंह एवं अथर्व रंजन सिंह ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाकर अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा का परचम लहराया है तो वहीं दूसरी ओर मोहम्मद माहेद, ऋषि राय, मोहम्मद अमान, यश प्रताप एवं रक्षांदा ने सिल्वर मेडल जबकि एवं अगस्त अग्निहोत्री, ईशान एवं कल्पना ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## सिविल अस्पताल के चीफ फार्मेसिस्ट पीसी कुमार का विदाई सम्मान समारोह संपन्न

लखनऊ। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट पीसी कुमार की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट एवं फार्मेसिस्ट के साथ ही अन्य संवर्गों के कर्मी तथा अन्य जिलों के फार्मेसिस्ट प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षु फार्मेसिस्ट भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व उपनिदेशक फार्मेसी एचएन चौधरी ने कहा कि चिकित्सालय परिवार जनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं। प्रदेश का फार्मेसी संवर्ग विभाग की रीढ़ के रूप में काम करता है। पीसी कुमार की लगभग 36 वर्ष की बेदाग सेवा से सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

# शोधकर्ताओं एवं स्टार्टअप्स के लिए दी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के कुलपति डॉ. जेपी पांडेय के मार्गदर्शन में इनोवेशन हब और बायोटेक पार्क लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। साथ ही अवध प्रांत विज्ञान भारती के वाइस प्रेसिडेंट मौलिंदु मिश्रा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एवं प्रोमोट फार्मा के सीईओ डॉ. मन्नान अख्तर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

एकेटीयू के डीन इनोवेशन एवं सोशल एंटरप्रेन्योरशिप डॉ. बीएन मिश्रा, एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, इनोवेशन हब की मैनेजर वंदना शर्मा एवं अनुराग त्रिपाठी, असिस्टेंट मैनेजर, केसीआईआईएसएफ, एकेटीयू भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. बीएन मिश्रा और डॉ. अनुज कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में एकेटीयू इनोवेशन हब, स्टार्टअप प्रमोशन और कलाम पेटेंट सेंटर की एकेटीयू द्वारा स्थापना किये जाने की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों, शोधकर्ताओं एवं स्टार्टअप्स के लिए ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। बायोटेक पार्क लखनऊ के सलाहकार डॉ. शिव पूजन शुक्ला ने 'गुड लैबोरेटरी प्रैक्टिसेज के नियामक परिदृश्य' पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, जबकि सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आशीष द्विवेदी ने महत्वपूर्ण शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए, जिसमें 'फोटोएजिंग और ऑटोफैगी' पर उनके अध्ययन को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के बीच पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बायोटेक्नोलॉजी के माध्यम से मानव एवं पर्यावरण की सेवा पर आधारित शोध कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर 'सिंथेटिक माइक्रोबियल कम्युनिटी' विकसित कर मवेशियों के चारे को इस प्रकार तैयार करने के शोध पर विशेष चर्चा की गयी, जिससे उनके मल उत्सर्जन से उत्पन्न मीथेन गैस को कम किया जा सके। साथ ही, एक शोध प्रस्तुत किया गया जिसमें 'बायो-फर्मेंटर' के रूप में 5 करोड़ गायों का उपयोग कर बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा, जो इस दिशा में एक बेहतरीन कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं बायोटेक पार्क के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

## टीम हर वैलनेस प्रतियोगिता में रहीं विजयी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ में बिजनेस प्लान कम्पटीशन का आयोजन इन्क्यूबेशन सेंटर में हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 07 टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी टीमों ने जूरी मेंबर्स के सामने अपने-अपने नवाचार प्रस्तुत किये। जूरी मेंबर्स ने टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे उनके नवाचार, टेक्नोलॉजी और बिजनेस प्लान के बारे में जानकारी ली और उससे सम्बंधित कई सुझाव भी दिये। संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि संस्थान नवाचार और छात्रों को स्टार्टअप करने में सपोर्ट प्रदान कर रहा है तथा ये भी बताया कि नवाचार और स्टार्टअप करके प्रदेश सरकार के विजन वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी को साकार किया जा सकता। हमारा संस्थान इस दिशा में अग्रसर है। इन सात टीमों ने अलग-अलग समस्याओं जैसे वेस्ट मैनेजमेंट, डेड स्टॉक मैनेजमेंट, ब्लॉकचैन वॉलेट, लेबर अड्डा, आदि पर समाधान प्रस्तुत किया। बिजनेस प्लान कम्पटीशन के जूरी मेंबर्स अंकित सिंह मैनेजर फ्लिपकार्ट, अनुराग त्रिपाठी सहायक मैनेजर कलम इनोवेशन सेंटर ने टीमों का मूल्यांकन किया। टीम हर वैलनेस इस प्रतियोगिता में विजयी रही तथा टीम भारत बिट रनरअप रही। विजयी टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित स्टार्टअप आईडिया पर काम कर रही है जो महिलाओं से सम्बंधित बिमारिओं पर जागरूकता फैलाने और डॉक्टर से कनेक्ट करने में मदद करेगी। इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रो इंचार्ज प्रो सीथालक्ष्मी ने टीमों के प्रयासों की सराहना की तथा बताया कि इन्क्यूबेशन सेंटर टीमों को सफल स्टार्टअप बनाने में हर संभव प्रयास करेगा। संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि संस्थान हमेशा से ही उद्यमिता को प्रेरित करता रहा है तथा कई छात्र स्टार्टअप आईडिया पर काम कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रयास के लिए प्रो इचार्ज सीतालक्ष्मी, डिप्टी इचार्ज डॉ. पुष्कर त्रिपाठी, इन्क्यूबेशन मैनेजर संदीप कुमार तथा छात्रों की टीम को बधाई दी।

# अंग्रेजी के चक्कर मे अपनी जुबान को भूलते जा रहे : प्रो. फरजाना

- दो दिवसीय हिंदी-उर्दू कॉनक्लेव "जश्न 2025" का समापन
- उर्दू अवार्ड से सम्मानित हुईं विभिन्न हस्तियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** दिल्ली में पैदा हुई उर्दू को नफासत नजाकत और चाशनी को लखनऊ आना पड़ा...ये बात शुक्रवार को विभूति खंड गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय हिंदी उर्दू कॉनक्लेव "जश्न 2025" का समापन दौरान कही गई। फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद इंजी. अवनीश कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपकी भाषा ही आप के व्यक्तित्व का परिचय कराती है। हिंदी-उर्दू कॉनक्लेव के पहले सत्र तालीम, शिक्षा के अंतर्गत कियारा खन्ना के संयोजन में डॉ अजीज खान, प्रो डॉ फरजाना मेहंदी, डॉ एस एम कामिल रिजवी, पूनम मालवीय ने कहा कि आज कल लोग अंग्रेजी के चक्कर मे अपनी जुबान को भूलते जा रहे है।

वामिक खान के संयोजन में चले ड्रामा, नाटक विषय में दीप सच्चर, काजल इसरानी, सीमा मोदी, इमरान खान ने आधुनिक दौर के नाटकों में भाषा के योगदान पर चर्चा की। मनीषा पाण्डेय के संयोजन में तहजीब, संस्कृति टॉपिक पर कोमल महेंद्रू, असमा हुसैन, डॉ एस एन लाल, आजम खान ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अगले प्रसून में शिखा अरोरा के सयोजन में नौजवान विषय पर बोलते हुये वक्ताओं ने कहा कि आज का नौजवान दैनिक बोलचाल में अपनी देशी भाषा का प्रयोग ज्यादा करता है। इस सत्र में प्रभाती पांडेय, तनिष्का शर्मा, वैष्णवी दुबे ने अपना पक्ष रखा। कार्यक्रम के अंतिम विषय समाज सेवा, खिदमत ऐ खल्क मुद्दे पर सोनिया पाहवा के संयोजन में मुर्तजा अली, अब्दुल बहीद, शिखा सिंह, शाहिद सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि समाजसेवा के कार्य करने के दौरान आप की भाषा उस कार्य को जीवन्त कर देती है।

उर्दू के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने वाले इमरान कुरैशी, परवेज अख्तर, अजीज सिद्दीकी, डॉ एस एन लाल, एस एन रईस, कमाल अहमद, अम्मार अनीश नागरानी, सूफियाना वेग, आरिफ खान, मो तौहीद खान, डॉ संजय श्रीवास्तव आदि को मुख्य अतिथि एम एल सी इंजी. अवनीश कुमार सिंह ने उर्दू अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। देर शाम को दास्तानगोई को अरशाना अजमत तो सुहैल दिलकश की कव्वाली की महफिल भी सजाई गई। इस दौरान प्रिंस आर्या, जया सिंह, सात्विक मिश्रा, भूमि गुप्ता, सौम्या श्रीवास्तव के सहयोग से कार्यक्रम का सफल समापन हो गया।

# उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में 35 मामलों की हुई जनसुनवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इंदिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 35 शिकायतों की जनसुनवाई की। सुनवाई के दौरान लंबित भुगतान, सेवा संबंधी विवाद, फर्जी जाति प्रमाणपत्र और अन्य मामलों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। लंबित भुगतान पर आदेशः कृषि विभाग के सेवानिवृत्त प्राविधिक अधिकारी डॉ. धर्मराज सिंह के मामले में 7,66,252 रूपये की ग्रेच्युटी राशि के भुगतान का आदेश दिया गया। आदेश की प्रति शिकायतकर्ता को सौंपी गयी, जिससे वह संतुष्ट रहे और प्रकरण निस्तारित कर दिया गया।

अन्यायपूर्ण दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांचः अरविंद कुमार वर्मा बनाम पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मामले में भू-माफियाओं के प्रभाव में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिये गये। सुनवाई में एसीपी गोसाईंगंज किरन यादव उपस्थित रहीं। पेंशन भुगतान की पुष्टिः बस्ती के श्याम नारायण की पेंशन संबंधी शिकायत पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि सभी भुगतान किए जा चुके हैं। एसीपी लाभ का निस्तारणः मैनपुरी के राम प्रसाद शाक्य के मामले में डिप्टी कमिश्नर, राज्य कर, इटावा ने बताया कि उन्हें एसीपी (असिस्टेंट प्रोन्नति योजना) का लाभ दे दिया गया है।

शिक्षिका के लंबित वेतन भुगतान पर नाराजगीः बाराबंकी की सहायक अध्यापिका बबिता सिंह के वेतन भुगतान में देरी पर नाराजगी जताते हुए 11 मार्च 2025 को अगली सुनवाई निर्धारित की गई। तब तक भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। फर्जी जाति प्रमाणपत्र की जांचः अमरोहा में नगरपालिका परिषद, हसनपुर की अध्यक्ष नीलम शान द्वारा कथित रूप से फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर चुनाव लड़ने की शिकायत पर आयोग ने एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। विनियमितीकरण पर सख्तीः शामली के प्रदीप कुमार के विनियमितीकरण मामले में क्षेत्रीय वनाधिकारी, मुजफ्फरनगर को सभी अभिलेखों सहित अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों के साथ भेदभाव पाए जाने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सुनवाई में कई मामलों में सक्षम अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिस पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की।

संक्षेप

## दूध से भरे वाहन से बड़ी मात्रा में शराब बरामद

**देवरिया।** बिहार में होली के लिए शराब सप्लाई में शराब तस्कर जुटे हुए हैं। बिहार जा रही शराब की बड़ी खेप को लार पुलिस ने मेहरौना बार्डर पर पकड़ा है। बिहार में शराब बंदी के बाद तस्कर शराब पहुंचाने के लिए तरह तरह के जुगत लगा रहे हैं। यूपी बिहार के बार्डर पर लार थाना के मेहरौना चेक पोस्ट पर पुलिस की सक्रियता से एक ऐसे वाहन को बरामद करने में सफलता मिली जो रोज सुबह दूध की सप्लाई देने जाता था। दूध आवश्यक वस्तु के रूप में आती है। दुग्ध वाहनों को रास्ते में रोकना मना है। इसी का लाभ उठाकर शराब तस्कर अमूल ब्रांड के कुछ पैकेटों के बीच देसी दारू के बंटी बबली ब्रांड की शराब बिहार पार कर रहे हैं। होली के मद्देनजर बिहार में विभिन्न रास्तों से बड़ी मात्रा में शराब भेजी जा रही है। शुक्रवार की सुबह में दुग्ध वाहन संख्या यूपी 52 बी टी 6686 रोज की भांति दूध की सप्लाई देने जा रहा था। संदेह के आधार पर पुलिस ने आज दुग्ध वाहन की ही जांच कर दी।

# मॉडर्न वेटरनरी पॉली क्लीनिक का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने राजकीय पशु चिकित्सालय, देवरिया के परिसर में निमार्णाधीन मॉडर्न वेटरनरी पॉली क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्ट-ए का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि पार्ट-बी का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्ट-बी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि इस परियोजना के लिए 865.66 लाख रुपए की स्वीकृत धनराशि में से 679.70 लाख रुपए प्राप्त हो चुके हैं, जिसे कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को शेष धनराशि की मांग शीघ्र करने के निर्देश दिए।

मॉडर्न वेटरनरी पॉली क्लीनिक में मुख्य पशु चिकित्सा अधीक्षक के साथ रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन, गायनेकोलॉजिस्ट/सर्जन, पशु औषधिक, एक्स-रे तकनीशियन, लैब असिस्टेंट, शल्य चिकित्सक सहायक, पैथोलॉजी तकनीशियन, डार्क रूम सहायक, स्टोर कीपर और सफाई कर्मी के पद सृजित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने इन पदों की शीघ्र मांग करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि क्लीनिक परिसर में मिट्टी भराई कार्य अभी शेष है। इसके लिए आवश्यक धनराशि की मांग करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यदायी संस्था को अवशेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

मॉडर्न वेटरनरी पॉली क्लीनिक के पार्ट-ए का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे शीघ्र हैंडओवर किया जाना है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि हैंडओवर से पहले सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सहायक अभियंता, पूर्वांचल विद्युत वितरण खंड-देवरिया और सहायक अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम, देवरिया की एक समिति गठित कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पार्ट-ए का हैंडओवर लिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सालय में इलाजरत पालतू कुत्तों और बकरियों का भी निरीक्षण किया और उनके समुचित इलाज के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (देवरिया सदर) और सहायक अभियंता (यू.पी.आर.एन.एस.) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेखौना में ग्राम चौपाल 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' का आयोजन हुआ। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने चौपाल की अध्यक्षता किया। ग्रामीणों से अपनी समस्याओं को निराकरण हेतु आवेदन देने के लिए कहा गया। जिसमें दो लोगों के समस्या का तत्काल निस्तारण किया गया। ग्राम पंचायत के अधीन चारागाहों में गोआश्रय हेतु चारा बोने के लिए सुझाव दिया गया। चौपाल में ग्राम प्रधान समेत लेखपाल अंगद कुशवाहा, पंचायत सहायक निधि सिंह, रोजगार सेवक श्रीराम सिंह पटेल, केयर टेकर माया देवी एवं सफाई कर्मी किशोर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।करते हुए तिवारी ने बताया कि आज की बैठक का मुख्य बिंदु बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) पर चर्चा करना था। इस दौरान बाल भिक्षावृत्ति कानून, बाल भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम-1958 एवं किशोर न्याय 2015 के बारे में जानकारी दी गई।

## जिलाधिकारी ने राजकीय आईटीआई देवरिया में ट्रेनिंग सेंटर का किया निरीक्षण



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देवरिया में स्थापित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की और छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं प्रशिक्षण की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों को मनोयोग से अध्ययन करने एवं प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न ट्रेडों, शिक्षकों की उपलब्धता तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की। प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, देवरिया शोभनाथ को आवश्यक संसाधनों की मांग हेतु जिलाधिकारी स्तर से पत्र भेजने के निर्देश दिए, ताकि संस्थान में प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित हो और छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त हो सके।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई हुनर

**देवरिया।**शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के मदनचक गांव स्थित रामानन्दन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।इस दौरान तकरीबन चार दर्जन बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्वनिर्मित प्रोजेक्ट व मॉडल प्रस्तुत कर अपना हुनर दिखाया।कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए बिहार के अवकाश प्राप्त शिक्षक रामाशीष पाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के अन्दर वैज्ञानिक सोच विकसित करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के अविष्कार के लिए प्रेरित करता है।विशिष्ट अतिथि कवि व शायर मकसूद अहमद भोपतपुरी ने कहा कि मानव कल्याण व राष्ट्र के समुचित विकास के लिए विज्ञान व वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देना अति आवश्यक है।उन्होंने कहा कि जहां अधिकांश नेता गण जाति, धर्म व वोट बैंक के नजरिए से काम करते हैं, वहीं वैज्ञानिक गण भेदभाव से ऊपर उठकर मानव व विश्व कल्याण के लिए काम करते हैं।विद्यालय के डायरेक्टर शैलेश गुप्ता ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय उत्तम शिक्षा देने का काम सदा करता रहेगा।लोक गायक सुबाष यादव ने अपना गीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विंदलेश गुप्ता,के०पी० प्रजापति,सुनील साह,जितेन्द्र गुप्ता,मंटू, शिव्या सिंह,लीला गुप्ता,प्रियंका गुप्ता,सविता पाल,अर्चना साह,चांदनी,रेशमा, मधु यादव,प्रियंका यादव आदि ने सम्बोधित किया।

## लद्दाख के तीरंदाजों को डीएम ने सौंपे आधुनिक धनुष



**देवरिया ।** कलेक्ट्रेट परिसर में आज जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान के सहयोग से लद्दाख के तीरंदाजों को 2.5 लाख रुपये मूल्य के 7 आधुनिक धनुष प्रदान किए। धनुष प्राप्त कर तीरंदाजों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अब वे आधुनिक धनुषों के साथ अपने प्रशिक्षण को और बेहतर बनाएंगे। लद्दाख के तीरंदाजों का यह दल संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान में पिछले एक महीने से प्रशिक्षण ले रहा है। शुरूआत में हल्के वजन के धनुष के साथ अभ्यास कराया गया, साथ ही 5 किमी दौड़, ओपन जिम और रबर व मिरर ट्रेनिंग के माध्यम से उनकी फिटनेस और तकनीक को निखारा गया। अब आधुनिक धनुष मिलने के बाद वे उन्नत स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान ने अजीत साहू, आईएएस, टोनीट ताशी, भाजपा कोषाध्यक्ष, लद्दाख, लोबजंग शेरब एलएएचडीसी लेह लद्दाख पार्षद खालत्सी निर्वाचन क्षेत्र के सहयोग से, प्रायोजकों के माध्यम से लद्दाख के तीरंदाजों को 2.5 लाख मूल्य के 5 रिकर्व शुरूआती धनुष और 2 कंपाउंड धनुष प्रदान किए गए।रिंगचेन वांगेल (कोच), स्टैनज़िन चोल्डन, सोनम दोर्जे, थिनल्स डिस्कयोंग, त्सेवांग चोस्पेल, स्टैनज़िन ओट्सल एवं स्टैनज़िन कुन्सल तीरंदाजों के इस दल में शामिल हैं।

इस अवसर पर सीआरओ जल राजन चौधरी, जिला खेल अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव और ओलंपियन, अर्जुन एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संजीव सिंह भी उपस्थित रहे।

# जल्द शुरू होगा अंडरपास व ओवरब्रिज का निर्माण

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** रेलवे क्रासिंग के वजह से जाम की समस्या से जूझ रहे पडरौनावासियों को जल्द ही जाम की झाम से निजात मिलने की उम्मीद है। वजह यह है कि शहर के मेन क्रासिंग पर अंडरपास व नोनिया पट्टी ढाले के पास प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। इन दोनो निर्माण के लिए जैसे तैसे निविदाएं आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अगले दस मार्च को निविदाए खोली भी जायेगीं। पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों ने यह कार्रवाई तब शुरू की है जब क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे ने तल्ख लहजे मे नाराजगी जताई है।

काबिलेजिक्र है कि पडरौना शहर के बीच में एक रेल लाइन है। जिस पर कुल पांच रेलवे क्रॉसिंग है। सुभाष चौक से कोतवाली रोड जाने के लिए मेन रोड की क्रॉसिंग पर हमेशा जाम लगता है, जबकि भूतनाथ कॉलोनी से शहर का बाइपास निकला है, जहां ट्रेन के अवागमन के दौरान क्रॉसिंग बंद होने से अक्सर जाम का सामना करना पडता है। पडरौना वासियों द्वारा नगर के सुभाष चौक रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास व भूतनाथ कॉलोनी के पास ओवरब्रिज की मांग को लेकर यहा के सांसद विजय दूबे बीते वर्ष रेलमंत्री से मुलाकात की थी। मंत्री के निर्देश पर रेलवे के अधिकारियों ने अंडरपास व ओवरब्रिर के लिए भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद यह तय हुआ कि सुभाष चौक के आगे कोतवाली रोड जाने वाली रेलवे ढाला पर अंडरपास बनेगा। इसका निर्माण रेलवे की भूमि में होगा। इसके लिए 15 करोड़ रुपये की बजट मंजूर की गयी। ओवरब्रिज का निर्माण भूतनाथ कॉलोनी के पास वाली क्रॉसिंग पर होगा। इसके लिए 65 करोड़ रुपये का बजट मंजूर है। कहना ना होगा कि शहर में मेन क्रासिंग पर अंडर का निर्माण मार्च महीने में ही शुरू हो जाएगा। इसके अलावा नोनिया पट्टी ढाले के पास प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी अप्रैल महीने से शुरू होने की संभावना जतायी गयी है। इसके लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। 10 मार्च ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि है। माना जा रहा है कि निविदा की मंजूरी आदि की औपचारिकताएं अधिकतम एक महीने में पूरी हो जाएंगी।

बताया जाता है कि बीते दिनों सांसद विजय दुबे ने रेलवे वाराणसी मंडल के डीआरएम से मिलकर नाराजगी जताई। डीआरएम ने सांसद को बताया कि अधिकतम एक सप्ताह के बाद अण्डरपास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि अंडरपास व ओवरब्रिज को रेलवे ने पिछले साल की मंजूरी दे दी थी। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अंडरपास की टेंडर प्रकिया पूरी भी कर ली गयी थी। मगर तकनीकी कारणों से काम नहीं हो शुरू सका था।

## लेनदेन के विवाद में चाट विक्रेता की पिटाई

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के बड़ागांव सारंगापुर मोड़ पर चाट का ठेला लगाकर जीवन यापन करने वाले द्वारिका पुत्र जोखू लाल को सारंगापुर के गोसाई कुट्टी निवासी मलिंगा उर्फ उमा शंकर पुत्र श्यामलाल नें किसी विवाद को लेकर पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। कल शाम 07 बजे हुई घटना के वावजूद आज शाम समाचार लिखे जाने तक इस मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

इस बारे में चैकी इंचार्ज एसपी सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मलिंगा के घर शादी थी। जिसमें पारिश्रमिक को लेकर हुए विवाद में द्वारिका की पिटाई की गई।

इस सम्बन्ध में रौनाही थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। पीड़ित की तरफ से शिकायती पत्र मिलते ही केस दर्ज कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## दो परिवारों का कराया मिलन




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र और समाजसेवियों ने आपसी झगड़े समाप्त कराकर सुलह कराते हुए दो परिवारों को टूटने से बचा लिया। थाना कोतावली नगर की रहने वाली सबाना पत्नी आशिक व थाना कमासिन क्षेत्र की रहने वाली सबीना पुत्र गुलजार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था। जिस पर टीम ने दोनो परिवारों को बुलाकर समझाया तथा दोनो पक्षों की बात को गंभीरता से सुना। दोनो पक्षों को सुनने के बाद परिवार परामर्श टीम और समाजसेवियों ने भविष्य में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने का सुझाव दिया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केन्द्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में तालमेल बिठाकर निर्वहन करने की सलाह दी। दोनो परिवारों ने आपस में प्रेम से जीवन गुजारने की बात कही तथा दोनो दंपति खुशी-खुशी पुराने आपसी मतभेदों को भुलाकर रहने को तैयार हो गये।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न




**देवरिया ।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिला सैनिक बंधु की बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में 28 फरवरी को दोपहर 1:बजे कलेक्ट्रेट सभागार, देवरिया में आयोजित की गई। बैठक में कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.), पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, संजय कुमार रेड्डी, पुलिस उपाधीक्षक (नगर), देवरिया, राज दूबे, प्रतिनिधि, 52 बटालियन एनसीसी, देवरिया, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, देवरिया और महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, देवरिया सहित कई अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, सदस्यों और भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत किया। इसके बाद, पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और आगे की चर्चा शुरू हुई। बैठक में पूर्व सैनिक अरविंद्र कुमार, शत्रुघ्न सिंह, संजय कुमार मिश्र, बसंत प्रसाद, काशी नाथ तिवारी सहित कई भूतपूर्व सैनिक और उनके आश्रितों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा संबंधित विभागों को प्रेषित किए जाने का निर्देश दिया गया।

## शांति सद्भाव के साथ मनायें रमजान: दिनेश कुमार



**कुशीनगर।** शुक्रवार को जिले के अहिरौली बाजार थाना परिसर में रमजान के पर्व को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि त्योहार के मौके पर आप सभी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस शरारती तत्वों से निपटने के लिए दिन रात तत्पर हैं।जिससे शरारती तत्व अपनी मंसूबों में कामयाब न हो पाए।रमजान माह दो मार्च से शुरू हो रहा है।इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर खुदा की इबादत करते हैं।अबकी बार होलिका दहन 13 मार्च को है और रंगपर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा।14 मार्च को जुमा पड़ रहा है। इस दिन रमजान का जुमा होने के कारण बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज पढ़ने जाएंगे।ऐसे में रंग और जुमा एकसाथ होने के कारण कुछ शरारती तत्व शहर या देहात क्षेत्रों का माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे खुराफाती तत्वों से निपटने के लिए पुलिस ने अभी से कमर कस ली है।संवेदनशील प्रकरण होने पर मुचलका पाबंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जुमे के कारण मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पड़ने वाली मस्जिदों के इमामों के साथ बैठक कर सकुशल संपन्न कराने का निर्देश दिए उन्होंने कहा कि रमजान के अलावा जुमा होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था का फुलप्रूफ प्लान तैयार किया जा रहा है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।त्योहार शांति सद्भाव के साथ मनाएं ताकि दूसरे समुदाय के लोगों का भावना आहत ना हो।रमजान को लेकर यदि किसी तरह का कोई वाद विवाद या आपस में मनमुटाव हो तो उससे उलझनें की जरूरत नहीं है तत्काल इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस एवं थाने के सीयूजी नंबर पर सूचना दिजिए।ताकि उसका समय से निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान उपनिरीक्षक अजीत कुमार,प्रमोद कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल आनन्द कुमार गौड़, रमेश चौधरी कांस्टेबल अनिल यादव, आदित्य राजभर, देवेन्द्र यादव सहित मौलाना अनवर, अब्दुल खातिब, मो०असलम, यासीन अली, नैमुल्लाह अली, जियाउल हक, अलिफ अली जहुरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से भाई को घायल करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम लखनपुरा में रहने वाले दीपक सिंह पुत्र भरत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत 17 फरवरी की रात करीब 10 बजे उसका भाई राघवेन्द्र सिंह घर से मोटरसाइकिल से आ रहा था। बताया कि वह झांसी रोड गल्ला मण्डी व रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एल 6035 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। उक्त बाइक को मोहलला रामनगर निवासी राधाकृष्ण पुत्र जगन्नाथ प्रसाद चला रहा था। बताया कि उसके भाई को मोटर साइकिल से टक्कर लगने के बाद वह जमीन पर गिरकर घायल हो गया और आयीं और दाया पैर भी टूट गया। मोटर साइकिल भी इस टक्कर में क्षतिग्रस्त हो गयी। बताया कि गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने राघवेन्द्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में

## बाल अपराधों की रोकथाम को एएसपी ने दिए निर्देश



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जिले में बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि के लिए चलाए जा रहे अभियान में शुक्रवार को मानव तस्करी निरोधी इकाई की समीक्षा बैठक पुलिस लाइन में की गयी। जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने की। बैठक में लोगों को जागरूक करने तथा बालश्रम व बाल विवाह पर रोक लगाए जाने के बारे में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने पर जोर दिया। तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ पुलिस व अन्य सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं के आपसी सहयोग के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए गये। किशोर न्याय संरक्षण बोर्ड को इस बारे में स्कूलों तथा कालेजों में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को चलाने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान जिले के सभी थानों, जीआरपी, एएचटीयू, एसजेपीयू तथा बाल कल्याण समिति के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गेहूं व दलहनी फसलों का संयुक्त गन्ना निदेशक ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत हाटा ब्लॉक के गांव रामपुर बुजुर्ग व मुंडेरा उपाध्याय में संयुक्त निदेशक गन्ना निदेशालय भारत सरकार डॉक्टर महेश कुमार ने गेहूं प्रदर्शन और दलहन का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक किसानो की आई डी बनाकर फसल को भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि मेंपर एप्लीकेशन पर अपलोड कराया जाय, मौके पर ही विभागीय कर्मचारियों ने किसानों का कृषि मैपर पर अपलोड भी किया।शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजे रामपुर बुजुर्ग में पहुंचे संयुक्त निदेशक गन्ना निदेशालय भारत सरकार डॉक्टर महेश कुमार ने किसान रामजी सिंह ,विश्वनाथ सिंह, ओंकार सिंह और मुंडेरा उपाध्याय के किसान डमंल गुप्ता, रघु सिंह का मिनी किट वितरण सहित फोटो अपलोड कराया गया इस दौरान एडीओ एजी, जनार्दन राय व प्रभारी राजकीय बीज भंडार, कुंवर चंद चौहान, राकेश सिंह, दामोदर सिंह ज्योति सिंह, विश्व प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला उद्योग, व्यापार व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मेसर्स डॉ० केडी सिंह पैरामेडिकल कॉलेज, पकड़ी, त०-मैनपुर, कसया, कुशीनगर के लंबित धारा-80 को निस्तारित कराये जाने के प्रकरण में उप जिलाधिकारी कसया द्वारा निक्षेपित कर दिए जाने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। मेसर्स एनीड्रग्स फार्मा इण्डस्ट्रीज, भैंसहां, शाहजहांपुर, कसया, कुशीनगर के इकाई स्थल की भूमि का सीमांकन कराने विषयक प्रकरण समिति के समक्ष पूर्व से ही रखा गया है। इस पर चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि भूमि सीमांकन हेतु अगल बगल में लगे फसल की कटाई उपरांत सीमांकन की कार्यवाही किए जाने हेतु उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, जो शीघ्र ही करा लिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त मेसर्स रिंकी फिश फॉर्मिंग मैनपुर दिना पट्टी कसया के इकाई स्थल संपर्क मार्ग को सुदृढ़ कराने के संबंध में शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। मेसर्स उपजाऊ भूमि फॉर्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लि0 धरम पुर बुजुर्ग, पकड़ी बुजुर्ग पडरौना के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग को चौड़ीकरण किए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को स्थलीय निरीक्षण कर विवरण उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए गए ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। उ०प्र० ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के एमओयू क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें उद्योग विभाग, उद्यान विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं पर्यटन विभाग की प्रगति की समीक्षा उपरांत निर्देशित किया गया कि आगामी बैठकों में कार्य प्रगति संबंधी फोटोग्राफ्स अवश्य उपलब्ध कराए जाएं। इसके अतिरिक्त अ कार्यरत इकाइयों के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त निवेश मित्र पोर्टल पर जिले के उद्यमियों / निवेशकों के विभिन्न विभागों से समयबद्ध स्वीकृतियों के जारी किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थित्ति की समीक्षा की गई तथा इसमें लम्बित प्रकरणों के संबंध में सभी संबंधित से एक एक कर लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु पुछ ताछ की गई, तथा शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओ०डी०ओ०पी० ऋण योजनान्तर्गत प्रगति समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु सभी संबंधित से संपर्क कर अतिशीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उद्योग विभाग द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (युवा) योजना की समीक्षा दौरान अभी तक आवेदन प्राप्त होने तथा आवेदनों को स्वीकृति होने की जानकारी उपायुक्त उद्योग द्वारा दी गई। विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण हेतु आसान एवं सरल प्रक्रिया को अपनाए जाने का निर्देश सभी बैंकर्स सहित एलडीएम को दिए गए। जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा श्रमिकों के पंजीकरण की अद्यतन स्थित से अवगत कराया गया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कन्या विवाह योजना, उप कर की वसूली,सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा महिला उत्पीड़न से संबंधित समिति का गठन किए जाने की जानकारी सभी विभागों एवं उद्यमी गण को दी गई।

व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारी गणों के समस्याओं के संबंध में पुछ ताछ करने पर पडरौना नगर में तिलक चौक से जाने वाली गली को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की गई , जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए अभियान चला कर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार,उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, उपायुक्त राज्यकर एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, अधि0 अभि0 विद्युत, सिंचाई के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ उद्यमी संघ के अध्यक्ष रामअशीष जायसवाल एवं अन्य उद्यमी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार की चेतावनी से अवैध अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा लोहरवलिया में नायब तहसीलदार फाजिलनगर एकता त्रिपाठी ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को शिकायत की जांच करने नायब तहसीलदार फाजिलनगर एकता त्रिपाठी मौके पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने अवैध अतिक्रमणकारियों को विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी। नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी के अवैध अतिक्रमणकारियों पर कड़े रुख को देखकर अवैध कब्जाधारियों में खलबली मच गया व अवैध कब्जा करने वालों के मंसूबे पर पानी फिर गया।नायब तहसीलदार फाजिलनगर एकता त्रिपाठी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। जल्द ही अवैध अतिक्रमण करने वाले कब्जा खाली कर दे। इस दौरान कानूनगो नंदलाल पाठक व लेखपाल धनंजय पांडेय समेत राजस्व टीम मौजूद रही।

● फाजिलनगर ने अवैध अतिक्रमणकारियों को दी विधिक कार्रवाई की चेतावनी

## कन्या जन्मोत्सव का हुआ आयोजन

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निदेर्शानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रोबेशन कार्यालय, कुशीनगर द्वारा शुक्रवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय रविन्द्रनगर धूस में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे 03 दिवस पूर्व तक जन्म ली कन्याओं का जन्म दिवस केक काट कर मनाया गया। इस दौरान 11 नवजात कन्याओं की माताओं श्रीमती पूजा पत्नी सुनील, श्रीमती रागनी पत्नी विजय राव, श्रीमती रानी पत्नी चोकट साह, श्रीमती बबली पत्नी राहुल, श्रीमती कविता पत्नी आयोध्या चौहान, श्रीमती ममता पत्नी हरिन्द्र, श्रीमती पूनम पत्नी रमेश चौहान, श्रीमती अंजली पत्नी सुनील प्रजापति, श्रीमती अनीता पत्नी बबलू, श्रीमती रितु सिंह पत्नी अजीत सिंह तथा श्रीमती प्रेमलता पत्नी गोविन्द प्रसाद को मिष्ठान, अंगवस्त्र, बेबी किट, हल्दी पैकेट, गुड़िया, चाकलेट इत्यादि उपहार प्रदान किया गया। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पांसरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), वुमेन हेल्पलाइन नवम्बर (1090), 112, 108, 102 इत्यादि की जानकारी देते हुए पम्पलेट वित्तरित कर की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नवजात कन्याओं की माताओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का फार्म भरने एवं इस हेतु आवश्यक अभिलेख इत्यादि के बारे में बताते हुए पात्र कन्याओं का फार्म भरवाने हेतु अनुरोध किया गया।

संक्षेप

## बदमाशों ने छीने दो मोबाइल फोन

सीतापुर। थाना सकरन इलाके के भिठमनी गांव निवासी हरिनाम व बलराम ई रिक्शा से बिसवां से अपने घर भिठमनी आ रहे थे। आरोप है कि रास्ते मे सकरन के सलेमपुर मस्जिद के पास दो बाइक सवार उचक्कों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि उसी दिन भिठमनी गांव निवासी बलराम का भी मोबाइल छीन लिया गया। हरिनाम ने इस सम्बंध में समसुल उर्फ लक्का व पंकज निवासी बिसवां पर मोबाइल छीने जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने समसुल व पंकज के बिरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है` थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले में दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है` घटना की जांच की जा रही है।

## हत्यारे को आजीवन कारावास

सीतापुर। महोली कोतवाली में वर्ष 1994 में महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कचरा निवासी नन्हे पुत्र सत्रोहन के हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यू ने सबूत को देखने, गवाहों और दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद नन्हे को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने नन्हे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है । वही 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## गैर इरादतन हत्या में 10 वर्ष की जेल

सीतापुर। थाना रेउसा में वर्ष 2008 में रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी अवधेश उर्फ गुड्डू और जगदीश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ओएडब्ल्यू ने सबूत को देखने, गवाह हो और दोनों पक्ष के वकीलों की बहस सुनने के बाद अवधेश और जगदीश को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोनों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वही 10 - 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

## शहीद चन्द्र शेखर आजाद की 94वीं पुण्य तिथि मनाई

सीतापुर। प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गुलजारी लाल गुप्त के निवास विजय लक्ष्मी नगर में शहीद चन्द्र शेखर आजाद की 94वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। प्रारम्भ में साहित्यकार उदय प्रताप त्रिवेदी त्रिशूल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने बताया कि सनातन ब्राम्हण सीताराम तिवारी की चन्द्र शेखर आजाद की पांचवी संतान के रूप में बदरका उन्नाव में उनका जन्म हुआ। 7 जनवरी 1904 को जन्म लिया। ब्रिटिश साम्राज्य की चूले हिलाते हुए 27 फरवरी सन 1931 में अल्फेड पार्क इलाहाबाद में अपनी पिस्तौल से आखिरी गोली स्वयं मारकर सदा के लिये आजाद हो गये। उनका कहना था कि मैं आजाद हूं, आजाद ही रहूंगा। इस अवसर पर संगीतायन के निदेशक अवकाश प्राप्त अपर जिला बचत अधिकारी विपिन चन्द्र वर्मा, संगीतज्ञ अरूण गुप्त, तबला वादक, पियूष गुप्त, कार्तिकेय शुक्ल ने भजन संध्या के माध्यम से भारत माता के वीर सपूत को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पीड़िता ने तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग

महमूदाबाद, सीतापुर महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दबंग घर में घुस गया। घर के अंदर पहुंच कर दबंग ने युवती से अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। युवती के शोर मचाने पर बचाने पहुंची युवती की बहन व मां की भी दबंग ने परिवार के साथ मिलकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महमूदाबाद के एक गांव की युवती ने बताया कि वह अपनी बहन व मां के साथ शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे घर और थी तभी गांव का दीपक यादव पुत्र बलवंत घर में घुस आया और उसकी बहन से अश्लील हरकतें करने लगा, जिससे वह बचाव में शोर मचाने लगी। आरोप है कि शोर सुनकर बहन व मां बचाव के लिए आ गईं तो दीपक ने अपने परिजनों को बुला लिया और पीड़िताओं को जान से मारने की धमकी देने के साथ मारा-पीटा। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी हुई ट्रैक्टर-ट्राली बरामद, दो युवक गिरफ्तार




महमूदाबाद, सीतापुर । रामपुर मथुरा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद करते हुए पुलिस ने 56 घंटे में बरामद को घटना को अंजाम देने वाले दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक व तमंचा भी बरामद किया है। मालूम हो कि सोमवार की रात रामपुर मथुरा मार्ग स्थित शिवाजी नगर के संदीप कुमार पुत्र नरेंद्र का ट्रैक्टर-ट्राली वार्ड में स्थापित आनंद फिलिंग सेंटर पर खड़ा था। रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक सवार दो युवक और यहां बाइक खड़ी करके एक युवक ट्राली समेत ट्रैक्टर लेकर चला जाता है। बाद में दूसरा युवक बाइक लेकर चला जाता है। घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर केस दर्जकर मामले की जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली के एसएसआई अरविंद कटियार, एसआई शैलेंद्र कुमार, आरक्षी नजरुल हसन, अखिलेश कुमार, रवि कुमार के साथ टेड़वा मोड़ पर गुरुवार की रात करीब साढ़े तीन बजे गश्त के दौरान संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सामने से एक ट्रैक्टर-ट्राली व बाइक सवार आता दिखाई दिया। टोकने पर दोनों भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम महमूदाबाद के सायपुर के अशोक उर्फ नन्हू उर्फ छोटू पुत्र महेश व सदरपुर के बसुदहा के प्रदीप पुत्र पुत्तीलाल बताया। तलाशी लेने पर अशोक के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। जांच के दौरान पता चला कि मौके पर मौजूद महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्राली आनंद फिलिंग सेंटर से मंगलवार की रात चोरी किया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद करते हुए बाइक को सीज कर दिया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि लगातर टीमें ट्रैक्टर-ट्राली की बरामदगी के लिए प्रयास कर रहीं थीं, मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद करते हुए घटना में शामिल दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए लोगों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक व अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

## पुलिस लाइन में हुआ दंगा नियंत्रण का पूर्वभ्यास

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स, सीतापुर परेड ग्राउंड में आयोजित दंगा नियंत्रण अभ्यास/मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र महोदय द्वारा मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया गया। सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ प्रवीन रंजन सिंह व समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष, थानों से आया पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस किया टीम दंगाई बनी, जबकि दूसरी टीम ने दंगाइयों पर काबू पाने का अभ्यास किया। प्रतिसार निरीक्षक एवम् उनकी टीम द्वारा बल्वाईयो एवम्दंगाइयों पर नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल का प्रदर्शन



किया गया। इस दौरान समस्त पुलिस बल को अश्रु गैस, पायलट गन, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन का अभ्यास कराते हुए इनका फायरिंग प्रशिक्षण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद सभी पुलिस बल को यह निर्देशित किया गया कि किसी भी शांति व्यवस्था ड्यूटी में शांति भंग करने वालों के विरुद्ध न्यूनतम बल प्रयोग के साथ प्रभावी नियंत्रण किया जाना चाहिये। जिस हेतु सदैव मानसिक एवम्शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवम् दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे व आगामी त्यौहारों पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये।

# ट्रक चालक और क्लीनर को डंपर ने रौंदा, दोनों की मौत

उन्नाव। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के भल्ला फार्म तिराहे के पास कानपुर-लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक मौरंग लदे ट्रक का पंचर टायर खोल रहे चालक हमीरपुर जिले के सदर कोतवाली के मोहल्ला पटकाना निवासी लवकुश 25 पुत्र इंद्रभान सिंह व क्लीनर गंगवा का डेरा थाना हमीरपुर निवासी रामकुमार 39 पुत्र स्व. रामस्वरूप को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मौरंग लदे डंपर ने रौंद दिया और ट्रक में घुस गया। इसमें क्लीनर रामकुमार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस ने ट्रक चालक लवकुश व डंपर चालक कानपुर देहात जिला के थाना डेरापुर के गांव बिंदापुर निवासी हरिश्चंद्र 30 पुत्र जयराम व क्लीनर मंगेशपुर गांव निवासी अवनीश 19 पुत्र विजय शंकर को घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया ।डाक्टर ने लवकुश को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, डंपर चालक व क्लीनर को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया ।हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को भल्ला फार्म से आशाखेड़ा गांव तक एक लेन से निकाला। जिससे यातायात थम गया ।एनएचएआई व पुलिस टीम ने जेसीबी व हाइड्रा से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया और हाइवे पर फैली मौरंग हटवाकर यातायात सुचारु कराया। एसओ शरद कुमार ने बताया कि घटना में ट्रक चालक व क्लीनर की मौत हो गई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। यातायात सामान्य है। मृतकों के परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कैंसर पीड़ित के परिवार की समाजसेवी ने की मदद

पाटन, उन्नाव। धनकोली निवासी पंकज सिंह पुत्र बब्लू सिंह कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है। जानकारी



मिलने पर समाज सेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश बड़े भाई मानवेंद्र सिंह ने घर जाकर पंकज सिंह के परिवार को आर्थिक मदद की और आगे भी इस विषम परिस्थित मे पुष्प फाउंडेशन उनके साथ खड़ा है, ऐसा आश्वासन दिया। परिवार ने विपरीत परिस्थितियों में मिली आर्थिक मदद को स्वीकार करके अच्छे कार्यों के लिए पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पंकज सिंह, कमलेश यादव, मैनेजर सिंह, आशू सिंह, आर के सिंह, अनूप यादव, संदीप, जितेंद्र पटेल आदि ग्राम वासी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आय व योग्यता परीक्षा में छात्र हुए सफल




पुरवा-उन्नाव। केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया जिसमें जनपद के विकास खण्ड पुरवा व हिलौली के बहुतायत विद्यार्थियों ने सफलता पाई।

केंद्र सरकार द्वारा संचालित परीक्षा में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र और छात्राएं शामिल होते है जिनके उत्तीर्ण हो जाने पर सरकार द्वारा एक हजार रुपए प्रतिमाह कक्षा 12 तक की पढ़ाई करने के लिए चार साल तक दिए जाते है। इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवार के बच्चों के बड़ा सहयोग प्रदान करता है जिनके पास आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। बीते 10 नवंबर 2025 को परीक्षा हुई थी जिसका परिणाम शुक्रवार को जारी हुआ। प्राप्त विवरण के अनुसार जिले के विकास खण्ड पुरवा में सबसे अधिक छात्र उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिगवां सदकू के रहे। महिमा दीक्षित, साक्षी सिंह, नैंशी, यशी यादव, प्रियांशी, आर्यन समेत कुल 6 छात्र सफल रहे।

विद्यालय के प्रधान शिक्षक देव प्रकाश, सहायक शिक्षक शैलेंद्र वर्मा, ललितेश चौरसिया आदि ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। विकास खण्ड हिलौली के यूपीएस करदहा में नौ, यूपीएस पंसरिया कम्पोजिट में चार, यूपीएस भवानीगंज कम्पोजिट में दो, यूपीएस चिलौली कम्पोजिट में एक, यूपीएस पचम्मनखेड़ा में एक विद्यार्थी सफल हुआ। यूपीएस करदहा में शिक्षक नीरज चौरसिया, यूपीएस पंसरिया कम्पोजिट में पंकज चौरसिया, राजेश त्रिवेदी, यूपीएस भवानीगंज कम्पोजिट में प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, शिक्षिका वंदना शर्मा, शिक्षक शिवम चौरसिया, सतीश यादव, यूपीएस पचम्मनखेड़ा से प्रतीक सिंह, यूपीएस चिलौली, राजीव बाजपेई समेत सभी स्टाफ ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाई। सभी सफल परीक्षार्थियों को खण्ड शिक्षा अधिकारी हिलौली व पुरवा सुरेश कुमार, एआरपी डी० के० मिश्र, सुरुचि श्रीवास्तव, विनोद कुमार, संकुल शिक्षक आदम अली ने बधाई दी।

## सोलर लाइटों का किया सत्यापन

सीतापुर। कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नयागांव में यूपी नेडा के द्वारा बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण बाजार योजना के अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी । इन लाइटों का भौतिक सत्यापन आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर गुरु राज मिरले विश्वनाथ विभाग इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के नेतृत्व में किया गया ।

टीम ने सभी स्थापित लाइटो का भौतिक सत्यापन के साथ-साथ इन लाइटो की प्रकाश देने की क्षमता का भी रात्रि में परीक्षण किया गया। सभी लाइट क्रियाशील अवस्था में पाई गई। प्रधान जनक कुमारी सिंह ने बताया पवन सिंह चौहान विधान परिषद सदस्य एवम सभापति वित्तीय एवम प्रशासकीय विलम्ब समिति सीतापुर के प्रस्ताव पर हमारे ग्राम पंचायत में बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण बाजार योजना के अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। जिला यूपी नेडा अधिकारी ने किसानों को निजी नलकूपों हेतु पीएम कुसुम योजना के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा इस योजना में 90% की छूट आपको प्राप्त होगी सिर्फ 10% ही आपको अपने पास से जमा करना है किसानों के लिए बहुत ही अच्छी योजना है। इस अवसर पर हर्ष द्विवेदी पीएचडी स्कॉलर, धर्मेंद्र शर्मा ,कमलेश मिश्रा



यूपी नेडा सीतापुर ,अनुपम जूनियर इंजीनियर नेडा प्रधान प्रतिनिधि वेद सिंह अरविंद सिंह, शिवशरण सिंह, दुर्गेश कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 251 सुहागिनों ने कलश यात्रा निकाली

महमूदाबाद, सीतापुर तहसील क्षेत्र के गोड़ैचा चौराहे पर नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना को लेकर चंद्रभागा ( चौका ) नदी के चंदौली घाट से शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्षा की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली। 251 सौभाग्यशाली सुहागिनों द्वारा गोड़ैचा चौराहे तक कलश यात्रा निकाली गई। सुहागिनों द्वारा कलश पंदिर परिसर में स्थापित किए गए। मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम 25 फरवरी से दो मार्च तक चलेगा। महमूदाबाद के गोड़ैचा चौराहे पर जिला पंचायत निर्माण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त द्वारा अपनी स्वर्गीय दादी शाह रामदेवी, मां राजकुमारी एवं पिता प्यारेलाल की स्मृति में मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, विघ्न हरण भगवान गणेश, कार्तिकेय सहित शिव परिवार की मूर्ति स्थापना को लेकर शुक्रवार की सुबह 251 सुहागिन महिलाओं ने जिला पंचायत अध्यक्षा श्रद्धा सागर की अगुवाई में चौका नदी के चंदौली घाट से जल भर कर कलश यात्रा निकाली। सुहागिनों द्वारा मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किए गए। मूर्ति स्थापना का वैदिक विधान पंडित दुर्गेश शास्त्री के द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। जिला पंचायत निर्माण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त ने बताया कि मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम दो मार्च तक चलेगा। दो मार्च को विधि विधान से मूर्ति स्थापना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेश प्रकाश मिश्र, हरिओम गुप्त, हिमांशु गुप्त, आशीष गुप्त, हरिश्चंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 84 कोसीय परिक्रमा का शुभारंभ आज से

नैमिषारण्य / सीतापुर एक मार्च से शुरू हो रही है चौरासी कोसीय परिक्रमा का आगज आज भोर होते ही श्रद्धालुओं अपने पहले पड़ाव कोरोना की ओर प्रस्थान करेंगे जिसको लेकर प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इस बार परिक्रमा और भी दिव्य भव्य और होने जा रही है क्योंकि इस बार कई संत महंत महामंडलेश्वर सहित कई दिव्य बिभूतिया शामिल होने जा रही हैं इसी कड़ी में विश्व की सर्वोच्च पीठ व्यास पीठ के पीठाधीश्वर अनिल कुमार शास्त्री परिक्रमा में शामिल होकर परिक्रमा करेंगे उनके शामिल होने से साधु संतों में खुशी की लहर दौड़ गई है नैमिषारण्य की 84 कोसीय परिक्रमा आदिकाल से चली आ रही है इस परिक्रमा को सर्वप्रथम सतयुग में अपनी अस्थियों का दान करने से पहले महर्षि दधीचि ने किया था। त्रेता युग में रावण के वध के बाद भगवान राम को ब्रह्म हत्या के निवारण के लिए महर्षि वशिष्ठ ने नैमिषारण्य जाकर 84 कोसीय परिक्रमा कर हत्या हरण तीर्थ में स्नान करने के लिए कहा था तब भगवान राम अपने समस्त दल के साथ नैमिषारण्य की 84 कोसीय परिक्रमा की थी तब से इस परिक्रमा को रामा दल के नाम से भी जाना जाता है। इस बार व्यास पीठ आदेश अनिल कुमार शास्त्री अपने तीन दिव्य रथों के साथ परिक्रमा करेंगे एक रथ में महर्षि दधीचि तो दूसरे रथ में राम दरबार। और तीसरे रथ में चार वेद 18 पुराण और छह शास्त्रों के रचयिता भगवान वेदव्यास विराजमान होकर परिक्रमा में चलेंगे श्रद्धालुओं को यह रथ सतयुग के दिव्य दर्शन की अनभूति कराएंगे नैमिषारण्य 88 हजार ऋषियों की पावन तपस्थली है. समस्त पुराणों में किस तीर्थ का वर्णन किया गया है पुराने के अनुसार जितने भी तीर्थ इस पृथ्वी पर हैं वह समस्त तीर्थ नैमिषारण्य में निवास करते हैं. नैमिषारण्य की 84 कोसी परिक्रमा करने से मनुष्य 84 लाख योनियों से मुक्त हो जाता है और परिक्रमा में एक कदम पैदल चलने पर एक अश्वमेध यज्ञ के फल की प्राप्ति होती है।

## अधिकारियों ने जेल का किया निरीक्षण



सीतापुर । डीएम अभिषेक आनन्द, एसपी चक्रेश मिश्रा शुक्रवार को जिला कारागार पहुंचे । यहां अधिकारियों ने पहले बैरकों की तलाशी ली। बाद में जेल में बंद कैदियों की गिनती कराकर उनकी तलाशी ली। लेकिन उनके पास से मोबाइल या अन्य कोई वस्तु नहीं मिली। इसके बाद अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों से इलाज के संबंध में जानकारी हासिल की और चिकित्सकों से दवाओं इत्यादि की जानकारी ली। पाकशाला में कैदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की जांचकर उसकी गुणवत्ता देखी। डीएम ने सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन समेत जेल के अधिकारी मौजूद रहे।

## संसाधन केंद्र पर हुआ आंगनबाड़ी का कार्यक्रम

सीतापुर। कमलापुर ब्लाक संसाधन केंद्र के परिसर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा एवं अवर अभियंता आरईएस शिवकुमार पटेल व खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति के द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर प्राथमिक विद्यालय कमलापुर एवं कस्तूरबा के बच्चों के द्वारा सांसकृतिक प्रोग्राम किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा आंगनवाड़ी में अध्ययन बाल वाटिका के बच्चों एवं परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक के बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयोजित टी एलएम प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा ने समाज में शिक्षकों के योगदान की सराहना की एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए आभार ज्ञापित किया। आयोजन में उपस्थित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं शिक्षकों व अभिभावकों को उद्बोधन के माध्यम से बताया की छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों पर ध्यान रखने की आप सभी की पूरी जिम्मेदारी होनी



चाहिए। यह सभी बच्चे अभी अबोध बच्चे हैं इनको सही दिशा व शिक्षा देने की पूर्ण जिम्मेदारी आप वह हम सभी की है। जिससे इनका जीवन प्रकाश में हो सके। आयोजन में एआरपी हिमांशु शुक्ला, नीलम वर्मा, आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर दीपावली बाजपेई, सरोज, शिक्षक गिरिजेश अवस्थी अजीत सिंह अनूप शुक्ला रविंद्र मिश्रा काजल द्विवेदी विनय मेहरोत्रा आदर्श पांडे विनोद बिहारी दीक्षित अभिषेक सिंह गिरिजेश मिश्रा चंद्र मोहन अवस्थी मनोज सिंह संकल्प त्रिपाठी प्रशांत सिंह सुनीत मौर्य सुमित श्रीवास्तव हरेंद्र कुमार मिश्रा रश्मि श्रीवास्तव अंकित कुमार सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# स्थानीय लोगों ने सुमेरपुर और बिहार तिराहा पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की

- स्ट्रीट लाइट न होने से अक्सर हादसे की बनी रहती है संभावना



पाटन, उन्नाव। उन्नाव रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर प्रशासन की उपेक्षा के चलते सुमेरपुर तिराहा व बिहार तिराहा पर स्ट्रीट लाइटों के न लगाए जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। क्षेत्रीय लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए अभिलंब जनहित में लाइटे लगवाए जाने की मांग की है।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव रायबरेली राष्ट्रीय राज मार्ग 31पर तेज रफ्तार चलने वाले वाहनों से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों ने सुमेरपुर तिराहा जहां से यह मार्ग बक्सर धाम को जोड़ता है वही बिहार तिराहा मार्ग जो वाया लखनऊ रायबरेली के लिए जाता है पर स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने की मांग क्षेत्रीय लोगों द्वारा पूर्व में शासन प्रशासन व संबंधित विभाग से की गई थी। किंतु आश्वासन के बाद भी प्रशासन द्वारा अब तक उक्त स्थानों पर लाइटे नहीं लगवाई गई है जिसमें विभागीय उदासीनता पूरी तरह से परिलक्षित हो रही है। विभाग की उदासीनता खेत के लोगों व आवागमन करने वाले लोगों के लिए अभिशाप बनी है तथा आए दिन इन स्थानों पर रात के अंधेरे में दुर्घटनाएं हो रही हैं। समस्या के निजात दिलाने के लिए क्षेत्रीय लोगों ने उप जिला अधिकारी रणवीर सिंह से भी समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था उन्होंने आश्वासन दिया था कि संबंधित विभाग से बात कर अभिलंब दोनों स्थानों पर लाइटे लगवा दी जाएगी किंतु अब तक चिन्हित दोनों स्थानों पर लाइटे उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है ऐसे में रात के अंधेरे में किसी भी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने उक्त समस्या की ओर शासन प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए अभिलंब स्ट्रीट लाइटें लगवाए जाने की मांग की है।

## विज्ञान से लोगों में अंध विश्वास का विनाश होता है

महमूदाबाद, सीतापुर । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना है। विज्ञान से लोगों में अंध विश्वास का विनाश होता है। सभी विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में रुचि लेकर इसे अपने कैरियर के लिए चुनना चाहिए। आधुनिक समय में विज्ञान एवं वैज्ञानिक निरंतर लोक कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। कोविड-19 में बनी वैक्सीन इसका प्रमाण है। उक्त बातें विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी ने कही। विज्ञान दिवस के मौके पर शुक्रवार को सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन हिंदी मीडिएम व इंगलिश मीडिएम के बच्चों द्वारा आकर्षक मॉडल बनाए गए। छात्र-छात्राओं ने जेसीबी, मंगलयान, स्पोर्ट कार, ब्रह्मोस मिसाइल, चंद्रयान-3, सोलर पावर सिस्टम, क्रेन, पवन चक्की, वायु प्रदूषण, जेसीबी, वॉटर टैंक, वॉटर प्यूरीफायर, सूक्ष्मदर्शी, ज्वालामुखी सहित दर्जनों आकर्षक मॉडल बनाए।

# गवारी गांव पहुंची जन जागरण यात्रा



सीतापुर। रेउसा के ग्वारी में प्रवचन के दौरान पंकज महाराज ने कहा इस धरा पर गुरु का स्थान सर्वोच्च है। हमारे आपके जीवन में तीन गुरु होते हैं। पहले गुरु हमारे माता पिता हैं जिन्होंने हमें पैदा किया, पाला, पोशा और संस्कार सिखाये। दूसरे गुरु वे जिन्होंने भौतिक शिक्षा का ज्ञान कराया जिससे हमारा जीविकोपार्जन का साधन बना और तीसरे गुरु वो हैं जिन्होंने हमें यानि जीवों को उनके निज घर ( अनामी धाम ) का सन्देश सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवत भजन की युक्ति सिखाकर दिव्य आंख को खोलकर, ऊपरी देव लोकों का दर्शन करा दिया। इसीलिये कबीर साहब ने कहा है कि तीन लोक नव खण्ड में गुरु से बड़ा न कोय। करता करै न करि सकै, गुरु करै सो होय। लेकिन इसके लिये भेदी गुरु होना चाहिये। भेदी लीजै साथ करि दीन वस्तु लखाय, कोटि जनम का पंथ था, पल में पहुंचा जाय। यह रास्ता शब्द पर आधारित है। जिस प्रकार से हम मोबाइल के द्वारा दूर देश में बसे प्रियजन से बात कर लेते हैं ठीक उसी प्रकार शब्द का तार अन्तर में जुड़ते ही छिन आवै, छिन जाय की स्थिति इसी जीवात्मा की हो जाती है। यह मरने से पहले देवी देवताओं के लोकों में भ्रमण करने लगती है और वापस फिर अपने मानव तन रूपी घोसले में आ जाती है। एक लोकोक्ति प्रचलित है कि ह्यह्यगुरु करैं जानि कै, पानी पिये छानि कै ह्नह्न हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने जयगुरुदेव नाम की जहाज लगाकर, भवसागर से पार जाने के लिये आवाज लगाई है यदि धरती के सारे जीव इस जहाज पर चढ़ जांये तो भी यह जहाज सबको पार कर देगा। उन्होंने आपस में प्रेम से मिल जुलकर रहते हुये जीवन यापन करने की अपील की। सत्य, दया, प्रेम व करुणा आदि मानवीय गुणों को अपना कर शाकाहारी नशा मुक्त रहकर अच्छे समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील किया। उन्होने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक मथुरा जयगुरुदेव आश्रम पर होने वाले होली महापर्व पर आने का निमन्त्रण भी दिया। इस अवसर पर देशराज, अशोक, रमाकान्त, कृष्णकान्त, रामेश्वर, ओमवीर सिंह, सत्येन्द्र सिंह, दृगपाल सिंह, जगपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## रामसेवक बसपा के नये जिलाध्यक्ष

**बांदा।** बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर जिले में रामसेवक प्रजापति को बसपा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस दौरान बसपा कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारी मुकेश कुमार अहिरवार, अशोक कुमार गौतम, बलदेव प्रसाद वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व मंडल प्रभारी बसपा, रामबाबू चिरगैंया आदि चित्रकूट धाम मंडल के प्रभारियों ने इस आशय की घोषणा की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने अम्बेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान गुलाब वर्मा सदस्य जिला पंचायत, राजू राही, संतोष कुमार वर्मा, मूलचंद यादव, मलखे श्रीवास, सुखलाल बौद्ध आदि लोग उपस्थित रहे।

## तालाब किनारे मिला लापता बच्चे का शव

**बहेड़ी, बरेली।** ननिहाल में मां के साथ गए दो वर्षीय मासूम बालक का शव गुनाह जवाहरपुर में तालाब किनारे पड़ा मिला। शव मिलने से उसके घर में कोहराम मच गया। शव काफी सड़ चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव जादौपुर की रहने वाली रुकसार पत्नी कामिल बीती 9 फरवरी को (2) साल के बच्चे अब्दुल हादी को साथ लेकर अपने भाई सादिक अली के घर आई हुई थी। उसका पुत्र हादी एक सप्ताह पहले शाम 4 बजे के समय घर से बाहर खेलते समय गायब हो गया था। बच्चे के गायब होने पर वहां खलबली मच गई थी और तमाम रिश्तेदार और माता पिता उसे तलाशने में जुट हुए थे। बालक के अपहरण की रिपोर्ट मां रुकसार की तरफ से बहेड़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। गुरुवार की रात को उसका शव गुनाह जवाहरपुर के तालाब के बाहर पड़ा मिला। सूचना पर इंस्पेक्टर संजय तोमर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव मिलने की खबर पाकर बालक के मां बाप का बुरा हाल हो गया। उसकी मां बदहवास हो गई। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। उसके आने के बाद पुलिस अगला कदम उठाएगी।

## कार्यशाला कर स्वच्छ सर्वेक्षण की जानकारी दी

**ललितपुर।** नगर पालिका के सभाकक्ष में स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने सभी स्वास्थ्य नायकों व ड्राइवरों स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बताया कि सभी डोर-टू-डोर जाकर कूड़ा का कलैक्शन करें व जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। वार्डों में जो भी घर कूड़ा गाडि ?ों में अपने घर का कूड़ा नहीं डालते है, उन घरो को चिन्हित कर, उन्हें जागरूक करें, यदि फिर भी वह नहीं मानते है तो उन सभी को नोटिस जारी करें। इस दौरान दीक्षांक संस्था को कूड़ा गाडि ?ों में लाउड स्पीकर व जीपीएस लगवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ईओ ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सिटीजन फीड बैक का पोर्टल भी ओपन हो गया है, जनता को जागरूक करते हुए अपने घर, परिवार, आसपास के लोगों से नगर पालिका के लिए अच्छा फीड बैक के लिए पोर्टल पर जाकर हिन्दी और इंग्लिश दोनों में दिया जा सकता है। इस दौरान फीड बैक देने के लिए नगर पालिका परिषद को नंबर वन बनाने में सगयोग किये जान की है। इस दौरान कहा गया कि जितने भी वाहन चालक है वह अपने-अपने वाहनों के जॉब कार्ड बनवा ले।

# पति बना पत्नी का कातिल

जिला संवाददाता(vol)



**बरेली।** उत्तर प्रदेश प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की आठवीं बटालियन में सनसनी मच गई जब एक जवान की प्यार, धोखा और कत्ल से सजी खौफनाक कहानी का पदार्फाश हुआ। एक पति जिसने सात फेरे लेकर साथ जीने-मरने की कसम खाई थी। वही अपनी पत्नी के लिए जल्लाद बन गया। वजह थी एक औरत का प्यार। जिसके लिए उसने ऐसा खेल रचा कि पुलिस भी हैरान रह गई।

पीएसी जवान रवि कुमार की शादीशुदा जिंदगी के पीछेएक ऐसा राज छिपा था। जिसे जानकर किसी की भी रूह कांप जाए। उसकी शादी को कुछ साल हुए थे। तीन बेटियां भी थीं। लेकिन दिल किसी और पर आ गया। वह अपनी पत्नी मीनू से छुटकारा पाना चाहता था। लेकिन तलाक से नहींङ्ख सीधे मौत से।

रवि ने अपनी पत्नी की हत्या की सुपारी दी डेंटिंग-पेंटिंग मिस्त्री शानू को। शानू ने इसमें अपने साथी नर्सिंग असिस्टेंट जतिन को भी मिला लिया। तीनों ने मिलकर एक परफेक्ट मर्डर की साजिश रची—कोई खून नहीं, कोई हथियार नहींङ्खसिर्फ एक जहरीला इंजेक्शन। सात जहर के इंजेक्शन ने ली मीनू की जानबीती 22 फरवरी को रवि अपनी पत्नी मीनू को दवा दिलाने के बहाने पीएसी परिसर से बाहर लेकर निकला। रास्ते में पहले से तय प्लान के मुताबिक शानू और जतिन गाड़ी में बैठ गए। जतिन के पास था 65 एमएल जहर जिसे उसने सिरिंज में भर रखा था। गाड़ी कुछ दूर चलते ही मौत का खेल शुरू हो गया। शानू ने मीनू के हाथ पकड़ लिए और जतिन ने एक के बाद एक सात इंजेक्शन उसके शरीर में उतार दिए।

जहर तेजी से असर करने लगा। मीनू की आंखें झपकने लगीं, सांसें धीमी पड़ने लगींङ्खऔर चंद मिनटों में उसकी दुनिया हमेशा के लिए अंधेरी हो गई। अब बारी थी इस हत्या को लूट की वारदात दिखाने की। रवि ने तुरंत अपने दोस्त संजय सैनी को फोन किया बोला ₹भाई तीन-चार बदमाशों ने हमला कर दिया, मेरी बीवी को लूटकर मार डाला। लेकिन पुलिस भी इतनी आसान शिकार नहीं थी। मौके पर पहुंची तो रवि कुमार लिप्टिस के बाग में बेसुध पड़ा था और कार में मीनू की लाश थी। पुलिस को रवि की कहानी में झोल नजर आया। जब कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाली गई तो एक नंबर पर उसकी लगातार बातचीत ने पूरी साजिश का राज खोल दिया। बेटियां बनीं गवाह, भूत-प्रेत की अफवाह से भी नहीं बच पाया हत्यारा

रवि के झूठ की परतें खुलती चली गईं। उसकी तीन बेटियों ने बताया कि पापा मम्मी को रोज पीटते थे। वो मीनू को लेकर अफवाह फैलाता था कि उस पर भूत-प्रेत का साया है, ताकि लोग उसकी हत्या को बीमारी समझें।

## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान आज से

**ललितपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 1 से 12 मार्च, 17 व 18 मार्च 2025 तक चलाया जायेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमे घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिये चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभियान के दौरान 1075 टीमें कुष्ठ रोगियों को खोजेंगी। प्रत्येक पांच टीमों पर 01 सुपरवाईजर नियुक्ति किया गया है। इस प्रकार कुल 215 सुपरवाईजर 1075 टीमों के कार्यो का पर्यवेक्षण करेंगे। सीएमओ ने बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता एवं ज्ञान का अभाव कलंक तथा भेदभाव की ओर ले जाता है, जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणाएं समाज में फैलती है। उन्होंने कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों से भेदभाव न करने की अपील की। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. आशीष अग्निहोत्री ने कहा कि अभियान की अवधि में अधिक से अधिक कुष्ठ रोगियों की पहचान की जायेगी, जिससे रोग के रोकथाम में मदद मिलेगी।

उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टिरियम लैप्रि नामक बैक्टिरिया के कारण होता है। कुष्ठ रोग के लक्षण त हाथ पैर या पल्को की कमजोरी आदि हो सकती है।

# महिलाओं को बैंकिंग सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की गोष्ठी में जानकारी दी




जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** नगर पालिका परिषद अफजलगढ के सभाकक्ष में जिला सहकारी बैंक लि0 अफजलगढ़ शाखा की ओर से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे महिलाओं को वित्तीय योजनाओं और बैंकिंग सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

नगर पालिका परिषद अफजलगढ के सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड अफजलगढ़ शाखा के प्रबंधक अपूर्व दीक्षित ने आयोजित शिविर में सभी उपस्थित महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें कहा कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की वित्तीय शिक्षा और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होनें कहा कि गोष्ठी का माध्यम से जिले के अन्य हिस्सों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग बैंकिंग प्रणाली से जुड़कर सुरक्षित वित्तीय भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। प्रबंधक अपूर्व दीक्षित ने कहा कि महिलाएं गृह लक्ष्मी योजना के तहत अपनी सुविधा अनुसार खाता खोल सकती हैं। अटल पेंशन योजना में महिलाएं एकमुश्त राशि जमा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बैंकों में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए हैं। वही गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह ने कहा कि आज जो जिला सहकारी बैंक अफजलगढ़ द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। गोष्ठी में उपस्थित सभी महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी उपस्थित महिलाओं से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह व संचालन दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर लिपिक संजीव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, सफाई नायक रोहिताश पंवार, लक्ष्मी देवी, सोनम देवी, बैंक कर्मचारी गौरव चैहान, अरूण कुमार, फईम अंसारी, यशोदा देवी, गुलफ्सा परवीन आदि उपस्थित रहे।

## दस्तारबंदी के प्रोग्राम में हिफ्जे कुरआन करने पर 11 बच्चों इनाम से नवाजा



**नगीना, बिजनौर।** दस्तारबंदी के प्रोग्राम में हिफ्जे कुरआन की हुई और 11 बच्चों का नाजरा कुरान की दास्तान बंदी की गई। प्रोग्राम की निजामत मौलाना रिजवान साहब सदारत मुफ्ती उवैस साहब इमाम जामा मस्जिद नगीना ने की जिसमें तीन बच्चों मोहम्मद आधान मोहम्मद नावेद मोहम्मद अम्मार की दस्तार बंदी हिफ्जे कुरआन की हुई और 11 बच्चों का नाजरा कुरान की दास्तान बंदी की गई।

मदरसा दारुल अर्काम मोहल्ला सराय मीर स्टार बैंकेट हाल में बीते दिन हिफ्जे कुरआन करने वाले बच्चो को मकतब मदरसे की तरफ से इनाम और मेडल से नवाजा गया।

इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की साहब ने बताया कि हमें दुनिया की तालीम के साथ दीनी तालीम का भी मुकम्मल तरीके से बच्चों को देनी चाहिए, उसके लिए हमें मकतब में बच्चों को भेज कर उनको दीनी तालीम से आरास्ता करना चाहिए। उन्होंने कहा की रमजान का महीना शुरू हो रहा है तमाम मुसलमान को इसमें रोजा नमाज की पाबंदी करनी चाहिए और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए।

इस प्रोग्राम का इख़्तताम मुफ्ती उवैस अकरम साहब ने दुआ के साथ कराया। इस मौके पर मुफ्ती उस्मान साहब ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हाजी तंजील आलम, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील, मुफ्ती अबरार, मुफ्ती अली, मौलाना रिजवान, मौ0 फरमान, मौ0 दानिश, मुफ्ती अरशद, मुफ्ती मुशाहिद, मुफ्ती उस्मान, मौलाना अतीक, मौ0 साकिब, मौ0 अफजल, पत्रकार राशिद उस्मानी, शाकिर उस्मानी, अतीक भारती, मौ0 साकिब इादि मौजूद रहे।

# नदियों में प्रदूषण की रोकथाम पर दिया जोर



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नदियों में प्रदूषण की रोकथाम एवं नदियों के किनारे जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु गंगा ग्रामों में जागरूकता गोष्ठी के आयोजन के निर्देश दिए गए। चयनित 18 गंगा ग्रामों में जिला गंगा समिति सिलसिलेवार तरीके से पंचायती राज विभाग एवं कृषि विभाग के साथ मिलकर गोष्ठियों का आयोजन कराएगी।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा, खाद्य सुरक्षा, और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जैविक खेती की जरूरत है। इसमें रासायनिक खादों व कीटनाशकों की जगह उपज बढ़ाने और फसलों के सामयिक संरक्षण के लिए पूरी तरह जैविक उत्पादों का प्रयोग होगा जिससे रासायनिक खाद व

● जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

कीटनाशक का जहर नदियों में नहीं घुल सकेगा। नगर पालिका को जनपद में प्रवाहित नालों की मैपिंग, टैपिंग, स्क्रीन इंस्टालेशन एवं फायटोरेमेडिएशन कार्य में तेजी लाने के साथ दैलवारा में स्थापित फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के क्रियान्वयन में आ रहे गतिरोधों को जल्द समाप्त करने एवं लीकेज की समस्या को जल निगम के माध्यम से जल्द निस्तारित के निर्देश दिए गए। पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली सूचनाओं को प्रभावी बनाने के लिए सम्बंधित विभागों के साथ मार्च माह में प्रभागीय निदेशक कार्यालय में वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश जारी किये गए। बैठक का संचालन प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह द्वारा किया गया। बैठक में डीपीआरओ नवीन मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि डा.राजेश भारती, उद्यान अधिकारी परवेज खान, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिल शर्मा, लोक निर्माण विभाग से जयप्रकाश खरे, डी.पी.एम नगर पालिका दीपक कुमार, बुंदेलखंड सेवा संसथान से वासुदेव सिंह, कृषि विभाग से कमोदी लाल, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

## शिविर लगाकर राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने की जनसुनवाई




**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन द्वारा चांदपुर गेस्ट हाउस में जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई आयोजन किया गया। महिला जन-सुनवाई में उपस्थित 14 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को सदस्य संगीता जैन के समक्ष रखा गया। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकताओं द्वारा आवास बनवाने, घरेलू हिंसा, आंगनवाडी केन्द्र बनवाने, घरेलू/पति-पत्नि विवाद से संबंधित शिकायतें पेश की गईं। सदस्य द्वारा पीड़िताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारीगण को तत्काल/एक सप्ताह के भीतर निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया गया। सदस्य संगीता जैन ने जनसुनवाई के उपरान्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चान्दपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केवल 01 नर्सिंग स्टाफ उपस्थित पायी गयी, अन्य कोई उपस्थित नहीं पाया गया। सदस्य द्वारा आंगनबाडी केन्द्र स्याऊ चान्दपुर में 02 महिलाओं की गोद भराई एवं 02 महिलाओं को अन्नप्राशन कराया गया। इसके पश्चात उनके द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं थाना चांदपुर का भी निरीक्षण किया गया। सदस्य के जन-सुनवाई एवं निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपजिलाधिकारी चांदपुर, सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, नायब तहसीलदार चांदपुर तथा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संघ के पदाधिकारियों तथा वाहन स्वामियों की बैठक

**बांदा।** परिवहन आयुक्त द्वारा आयोजित वीडीओ कान्फ्रेंसिंग में दिए गये निर्देशों के अनुपालन में संभागीय परिवहन कार्यालय में बस, ट्रक, ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों तथा वाहन स्वामियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जय सिंह कछवाह, दीपक सिंह, देवेन्द्र सिंह, देवीदीन, अभिनव गुप्ता, मयंक गुप्ता, शशांक शेखर सिंह मौजूद रहे। यूनियन के पदाधिकारियों तथा वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया कि सभी वाहन स्वामी अपने व्यवसायिक वाहनों का कर समय से जमा करें। वाहन स्वामियों, यूनियन के पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सड़क के किनारे वाहन पार्क न किए जाएं। वाहन चालकों से 8 घंटे से अधिक ड्यूटी न ली जाए। वाहन चलाते समय नशे का सेवन न किया जाए। अपने परिवार तथा आस-पास के सभी लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग किए जाने के लिए अधिक से अधिक जागरूक किया जाए ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं में अधिक से अधिक कमी लाई जा सके। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें।

# व्यापारियों को जागरूक करें स्वास्थ्य नायक



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद सभागार में अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ईओ ने सभी स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कॉमर्शिलय क्षेत्र में व्यापारियों को जागरूक करें कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठान का कचरा नगर पालिका के वाहनों में ही डाले। कहा कि कामर्शिलय क्षेत्रों अधिकांश देखा गया है कि सुबह 07.30 बजे तक कामर्शियल क्षेत्रों में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा सड़कों, गलियों सहित नाले, नालियों की सफाई करा दी जाती है, लेकिन सुबह करीब 10 बजे तक प्रतिष्ठान खुलने पर प्रतिष्ठान संचालकों/व्यापारियों द्वारा नालियों, सड़कों आदि में कचरा फैला दिया जाता है। ईओ ने समस्त व्यापारियों से अपील की गई है कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों में डस्टबिन अवश्य रखें, जब पालिका का कूड़ा वाहन आता है तो वह उसमें ही अपना कूड़ा डाले। नालियों, सड़कों आदि पर कचरा डालकर गंदगी न फैलाये। यदि कोई भी व्यापारी नालियों व सड़कों पर कचरा फैंकते हुए पाया जाता है तो पालिका द्वारा रूपया 2 हजार रुपये की रसीद जारी करते हुए उन्हें डस्टबिन उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप, कर अधीक्षक राजेश जैन, पार्षद अशोक कुमार पंथ, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, कनिष्ठ लिपिक अमित पाराशर, गैरिज प्रभारी संजय कुमार, अमित, तरूण, अमित पाण्डेय, दीपक कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर शमीम खांन, जितेन्द चन्देल सहित समस्त स्वास्थ्य नायक, ड्राईवर सहित पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि ऋण एक्सपो का आयोजन आज

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। शनिवार को जिले में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा कृषि ऋण एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस बहुउद्देशीय कृषि ऋण एक्सपो का उदघाटन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा किया जायेगा। वहीं प्रधान कार्यालय से महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे। झांसी मंडल प्रमुख राजीव बंसल ने बताया कि इस ऋण एक्सपो का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर आधारित होगा। इस एक्सपो में कृषि कार्यों तथा उससे जुड़े उस प्रत्येक कार्य के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा, जो हमारी देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग देने वाली कृषक आबादी को संबल प्रदान करे। कहा कि प्रधानमंत्री का भी सपना है कि देश का किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने, जो देश के विकास में अपना अधिकतम सहयोग प्रदान करें। हमारे देश का किसान, जो देश की कुल आबादी का लगभग 70 प्रतिशत है, देश में कृषि आधारित रोजगार के सृजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

मण्डल प्रमुख ने आगे बताया कि मंडल कार्यालय, अखिल भारतीय स्तर पर स्वयं सहायता समूह को ऋण देने में पिछली कई तिमाही में प्रथम स्थान पर रहा है और बैंक स्तर पर भी इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। स्वयं सहायता समूह में हस्तशिल्प, सौन्दर्य प्रसाधन उत्पादों का निर्माण, प्रबंधन और विपणन, महिला स्वच्छता उत्पादों का निर्माण, कागज, चमड़े तथा पत्तों के उत्पादों का निर्माण, जल कृषि से जुड़े रोजगार, हथकरघा, सामुदायिक खेती करना, खाद्य प्रसंस्करण, साबुन आदि बनाना और बेचना आदि, बेकरी उत्पाद बनाना और अन्य प्रकार और उशामिल करना है और इस क्षेत्र में रोजगार के प्रशिक्षण हेतु बैंक ने झांसी और ललितपुर जिलों में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए गए हैं और इससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ऋण के लिए प्राथमिकता प्रदान की जाती है और उनके स्वयं के रोजगार को स्थापित करने में बैंक सहायता प्रदान करता है और इस एक्सपो की भी यही प्राथमिकता है।

इस आयोजन में बैंक की ललितपुर जिले में स्थापित सभी 20 शाखाएं सहभागिता करेंगी और किसानों को उमें कृषि ऋण आधारित ऋण एक्सपो आयोजन इतने बड़े स्तर पर पहली बार किया जा रहा है, जो कि विगत वर्षों में कभी नहीं किया गया है। इस आयोजन को मंडल प्रमुख राजीव बंसल की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उप मंडल प्रमुख धीरेन्द्र कुमार शशि, रैम प्रभारी मनीष राय, सहायक महाप्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक रंजीत कुमार की उपस्थिति रहेगी।

## मासूम को बंदर ने काटा किया लहूलुहान

**सिरौली, बरेली।** सिरौली में जंगली सूअर के हमले के बाद अब बंदर छोटे-छोटे मासूम बच्चों को हमला कर घायल कर रहे हैं। जिससे नगर वासियों में दहशत का माहौल है। गुरुवार को नगर सिरौली के मोहल्ला घेर के रहने वाले तीन वर्ष के लक्ष्य पुत्र मनोज प्रजापति को घर में खेलते हुए बंदर भिड़ गए। जहां मासूम बच्चा घायल हो गया परिजनों ने उसे अस्पताल ले गए जहां मासूम बच्चे का उपचार चल रहा है। नगर सिरौली की बात करें तो नगर सिरौली के जंगलों में कुछ दिन पहले जंगली सूअर किसानों पर हमला कर उनको घायल कर रहे थे। लेकिन अब नगर सिरौली में बंदरों का आतंक देखने को मिल रहा है। जिनके हमले से छोटे-छोटे मासूम बच्चे घायल हो रहे हैं।

## प्रेमाधाम आश्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया गया होम्योपैथिक शिविर




**बिजनौर।** प्रेमाधाम आश्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर जिसमें सहवासियों की रोग की जांच कर दवाई दी गई। नजीबाबाद हरिद्वार मार्ग स्थित प्रेमाधाम आश्रम में बीते दिन जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी बिजनौर डॉ0 आरती गुप्ता के निर्देश में दिव्यांग सहवासियों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में दिव्यांग सहवासियों के रोगों की गई। जांच के बाद दवा का वितरण कर सेवन के बारे में जानकारियां दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उषा कुशवाहा ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस दौरान शिविर में डॉ0 उषा कुशवाहा प्रभारी चिकित्साधिकारी बिजनौर, कमल किशोर मौर्या फार्मासिस्ट, राम सिंह, उपकार सिंह डॉक्टर अफीफा, आश्रम प्रबंधक फादर बिन्नी, फादर शिबू, फादर लिंटो, सिस्टर अनसिना थॉमस सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# होली रंग गुलाल समिति के तत्वाधान में प्रमोद चौहान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



**नगीना, बिजनौर।** होली रंग गुलाल समिति के तत्वाधान में हर वर्ष होली के पावन पर्व पर दूल्हेडी के दिन निकलने वाले सूखे रंग (गुलाल) के जुलुस को लेकर हवन होली रंग गुलाल समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान की अध्यक्षता व मंत्री दीपक अरोडा के संचालन में सम्पन हुई। संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता के आवास पर आयोजित समिति की बैठक में आने वाले होली पर्व पर निकलने वाले सूखे रंग (गुलाल) जुलुस को लेकर विस्तृत चर्चा व विचार विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान ने बैठक की सम्बोधित करते हुए कहा की हमें सांप्रदायिक सौहार्द रखते हुए अपने पर्व को उत्साह के साथ मनाना है। उन्होंने आगे कहा की जुलूसों का महत्त्व जनसहभागिता से है इसलिए हमें प्रयास करना है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग जुलूस में शामिल होकर सहभागिता करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि हिन्दू देवी -देवताओं की वेशभूषा में कलाकारों से जुलूस में नृत्य नहीं कराया जायेगा। जुलूस पूरी तरह से सनातनी परम्पराओं का पालन करते हुए निकाला जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी जुलूस पुरे उत्साह व उमंग के साथ निकाला जायेगा व जुलुस में हास्य विनोद के लिए कुछ नई चीजों को शामिल किया जायेगा। बैठक में हवन होली रंग गुलाल समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान ने आगामी वर्ष 2025-26 के लिए समिति की कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता, अनिल गुप्ता बंधु, विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय वर्मा, हेमंत चैहान, अध्यक्ष प्रमोद चैहान उपाध्यक्ष, सौरभ मित्तल, मंत्री दीपक आरोड़ा, प्रचार मंत्री ओमपाल सैनी, सचिन शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, धर्मेंद्र राठी, अरुण शर्मा, लवी मित्तल, पवन काम्बोज को बनाया गया।

## चकबंदी अधिकारी किसानों को सुनकर करें निर्णयः डीएम

**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कामों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी अधिकारी तथा सहायक चकबंदी अधिकारी को आदेशित किया कि चकबंदी कामों में तेजी लाएं और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें। उन्होने निर्देश दिए कि जिन गांवों में पड़ताल का कार्य किया जा रहा है उसे तेज गति से पूर करें। जिन गांवों में चकबंदी के संबंध में आपसी विवाद हो उन विवादों को प्राथमिकता पर सुनते हुए समाधान करें। अन्यथा की दशा में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। चकबंदी अधिकारी के कामों में कमी लाए जाने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उनहोने कहा कि चकबंदी से संबंधित कामों में देरी व शिथिलता पाए जाने खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने को डीएम ने दिए निर्देश

**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी जे0 रीभा ने की। डीएम ने बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस तथा परिवहन विभाग द्वारा रोड सेफ्टी क्लब का गठन कर जागरूकता लाने के निर्देश दिए।

बाबूलाल चैराहे पर डिवाइडर बनाए जाने एवं ट्रैफिक लाइट के समय में बदलाव किए जाने के बारे में निर्देश दिए। दुर्घटनाओं की सूचना पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बाहर से आने वाले एवं ओवरलोड वाहन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जाम की समस्या को देखते हुए एकल मार्ग बनाए जाने के बारे में भी निर्देश दिए। दो पहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों के संचालन में हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए। पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को बिना हेलमेट व नशे का सेवन कर वाहन संचालन करने वालों की सघन चेकिंग कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। बांदा-फतेहपुर मार्ग में महोखर व तिंदवारी में सड़क पर छोटी स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए।

# विज्ञान के लाभ की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बेहद पते की बात कही है और वह यह कि विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान का लाभ उठाया जाए। मौजूदा दौर तकनीकी का है। जो भी व्यक्ति समय के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है, वही आगे बढ़ता है। जो नई तकनीकी को सीखने-समझने में आनाकानी करता है, वह विकास की दौड़ में काफी पीछे छूट जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जानते हैं कि देश का सम्यक विकास तभी संभव है, जब हर व्यक्ति का साथ मिले। अब वह दौर नहीं रहा कि धोती वाला कमाए और टोपी वाला खाता रहे। मौजूदा दौर में हर हाथ कोकार्यरत होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने कौशल विकास प्रशिक्षण योजना को पहले ही अंजाम तक पहुंचा रखा है। भारत की विदेश नीति को भी हर संभव ऊंचाई दी है लेकिन उन्हें यह भी पता है कि उनके देश में तरक्कीपसंदों से कहीं अधिक लोग उनकी टांग खींचने वाले हैं। विकास के मार्ग में रोड़ा अटकाने वाले हैं। देश में जिस तरह की राजनीति हो रही है, ऐसे में जरूरी है कि जनबल और धनबल का तो समुचित इस्तेमाल हो ही, तकनीकी पर भी जमकर ध्यान केंद्रित किया जाए। आज की तिथि में जिस तरह लोग इंटरनेट और डिजिटल तकनीक से मित्रवत जुड़ रहे हैं, वह अपने आप में एक सुखद संयोग है।



**प्रधानमंत्री ने देशके युवाओं से अपील की है कि वे वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लें और एक रात वैज्ञानिक के रूप में बिताएं।**

प्रधानमंत्री आकाशवाणी पर तो निरंतर देश का मार्गदर्शन करते ही हैं, देश की युवा पीढ़ी को भी निरंतर संवाद के जरिए आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते हैं। हाल के वर्षों में हुए अंतरिक्ष अभियानों में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का उन्होंने जिस तरह मनोबल बढ़ाया, वह किसी से छिपा नहीं है। विफलता पर भी पीठ थपथपाने और यह मार्गदर्शन करना कि दुनिया इससे भी आगे है, यह अपने आप में बड़ी बात है। यूं तो राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल मनाया जाता है और इस निमित्त वैज्ञानिकों और इस क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देने काचलन भी वर्षों पुराना है लेकिन प्रधानमंत्री ने हर चुनौती में अवसर तलाशने का जो मंत्र इस देश की युवा पीढ़ी को दिया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। उन्होंने विज्ञान और नवाचार को लोकप्रिय बनाने और इसे विकसित भारत के निर्माण के औजार के रूप में इस्तेमाल करनेकी नसीहत दी है। हाल ही में आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि युवाओं को वैज्ञानिक गतिविधियों में नियमित भाग लेनाचाहिए। साथ ही वैज्ञानिक के रूप में एक दिन बिताने की कोशिश भी करनी चाहिए। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भारत सरकार ने 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। इसी दिन सर सी वी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की घोषणा की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आज देशके पासजोकुछ भी है, उसके पीछे विज्ञान की बड़ी भूमिका है। इसमें संदेह नहीं कि विज्ञान ने हमारी सोच-समझ के दायरे को विकसित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। विज्ञान के बिनाआज की तिथि में जीवन की सहजता औरसरलता की व्यक्ति कल्पना भी नहीं कर सकताले किन चिंता का विषय है कि पूर्व के वर्षों में जिस तरह विज्ञान के अध्ययन के प्रति रुचि घटी है, वह बेहद चिंताजनक है। छात्रत्रबीएससी-एमएमसी तो कर लेते हैं लेकिन वैज्ञानिक क्षेत्र में जाना बहुत उचित नहीं समझते लेकिन उन्हें एपीजे अब्दुल कलाम सरीखे राष्ट्राध्यक्षों की जीवनशैली से प्रेरणा मिली है। पहले की सरकारें भी वैज्ञानिक शिक्षा की ओर अन्यमनस्क हुआकरती थीं लेकिन अब हर बजट में वैज्ञानिक नवाचारों के लिएकुछ न कुछ होता है। स्कूलों में बच्चे भांति त्रभांतिके वैज्ञानिक प्रदर्श तैयार कर रहे हैं। यह सब इसबातका द्योतक है कि नई पीढ़ी ज्ञान-विज्ञान के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को दृढ़ प्रतिज्ञ है। जब इस देशका युवा वैज्ञानिक शोधऔर आविष्कारों में रत होगा तो इस देश को प्रगति की छलांग लगाते देर नहीं लगेगी।

**विचार**

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

– रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

– महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

– वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

– गेटे.

# देश को उत्तर और दक्षिण में न बांटें स्टालिन

शाहिद ए चौधरी

> भारतीय राजनीति में उत्तर और दक्षिण करने काप्रयास बेहद घातक है। जनसंख्या के अनुपात में सीटों का निर्धारण अगर किया जाताहै तो इससे परिवार नियोजन का पालन करने वाले राज्यों को एक तरह से सजा मिलेगी और परिवार नियोजन की धज्जियां उड़ाने वाले प्रोत्साहित होंगे जो कदाचित उचित नहीं होगा।



कोयंबटूर में 26 फरवरी 2025 को भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि परिसीमन पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा लोगों को गुमराह करना निंदनीय है। उनके अनुसार, स्टालिन का यह दावा सही नहीं है कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु की लोकसभा सीटें कम हो जायेंगी; क्योंकि प्रधानमंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि परिसीमन के कारण कोई राज्य अपनी लोकसभा सीटें नहीं खोयेगा बल्कि तमिलनाडु व दक्षिण भारत के अन्य राज्य प्रो-राटा (अनुपात में) आधार पर अधिक सीटें पायेंगे।

दूसरी ओर परिसीमन के संभावित परिणामों पर चर्चा करने के लिए स्टालिन ने 5 मार्च 2025 को एक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। तमिलनाडु में फिलहाल लोकसभा की 39 सीटें हैं। स्टालिन और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू अपने अपने राज्यों के नागरिकों से जनसंख्या वृद्धि करने की अपील कर रहे हैं ताकि उनके राज्यों का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम न हो और वह उत्तर के राज्यों के मुकाबले में राष्ट्रीय राजनीति में कमजोर न पड़ें। एक तरह से यह उत्तर बनाम दक्षिण करने का प्रयास है और संभवतः स्टालिन तथाकथित हिंदी थोपे जाने का मुद्दा भी इसी वजह से उठा रहे हैं।

सेंसस ऑफिस का जो भारतीय जनसंख्या के लिए मार्च 2025 का अनुमान है, अगर उसके आधार पर मोटा-मोटा हिसाब लगाया जाये तो राज्यों की लोकसभा सीटों में कमी न होने के बावजूद जनसंख्या के आधार पर जो सीटों में उनकी हिस्सेदारी प्रतिविम्बित हो रही है, उससे लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर लगभग 790 हो सकती हैं। इस परिदृश्य में केरल की लोकसभा सीटें तो 20 ही रहेंगी, लेकिन शेष सभी प्रमुख राज्य अपनी सीटों में इजाफा देखेंगे। बहरहाल, लोकसभा सीटों में हिस्सेदारी की दृष्टि से दक्षिण के राज्यों को बड़ा नुकसान हो सकता है। वर्तमान में पांच दक्षिण राज्यों के पास 129 सीटें हैं यानी लोकसभा में उनकी हिस्सेदारी 24 प्रतिशत है। लेकिन 790 सीटों वाली लोकसभा में उनके पास 152 सीटें होंगी यानी उनकी हिस्सेदारी घटकर 19 प्रतिशत के आसपास रह जायेगी। तमिलनाडु की वर्तमान में हिस्सेदारी 7.2 प्रतिशत है, जो घटकर 5.4 प्रतिशत रह जायेगी। इसकी तुलना में हिंदी पट्टी के राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान व मध्य प्रदेश) के पास वर्तमान में 174 या 32 प्रतिशत सीटें हैं। लेकिन 790 सदस्यों वाली लोकसभा में यह संख्या बढ़कर 300 या लगभग 38 प्रतिशत हो जायेगी। अकेले उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 133 हो जायेंगी। लेकिन यह तो जनगणना के बाद का सामान्य अनुमान है, क्योंकि पहले से ही यह कुचर्चा फैली हुई है कि दक्षिण भारत की सीटें कम हो जाएंगी, इसलिए ऐसा नहीं होगा इसके लिए कोई न कोई रास्ता निकाला जायेगा, ऐसा प्रधानमंत्री मोदी भी कह चुके हैं।

**परिसीमन पर राजनीति**

हर जनगणना के बाद परिसीमन करना तय किया गया था ताकि जनसंख्या के आधार पर प्रत्येक राज्य की सीटों में हिस्सेदारी को प्रतिविम्बित किया जा सके और आवश्यक रूप से एक-व्यक्ति-एक-वोट के सिद्धांत को सुनिश्चित किया जा सके। यह आवधिक एक्सरसाइज इसलिए भी जरूरी है क्योंकि जनसंख्या के बढ़ने के साथ अगर सांसदों या विधायकों की संख्या में वृद्धि नहीं होगी तो बढ़ी जनसंख्या का सही से प्रतिनिधित्व करना उनके लिए असंभव नहीं तो कठिन अवश्य हो जायेगा। चूंकि जनसंख्या नियंत्रण उस समय का प्रमुख मुद्दा था, इसलिए आपातकाल के दौरान लाये गये 42वें संशोधन में कहा गया कि 2001 की जनगणना तक राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित सीटों में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। फिर 2001 के 91वें संशोधन ने इस प्रतिबंध को 2026 के बाद की पहली जनगणना तक के लिए बढ़ा दिया। विचार यह था कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम किया है या कर रहे हैं उनकी सीटों का हिस्सा कम करके उन्हें सजा नहीं दी जानी चाहिए और ऐसा कई बार कहा जा चुका है।

इस पचास वर्ष से अधिक के प्रतिबंध का नतीजा यह निकला है कि आज सीटों में राज्यों की हिस्सेदारी उनकी जनसंख्या के अनुपात में नहीं है। अगर मार्च 2025 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर देखा जाये तो केरल में हर 18 लाख लोगों के लिए एक सांसद है और राजस्थान में हर 33 लाख लोगों के लिए एक सांसद है, जबकि 1970 के दशक में सभी राज्यों (वास्तव में बहुत छोटे राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर) लगभग हर 10 लाख लोगों के लिए एक सांसद था। अगर एक सांसद 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके लिए मुमकिन ही नहीं है कि वह अपने क्षेत्र के सभी लोगों की समस्याओं व परेशानियों को जान व समझ सके और उसके क्षेत्र के सभी लोगों की पहुंच उस तक हो सके। स्थिति यह है कि अधिकतर लोकसभा क्षेत्रों में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने अपने सांसद से मुलाकात तो दूर उसे देखा तक नहीं। इस समस्या का बहुत आसानी से समाधान निकाला जा सकता है हिस्सेदारी को बदले बिना सीटों की संख्या में इजाफा कर दिया जाये। लेकिन यह अनुपात सिद्धांत का उल्लंघन होगा। अगर अनुपात सिद्धांत को बरकरार रखना है तो उसका अर्थ सीट हिस्सेदारी की दृष्टि से क्या होगा? जाहिर है जिन राज्यों की जनसंख्या पिछले पचास वर्षों के दौरान तेजी से बढ़ी है, उनकी सीटें बढ़ जायेंगी और जिनकी जनसंख्या में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है, उनकी सीटें कम हो जायेंगी। लेकिन यह परिवर्तन कितना होगा? इसका अनुमानित जवाब ऊपर दिया जा चुका है और वही इस समस्या कि जड़ है। भाषा व देशज विविधता पर आधारित संघीय ढांचे में, जोकि भारत है, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि एक राज्य या राज्यों का समूह जो राजनीतिक दबदबा हासिल किये हुए है, उसमें आशंकित भयंकर परिवर्तन को चिंता की दृष्टि से देखा जायेगा।

क्या इस सिद्धांत को संतुलित करने का कोई और रास्ता नहीं है ताकि जिन राज्यों को सीटों या हिस्सेदारी में नुकसान हो सकता है उनकी चिंताओं को संबोधित किया जा सके? अमेरिका ने इस समस्या को इस तरह से संबोधित किया है कि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में तो हर राज्य की हिस्सेदारी उसकी जनसंख्या के आधार पर है, लेकिन सीनेट में हर राज्य समान दो-दो प्रतिनिधि भेजता है और साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि दोनों सदनों में से सीनेट अधिक शक्तिशाली रहे। भारत में यह करना शायद अधिक कठिन होगा कि राज्यसभा (या राज्यों का सदन) को अधिक शक्तिशाली बना दिया जाये और लोकसभा (या जनता के सदन) की शक्ति को कम कर दिया जाये। राज्यसभा में भी हर राज्य का बराबर का हिस्सा नहीं है, मसलन उत्तर प्रदेश के लिए राज्यसभा में 31 सीटें आरक्षित हैं और त्रिपुरा के लिए केवल 1 सीट। हालांकि लोकसभा में पश्चिम बंगाल (42) की सीटें तमिलनाडु (39) से अधिक हैं, लेकिन राज्य सभा में पश्चिम बंगाल (16) को तमिलनाडु (18) से कम सीट आवंटित की गईं हैं। यह असंतुलन अन्य राज्यों में भी देखने को मिलता है। इसका अर्थ यह है कि परिसीमन संबंधी समस्या का समाधान आसान नहीं है। बहरहाल, असल पहेली तो यह है कि परिसीमन पर इस समय क्यों विवाद व बहस है जबकि इसका होना 2026 के बाद की पहली जनगणना के बाद ही होना निर्धारित है?

**सोशल मीडिया**

हजरत खुसरो ने संस्कृत को दुनिया की सबसे बेहतरीन भाषा बताया है। वे भारत के मनीषियों को बड़ेत्रबड़े विक्षनों से भी बड़ा मानते थे। पीएम मोदी.



# अंधेरा कब तक रहेगा

यह अंधेरा कब तक रहेगा? जब तक तुमने स्वयं को शरीर माना है, यह अंधेरा रहेगा। जब तक दीया है, तक तक अंधेरा रहेगा। ज्योति अकेली हो, फिर उसके नीचे कोई अंधेरा नहीं रहेगा। ज्योति सहारे से है। थोड़ी देर को सोचो, ज्योति, ज्योति मुक्त हो गई अकेली आकाश में, उसके चारों तरफ प्रकाश होगा। लेकिन ज्योति दीये के सहारे है। दीया तो ज्योति नहीं है। जितनी जगह दीया घेरेगा, उतनी तो अंधेरे में रहेगी। इसलिए बड़ी विरोधाभासी घटना घटती हैं। दीया सबको प्रकाशित कर देता है और खुद अंधेरे में डूबा रह जाता है। तुम सब को देख लेते हो, बस खुद ही का दर्शन नहीं हो पाता। तुम सबको समझ लेते हो, बस एक ही अनसमझा रह जाता है। वह तुम स्वयं हो। तुम सबकी सहायता कर देते हो, बस एक ही असहाय रह जाता है। वह भीतर। तुम चारों तरफ संपत्ति के ढेर लगा लेते हो, बस भीतर एक खालीपन, एक निर्धनता रह जाती है। जब तक ज्योति शरीर के सहारे है, जब तक तुमने समझा है कि मैं शरीर हूं, जब तक ज्योति को यह भ्रांति है वह दीया, मिट्टी का दीया है; जब तक ज्योति ने साफ-साफ नहीं पहचान लिया कि दीया मिट्टी है और मैं मिट्टी नहीं, आत्मा अग्निधर्मा है, शरीर मिट्टी है। तुमने देखा, कि अग्नि का एक स्वभाव है वह सदा ऊपर की तरफ जाती है, ऊपर-ऊपर। तुम दीये को उल्टा भी कर दो, तो भी ज्योति ऊपर की तरफ जायेगी। तुम ज्योति को उल्टा न कर पाओगे। अग्नि का स्वभाव है ऊर्ध्वगमन। इसलिए सारे ज्ञान को उपलब्ध व्यक्तियों ने आत्मा को अग्निधर्मा कहा है। इसलिए जरथुस्त्र को मानने वाले चौबीस घंटे दीये को जलाये रखते हैं मंदिर में। वह सिर्फ इस बात की खबर है कि अग्नि तुम्हारा स्वभाव है इसलिए सारी दुनिया में अग्नि की पूजा हुई। हिंदू सूर्य को नमस्कार करते हैं। वह नमस्कार सिर्फ अग्नि के ऊर्ध्वगामी स्वभाव को है। जिस दिन महावीर को निर्वाण उपलब्ध हुआ उस दिन जैन दीपावली मनाते हैं। महा-निर्वाण हुआ उस दिन वे, उनकी ज्योति दीये से मुक्त हुई, उस दिन करोड़ों-करोड़ों दीये जलाते हैं। हिंदुओं की बजाय जैनों की दीवाली ज्यादा सार्थक है। हिंदू तो लक्ष्मी की पूजा के लिए दीवाली मनाते हैं। बड़ी उल्टी है। तुम अग्नि को भी लक्ष्मी की पूजा में लगाते हो? जो ऊर्ध्वगामी है, उसको भी अधोगामी की तरफ लगाते हो? जैन दीवाली अवास की रात में मनाते हैं जिसमें महावीर महानिर्वाण को उपलब्ध हुए। बुद्ध ने पूर्णिमा की रात ज्ञान उपलब्ध किया, पर महावीर ने ज्यादा ठीक रात चुनी। अमावस की अंधेरी रात! सब तरफ अंधकार है और महावीर प्रकाश हो गये। अंधेरी अमावस में एक दीया जलाओ, उसकी रोशनी बड़ी प्रगाढ़ होगी।

**– ओशो**

**अंतर्दृष्टि**

# दुनिया को जोड़ने का प्रयागराज महाकुंभ

महापर्व ● सियाराम पांडेय

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम का समापन हो गया। अपने आयोजन के पहले दिन से वह राजनीतिक समर्थन और विरोध के केंद्र में रहा। प्रयागराज महाकुम्भ के त्रिवेणी संगम में करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसमें भारत के लगभग सभी राज्यों के आम और खास लोगों ने डुबकी लगाई। दुनिया के अधिकांश देशों की विशिष्ट हस्तियों और नागरिकों ने भी संगम के पवित्र जल में अवगाहन किया और ऐसा कर खुद को कृतकृत्य माना। दुनिया भर में इस आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना हुई लेकिन भारत में कुछ राजनीतिक दलों ने कुम्भ और सनातन धर्म को बदनाम करने की नापाक चेष्टा भी की।



ऐसे लोगों को यह बताना जरूरी है कि भारतीय संस्कृति दुनिया की पहली संस्कृति है जो हाड़-मांस के जीवित पुतलों को वस्तुतःमानव बनाने का काम करती रही है। स्वार्थ नहीं, परहित ही जिसका अभीष्ट है। भारतीय संस्कृति किसी देश, जाति, वर्ग, सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमा में नही बंधती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वैचारिक अवधारणा को सम्बल प्रदान करती है। यह एक ऐसी आचार संहिता है जो लोक मंगल में विश्वास करती है। सामूहिक लोक जीवन में आत्मीयता और उदारता का संचार करती है। स्नेह, सहयोग, सेवा, सहिष्णुता और सहकारिता के भाव पैदा करती है। इस निमित्त यथेष्ठ वातावरण का निर्माण करती है। मातृ देवो भव, पितृ देवो भव और अतिथि देवो भव के इर्द-गिर्द ही भारतीय चिंतन का महल खड़ा होता है।

यह वह देश है, जहां वैभव नहीं, त्याग और तपस्या को वरीयता दी जाती है। जिन त्रिदेवों पर पूरी सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार की जिम्मेदारी है, वे भी निरंतर तपस्या में लीन रहते हैं। मतलब तपबल से बड़ा कुछ भी नहीं है। तपबल से विधि रचते सृष्टि, तपबल विष्णु करते जग पालन, तप के बल से ही शिव शंकर, करते रहते सृष्टि संहार। भारतीय संस्कृति दुनिया की यह अकेली संस्कृति है जो वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः का उद्घोष करती है। ऐसी विश्ववारा भारतीय संस्कृति को भी राजनीतिक चश्मे से देखने और उसे लांछित करने के प्रयासों की जितनी भी आलोचना की जाए, कम है।

भारतीय संस्कृति के आलोचकों को इतना तो पता होना चाहिए कि भारत एक ऐसा देश है, जहां विचारों के प्रवाह को कभी अवरुद्ध नहीं किया गया। आस्तिकता को अगर महत्व दिया गया तो नास्तिकता को भी खारिज नहीं किया गया। नास्तिकता के पुरोधा चार्वाक को भी इस देश ने महर्षि का दर्जा प्रदान किया। दुनिया के किसी भी पंथ में विरोधी को अपने से ऊंचा आसन देने की परंपरा नहीं रही है। निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय जैसी बात भारत ही कह सकता है। इसकी एक वजह यह है कि भारत ही वह देश है जो जीव जगत में ईश्वर की उपस्थिति महसूस करता है। जड़, जंगम स्थावर तक में परम प्रभु के दीदार करता है।

महाकुंभ तो अनेकता में एकता का महापर्व है। विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं और विचारधाराओं का मिलन पर्व है।

भारत सही मायने में एक उत्सवधर्मी देश है। वर्ष के हर दिन उसके लिए उत्सव होते हैं। स्वयं प्रसन्न रहना और किसी को भी दुखी न देखना ही सनातन धर्म है। जो अपने लिए प्रतिकूल हो, ऐसा व्यवहार दूसरों के प्रति न करना ही धर्म है और ऐसा भारत में ही सम्भव है। आत्मनःप्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत एष धर्मः सनातनः। गोस्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि परहित सरिस धरम नहिं भाई। परपीड़ा सम नहिं अधमाई। वैदिक ग्रंथ कहते हैं कि जो निःश्रेयस और अभ्युदय की प्राप्ति कराए, वही धर्म है। जो धारण किया जाए, वह धर्म है। रही बात संस्कृति की तो जो कृति मतलब आचरण संस्कार युक्त हो, वही संस्कृति है। भारतीय समाज उत्सव मनाने और निरंतर प्रसन्न रहने के बहाने ढूंढता रहता है। खुद प्रसन्न रहता है और अपने संगी-साथियों, पुरजन, परिजन और संपर्क में रहने वालों के आह्लाद के हर सम्भव प्रयास करता है। धरती को स्वर्ग बनाने का यही एक मार्ग है। वैसे भी आजकल सनातन के विरोध की बाढ़ आई हुई है।

धर्म के दस लक्षण बताए गए हैं। श्रुति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, बुद्धि, विद्या, सत्य और अक्रोध। इन्हीं दस अंगों, दस साधनाओं पर धर्म का वितान तनता है। इनके अभाव में धर्म वैसे भी औचित्यहीन हो जाता है। सभ्यता और धर्म के समन्वय ही संस्कृति है। गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयागराज में ही नहीं, हर मनुष्य के अंतरंग में प्रकट होते हैं। त्रिवेणी संगम दरअसल इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना का संयोग ही कहा जा सकता है। भारतीय संस्कृति जिसे सनातन कहा जाता है, के बारे में यजुर्वेद 7/14 कहता है कि सा प्रथमा संस्कृति विश्ववारा। अर्थात यह प्रथम संस्कृति है जो विश्वव्यापी है। सृष्टि के आरंभ से ही इसका जन्म हुआ है। ओम भारतीय संस्कृति का पहला शब्द है जिससे स्वर, व्यंजन और व्याहृतियों की उत्पत्ति हुई है। विश्ववारा का अर्थ होता है जो विश्व द्वारा वरण की जाने योग्य है। यानी सार्वभौम है। शतपथ ब्राह्मण में सोम को अमृत कहा गया है। अमृतम वै सोमः। ज्ञान और तप से उत्पन्न आनंद ही अमृत है। भारतीय संस्कृति दरअसल ज्ञान और तप की ओर, सद्प्रयासों की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। संस्कृति मनुष्य के अंतरंग को भव्य और दिव्य बनाती है जबकि सभ्यता उसके बहिरंग को संवारती है। महाकुंभ के आलोचकों को इतनी सामान्य सी बात तो समझनी ही चाहिए। महाकुंभ त्याग, बलिदान, सेवा, परमार्थ, करुणा, दया, उदारता, चरित्र निष्ठा, प्रकृति और जीव जगत की प्रतिष्ठा और संरक्षण का पर्व है। उपभोग की संस्कृति को प्रोत्साहित करने करने वाली बुद्धि में न मकर संक्रांति का भावबोध समझ आता है और न ही उसे मौनी अमावस्या और शिवरात्रि का दर्शन नजर आता है। उसे न तो शिव विवाह की रात्रि शिवरात्रि का माहात्म्य समझ आता है और न ही श्रद्धा और विश्वास का मिलन रास आता है। शिव का अर्थ होता है कल्याण। कल्याण खुद को जाने बगैर सम्भव नहीं है। शिव स्वयं अभावों में रहते हैं। कैलाश पर्वत पर रहते हैं। भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेषनाग की शय्या पर लेटे रहते हैं। यह संकेत है कि भौतिकता ही सब कुछ नहीं है। बुद्धिवाद का आधिपत्य हमें भौतिक रूप से समृद्ध तो बना सकता है लेकिन नैतिक मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से रिक्त मन को आनंदित नहीं कर सकता।

महाकुंभ की आलोचना व्यक्ति के मानसिक बौनेपन का प्रमाण है। सद्बुद्धि के विलोप का प्रमाण है। महाकुंभ में दरअसल विश्व परिकर ने शांति, संतोष और आनंद की त्रिवेणी में स्नान किया है। हमें सोचना होगा कि सनातन धर्म एक महाविज्ञान है। जीव जगत को संस्कृति के शिखर पर ले जाना ही इसका अभीष्ठ है। यहां अनेक मत-मतांतर हैं। सब अपने-अपने ढंग से फल-फूल रहे हैं। सबका अपना विचार स्वातंत्र्य है। यहां अनेक विचारधाराएं और उनकी उपधाराएं समवेत रूप से प्रवाहित होती रही हैं। हिन्दू धर्म ही सनातन धर्म है। जो सबको साथ लेकर चलने की परंपरा में यकीन रखता है। दुनिया का कोई भी सम्प्रदाय इतना बहुमुखी और उन्मुक्त नहीं है। अगर सही मायने में सनातन धर्म मतलब हिन्दू धर्म को राष्टधर्म, मानव धर्म और विश्वधर्म कहें तो कदाचित गलत नहीं होगा। भारतीय व्रत, त्योहार आत्मा को पवित्र, सशक्त, समृद्ध और परमार्थी बताते हैं। सनातन धर्म विश्व कल्याण की उदात्त भावनाओं का विकास स्रोत है। महाकुंभ तो बस एकता को डोर को सुझाने का प्रयास भर है। यह प्रयास अगर कुछ लोगों को खटकता है तो इसके पीछे उनके अपने तुच्छ स्वार्थ ही बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। सभी विचारधाराओं में विश्व संस्कृति के चिंतन स्वर ही प्रमुख हैं। इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद ने भी तोबा, सुंदास और अबलाई जैसे संस्कृत शब्दों का प्रयोग किया है। कठोपनिषद में जिन चार अवस्थाओं जागृत स्वप्न, सुसुप्ति और तुरीय का जिक्र है। उसे इस्लाम में चार मांजी करार दिया गया है। जागृत को नासूत, स्वप्नावस्था को मलकूत, सुसुप्ति अवस्था को जबरूत और तुरीय को लाहूत कहा गया है। हिन्दू दर्शन के अद्वैत शब्द को इस्लाम में तौहीद कहा गया है जबकि परम सत्य को मुतलक, सत्यस्य सत्यम को हकीकत उल हकाहक और ज्योति को नूर उल नूरिन कहा गया है। शब्द अलग-अलग हो सकते हैं। भाषा अलग हो सकती है लेकिन अर्थ एक ही है। जब हजरत मोहम्मद को भारत के विचारों को यहां की हवा की शीतलता को अपनाने में गुरेज नहीं था तो उनके अनुयायियों को सनातन से आपत्ति क्यों हैं। उन्हें खुश करने में जुटे राजनीतिक दलों को सनातन और उसके आस्था पर्वों से ऐतराज क्यों है, इस पर विचार तो होना ही चाहिए। काश, हम महाकुंभ की परेशानियों से अधिक उसके ध्येय पर चिंतन कर पाते।

## आप की बात

### आकाश में लड़े जायेंगे युद्ध

लखनऊ। अंतरिक्ष के करीब, 20 से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की निचली कक्षा में लड़े जाने वाले युद्ध में जो पक्ष स्पेस में शक्तिशाली होगा, जमीन पर वही जीतेगा। अच्छी बात यह है कि हमने इसे बहुत पहले समझ लिया था, दो दशक पहले भारतीय सेना ने इस बावत अपनी शुरूआत कर दी थी, यहां तक कि उसने अमेरिका से भी पहले डिफेंस स्पेस एजेंसी गठित कर ली थी, यह अलग तथ्य है कि अमेरिका अब अंतरिक्षीय सैन्य ताकत में बहुत आगे है।

बेशक हमें इस ओर अब तेज चाल से चलने की आवश्यकता है। सरकार भी इस बात को समझती है कि स्पेस में अपनी आक्रमण तथा बचाव दोनों ताकतों को समय रहते बढ़ाना होगा। भले ही उसने इंडियन एयर फोर्स का नाम अभी न बदला हो पर वायुसेना को मजबूत स्पेस फोर्स में बदलने के लिये वह सभी आवश्यक अवसंरचना मुहैय्या कराने के लिये सहयोग कर रही है ताकि सेना अंतरिक्ष युद्ध या इस क्षेत्र की होड़ में आगे निकल सके। अमेरिका, रूस और चीन अपनी-अपनी स्पेस फोर्स की तैयारियों में काफी आगे निकल चुके हैं। तीनों अंतरिक्ष में उच्च स्तर की एंटी सैटेलाइट क्षमताओं से लैस हैं। अंतरिक्ष युद्ध में काम आने वाले हथियार प्रणाली भी वे बना रहे हैं। इनके पास अपलिंक और डाउनलिंक जैसी जमीन से चलाई जाने वाली अंतरिक्ष निरोधक व्यवस्थाओं को जाम करने की सुविधा भी है। 2015 में चीन ने तो, 2016 में रूस ने तथा 2018 की आखिर में अमेरिका ने अपनी एरोस्पेस फोर्स बना लिया था, ऑस्ट्रेलिया ने भी 2022 में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स मुख्यालय के भीतर एक 'स्पेस डिविजन' बना लिया। ब्रिटेन भी अपनी स्पेस कमांड की स्थापना कर चुका है। फ्रांस के पास भी अपना एयरोस्पेस विंग है। जापान ने अपने सैटेलाइट को विरोधी गतिविधियों से बचाने के लिए अंतरिक्ष स्क्वॉड्रन बना ली है। ऐसे में भारत को भी अपनी इंडियन एयर फोर्स के नाम में स्पेस फोर्स जोड़ने में गुरेज क्यों? दरअसल, भारतीय वायुसेना को स्पेस फोर्स का नाम देने के साथ ही इसरो, डीएआरडीओ जैसे सरकारी तथा एयरोस्पेस से जुड़ी निजी कंपनियों को शामिल कर एक संयुक्त अंतरिक्ष कमान का गठन करना चाहिये, वहीं एयर और स्पेस के बीच में सहज तरीके से तालमेल बिठाते हुये काम करने के लिए निकायों को अपना काम चुस्ती से करना होगा। अपनी कारगुजारी को धार देने के लिये इस साल वायुसेना उपग्रहों के प्रक्षेपण लक्ष्य को अवश्य पूरा करना होगा।

**जितेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ**

# राज्यपाल ने निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)





**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के नवीन पर में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में

- **समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का राज्यपाल ने दिए निर्देश**
- **संघर्ष और मेहनत ही सफलता की कुंजी: आनन्दीबेन पटेल**

प्रयोगशाला, नवीन परिसर, निमार्णाधीन इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी भवन, सरदार पटेल एकात्मता केंद्र भवन, मल्टीपर्पस लेक्चर हॉल परिसर (प्रथम तल), निमार्णाधीन कुलपति आवास, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त अधिकारी आवास एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान, राज्यपाल ने विभिन्न कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं अनुभवों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने विद्यार्थियों को सीमित संसाधनों में भी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष और मेहनत ही सफलता की कुंजी है, और यदि छात्र कठिन परिश्रम एवं संकल्प के साथ अध्ययन करें तो वे अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को गंभीरता से समझने का आह्वान किया और कहा कि आज का युवा ही भविष्य का नेतृत्वकर्ता है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को भी निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण से पहले कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया एवं विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। मौके पर कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सिंधू, मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, सहायक अभियन्ता आरके सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए किट्स व हेल्थ किट्स का किया वितरण

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा जनपद के 501 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु प्री-स्कूल किट्स व हेल्थ किट्स का वितरण समारोह आयोजित किया गया, इसमें से 250 किट्स पंचायत विभाग द्वारा शेष किट्स में बैंकों/चीनी मिल तथा पूज्य संत रमेश भाई ओझा की गुजरात स्थित धार्मिक संस्था के संकल्पों से सी0एस0आर0 (कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अन्तर्गत समस्त सामग्रियों का वित पोषण समाहित था।

कार्यक्रम का प्रारम्भ राष्ट्रगान से किया गया तथा महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह द्वारा राज्यपाल को तुलसी, रूद्राक्ष व चंदन के पौधे अर्पित कर हुआ।

मंच पर आंगनबाड़ी केन्द्र के 03-06 आयु वर्ग के 45 बच्चों के 05 ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन प्रस्तुत कर सामूहिक नृत्य किया गया जिसमें ह्यमेरे घर राम आये हैं, बम बम बोले मस्ती में डोले, केसरी के लाल, तेरी मंद-मंद मुस्कनिया पे बलिहार राघव जी तथा नाटिका डाक्टर मरीज रोल प्ले में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया, जिसकी मुक्त कंठ से प्रंशसा की गयी।

मंच से किट्स एवं हेल्थ किट्स का वितरण, स्मार्ट क्लासेज के 10 सेट का वितरण, टी0बी0 के 05 मरीजों को पोषण पोटली वितरण के बाद 04 महिला आटो चालकों को चाभी सौपने सहित कार्यक्रम आयोजित हुए। सी0एस0आर0 में योगदान करने वाले हारवेस्ट प्लस, आवाहन तथा युवा अनस्टापेबल सहित, बैंक आफ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, केनरा बैंक तथा एल0डी0एम0 बैंक प्रबन्धकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सभागार में लगभग 900 की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित थी।

राज्यपाल ने अपने आशीर्वचन में आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं इनमें प्रदान की जाने वाली सेवाओं में सुधार करने, माता यशोदा की भूमिका में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना सहित उनके निरन्तर प्रशिक्षण दिलाने व सेवाओं की गुणवत्ता पर बल दिया।

## शिविरार्थियो ने राज बहादुर वर्मा स्मृति पार्क की साफ-सफाई कर किया श्रमदान



**जैदपुर,बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी आरबीपीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय विशेष शिविर के चैथे दिन शिविरार्थियो ने व्यायाम व ध्वजारोहण करते हुये श्रमदान किया। इसके उपरान्त शिविरार्थियो द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थित राज बहादुर वर्मा स्मृति पार्क की साफ-सफाई की। इसके उपरान्त चयनित ग्राम रहीमाबाद मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव के डॉ0 मनोज वर्मा, फार्मासिस्ट पूजा वर्मा, स्टाफ नर्स अर्चना की टीम ने ग्रामवासियों तथा शिविरार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर प्रबन्धक इजी अरुण कुमार वर्मा, अनामिका वर्मा, स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार गौतम, डॉ0अनीता कुमारी, प्राचार्य डॉ0 दारा सिंह, प्रवक्ता अवध राम, प्रदीप वर्मा, मुन्नालाल, रामगोपाल, हरिनाम सिंह, सर्वजीत, कमलेश कुमार, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार 01 मार्च 2025 को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी तथा तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## वेयर हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम, दिए आवश्यक निर्देश



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने देवा रोड स्थित ईवीएम वीवीपैट गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट, स्ट्रांगरूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का जायजा लेते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की गाइड लाइन के अनुरुप ही प्रति माह गोदाम का निरीक्षण किया गया है। इस मौके पर नोडल अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट संजय कुमार विश्वास, वेयर हाउस इंचार्ज सुरेश कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार पांडेय सहित जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

सोहावल-अयोध्या।मित्र के यहां निमंत्रण से वापस आ रहे कक्षा 12 का छात्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को जिला अस्पताल भेजवाया।वहां पर इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। दुर्घटना में हुई अचानक मौत के कारण पूरे गांव में शोक की लहर फैल गयी है।प्राप्त सूचना के अनुसार रौनाही थाना क्षेत्र के गौरा बभनान निवासी नंदन पुत्र अरुण कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष अपने दोस्त के घर थाना क्षेत्र के ही इस्माइल नगर सिहोरा निमंत्रण में गया था। बृहस्पतिवार की शाम लगभग शाम 7 बजे वापस आते समय गयागंज के पास एक पिकअप ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर आते ही पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**सोहावल-अयोध्या।** लखनऊ अयोध्या रेल प्रखण्ड के बड़ागांव देवराकोट रेलवे स्टेशन के बीच अशोगीपुर गांव के पास वृहस्पतिवार देर शाम एक अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर सिर धड़ से अलग कटा मिला। मामले की सूचना पर पहुंचे चैकी प्रभारी सत्तीचैरा एस पी सिंह ने बताया कि 22550 डाउन लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही बंदे भारत ट्रेन से घटना की सूचना मिली है।

## छात्राएं शैक्षिक गतिविधियों में भागीदारी करें सुनिश्चित: राज्यपाल



**अयोध्या।** प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गुरूवार को देर शाम डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थित अहिल्याबाई होलकर छात्रावास का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, शैक्षणिक प्रगति और छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज की बेहतरी के लिए परियोजनाओं पर कार्य करें और समाज सेवा की भावना से कार्य करने की आदत डालें। उन्होंने पौष्टिक भोजन ग्रहण करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब युवा पीढ़ी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो। राज्यपाल ने छात्राओं से विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और छात्रावास में अनुशासन एवं जिम्मेदारी का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि छात्राओं को एक अच्छा प्रशंसक बनने की दिशा में प्रयासरत रहना चाहिए। इसके अलावा, राज्यपाल ने छात्राओं को प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि उन्हें नई सोच, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा के प्रति जागरूक भी बनाता है। राज्यपाल ने छात्रावास के व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे बिना किसी बाधा के शिक्षा प्राप्त कर सकें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। निरीक्षण के समय कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 नीलम पाठक, वार्डन डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य सहित महिला कर्मी व छात्राएं मौजूद रही।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 3 को

**बहराइच।** आसन्न होली, रमजान एवं ईद इत्यादि त्योंहारों के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 03 मार्च 2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## व्यापारियों की समस्याओं को सुन समाधान के लिए डीएम ने किया निर्देशित




**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने जनपद में कई स्थानों पर सड़क पर विद्युत पोल की सिप्टिंग कराने, मछली मंडी, सट्टी बाजार, छाया और धनोखर सहित शहर के प्रमुख चैराहों पर सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त करने, अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन से जाम व दुर्घटनाएं बढ़ रही है इसके नियंत्रण के लिये प्रभावी कदम उठाये जाने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने आये हुये व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को सुना। तथा निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला, समाजसेवी दीपक जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का उद्घाटन





जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** गोयल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान मे जिला बार एसोसिएशन सभागार मे निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश श्री सिंह ने कहा स्वास्थ्य, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक तन्तू का संतुलन होता है जो हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इसके लिए समय समय पर स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना चाहिए। कैम्प मे डा0 आर0एम अग्रवाल, डा0 आकाश वर्मा, डा0 आर0के गुप्ता, डा0 सृष्टि गोयल, डा0 ए0आर सोनी, डा0 जूही सिसोदिया, सार्थक गोयल, रिचा गोयल, डा0 शिखा आदि चिकित्सको की टीम द्वारा 200 अधिवक्ताओ का शुगर, बी0पी, ब्लड़ की जांच के साथ बीमारियों से बचाव हेतु परामर्श दिया गया। शिविर मे अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता, बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष प्रथम राकेश तिवारी, मदनलाल यादव, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, पूर्व बार अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, महेन्द्र प्रताप सिंह, विजय पाण्डे, आकाश निगम आदि मौजूद रहे।

- **स्वास्थ्य, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है-पंकज कुमार सिंह**
- **चिकित्सको की टीम ने 200 वकीलो का किया मेडिकल चेक-अप**
- **शुगर, बी0पी, ब्लड़ की जांच समेत स्वस्थ रहने का दिया परामर्श**

## एआरटीओ कार्यालय के प्रवेश द्वार पर होगी हेलमेट, सीटबेल्ट की जांच

जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। सर्वोच्च न्यायालय पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता मे हुई समीक्षा बैठक मे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दोपहिया वाहन चालको एंव उनके सहयात्रियो को हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चालको को सीटबेल्ट उपयोग किये जाने के निर्देश पर जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी ने सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा दो पहिया वाहन से कार्यालय आने के दौरान हेलमेट व चालन पहिया वाहन मे सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से पहनने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। उक्त आदेश के अनुपालन कराये जाने को लेकर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला द्वारा कार्यालयों में प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी को बिना हेलमेट एव सीटबेल्ट की जांच हेतु लगाया गया। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन कराये जाने को लेकर चार पहिया वाहन या दो पहिया वाहन से कार्यालय आने वाले कर्मचारी व अधिकारी को हेलमेट व सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्यालय के प्रवेश द्वार सुरक्षाकर्मी को हेलमेट एवं सीटबेल्ट की जांच हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

- **कार्यालय आने वाले कर्मचारियो और अधिकारियो को एआरटीओ ने किया निर्देशित**

## आईटीआई में अप्रेन्टिस मेला सम्पन्न



**बहराइच।** व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुभाष त्रिपाठी, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी का अनुसूईया पाण्डेय एवं धर्मेन्द्र कुमार द्वारा स्मृतिचिन्ह डी० के०त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ एवं अभय शर्मा ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया, मुख्य अतिथि द्वारा भारत मां के उद्धघोष के साथ भारत सरकार एवं प्रदेश में माननीय योगी जी द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाये को संचालित किया जा रहा है, विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित युवाओं को आवाहन किया कि वे शिशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर दक्षता प्राप्त करे तथा रोगगार मेलो में प्रतिभाग कर सेवायोजित होकर आत्मनिर्भर बने, उन्होने यह भी कहा कि सरकार युवाओ को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन दे रही है, जिसका वे सदउपयोग कर विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होने यह भी कहा कि सरकार ने महाकुम्भ का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश विदेश के करोडो लोगो द्वारा संगम स्नान किया गया, अप्रेन्टिस मेले में 05 अधिष्ठानों एवं 37 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसके सापेक्ष 09 अभ्यर्थियों को महिन्द्रा अमित मोटर्स प्रा०लि० लखनऊ रोड मुम्ताजनगर अयोध्या द्वारा नियोजित किये जाने पर मुख्य अतिथि द्वारा मनीष प्रताप सिंह, अजीम खान, शोभित तिवारी, अंकित कुमार वर्मा, रवेन्द्र कुमार शुक्ला, उमा रमन तिवारी, अंकित कुमार, जय करन निषाद चयन पत्र प्रदान किया गया, इस मौके पर संस्थान के रोजगार मेला प्रभारी राहुल बाजपेयी, विजय वर्मा, पीयूष तिवारी, अनुराधा देवी, अर्पित मौर्या अमित पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार, तथा कार्यक्रम का संचालन अभय शर्मा द्वारा किया गया।

## जिले के 100 छात्र-छात्राओं ने सीमैप लखनऊ का किया शैक्षिक भ्रमण




**बहराइच।** जिला विज्ञान क्लब बहराइच के संयोजन में जनपद बहराइच से 10 विद्यालयों से 100 प्रतिभाशाली मेरीटोरियस बच्चों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण केंद्रीय औषधीय एवं शुगंध पौधा संस्थान लखनऊ में आयोजित किया गया। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी श्री मुकेश चंद्र तथा जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्थान में बच्चों ने विभिन्न प्रयोगशालाएं तथा हरबेरियम के साथ बागवानी तथा औषधि पौधों और सगंध पौधों के विषय में सारगर्भित जानकारी प्राप्त की। मानव पार्क आसवन प्रयोगशाला, केंद्रीय प्रयोगशाला में इनक्यूबेटर, फ्लो मशीन, सेंट्रीफ्यूज, डीएनए मैपिंग से जुड़ी जानकारी बच्चो ने प्राप्त की। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में डॉ रक्षपाल सिंह, वरिष्ठ बैज्ञानिक सीमैप व डॉ सुरेश चंद्र त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य किसान पी जी कॉलेज बहराइच व नीतीश कुमार सीमैप ने अपने वैज्ञानिक व्याख्यान से बच्चों को अमूल्य जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच, महाराज सिंह इंटर कॉलेज, एम्स इंटरनेशनल कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज, कृपाराम इंटर कॉलेज नानपारा, मदनी इंटर कॉलेज कैसरगंज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज ने प्रतिभाग किया। समस्त कार्यक्रम जिलाधिकारी व अध्यक्ष जिला विज्ञान क्लब बहराइच के मार्गदर्शन व संयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच व समन्वयक जिला विज्ञान क्लब बहराइच डॉ नंद कुमार शुक्ल द्वारा किया गया।

## निःक्षय पोर्टल पर फीडिंग न होने पर समस्त एसटीएस व एसटीएलएस का बाधित हुआ वेतन




**बहराइच।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक के दौरान 100 दिवसीय टी.बी. खोजी अभियान की समीक्षा के दौरान निःक्षय पोर्टल पर एक्सरे आदि जांच सुविधाओं का पोर्टल पर अपडेशन न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए समस्त एस.टी.एस. व एस.टी.एल.एस. का वेतन बाधित करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि इस सप्ताह के अन्दर सभी वांछित सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड की जायें। बैठक के दौरान बताया गया कि यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण की फीडिंग में जनपद द्वारा माह फरवरी में मण्डल में प्रथम स्थान अर्जित किया गया है। इस स्थिति पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्थिति को आगे भी बनाये रखा जाए। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि गर्भ का पता चलते ही प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया जाय तथा नियमित अन्तराल पर उनकी 04 जांचे भी अनिवार्य रूप से करायी जायें। सरकारी चिकित्सालयों में संस्थागत प्रसवों की संख्या कम होने पर डीएम ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अधीक्षकों को निर्देश दिया कि अगली बैठक में 05 से कम प्रसव कराने वाली आशाओं के विवरण के साथ उपस्थित हों। डीएम ने कहा कि प्रत्येक टीकाकरण सत्र के दौरान एच.आई.वी. किट एवं इंफैन्टोमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पी.पी.आई.यू.सी.डी. एवं आई.यू.सी.डी. की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 13 प्रतिशत होने पर मेडिकल कालेज को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप लाभार्थियों को सुविधाएं प्रदान की जायें। तीस वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिकों का सी-बैक फार्म भरने के कार्य की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड हुजूरपुर द्वारा कम भरे जाने पर निर्देश दिया गया कि अभियान संचालित कर शत-प्रतिशत लक्षित वर्ग का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य सूचकांकों को अपलोड कराया जाय। उल्लेखनीय है कि 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं कैंसर रोगों व अन्य स्वास्थ्य सूचकांकों का विवरण दर्ज किया जाना है।

डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित सीएचसी एवं पीएचसी पर मानक के अनुसार चिकित्सकों एवं दवाओं इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये ताकि दूर दराज रहने वाले लोगों को आसानी के साथ चिकित्सा सुविधा मिल सके। डीएम ने कहा कि लैब में मानक के अनुसार उपकरणों की उपलब्धता तथा उपलब्ध उपकरणों को क्रियाशील रखने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की जांच में काम आने वाली सामग्री की कमी नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने कहा कि लैब के क्रियाशील होने से मरीजों की जांच कर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है। जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सभी लक्षित बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें तथा उन्हें कार्ड की हार्डकापी भी उपलब्ध करायी जाय।

- **डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक**

संक्षेप

## बाइक की टक्कर में दो घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** दो बाईकों में टक्कर हो जाने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार को रानीपुर कायस्थ गांव के लक्ष्मी निधि जायसवाल (39) बाइक से जा रहे थे। वह जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के ककना गांव के पास पहुंचे। तभी दोस्तपुर थाने के पलिया देवापुर गांव के शिवम (18) की बाइक टकरा गई। जिससे दोनो को गंभीर चोटे आई। घायल दशा में दोनों को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## महिला की करंट से मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** गुरुवार शाम हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी चैकी अंतर्गत तिंदौली गांव निवासी सरोजा देवी, पत्नी स्व. शेर बहादुर, गुरुवार शाम करीब 5 बजे घर से शौच के लिए निकली थीं। जैसे ही वह गांव के बाहर स्थित 100 केवीए ट्रांसफार्मर के पास पहुंचीं, अचानक हाई टेंशन विद्युत करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गईं। परिजनों ने में उन्हें इलाज के लिए सेमरी बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। तत्पश्चात एसपी द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जवानों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता का अभ्यास कराया गया तथा दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## छोटी सी साहस समाज को बदल सकती है : रूद्र मिश्रा

**अमेठी।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के सैटेलाइट कैम्पस टीकरमाफी , विज्ञान भारती और साहस के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस , बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के सैटेलाइट कैम्पस टीकरमाफी के सभागार में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी० लालमणि कश्यप संस्थापक साहस और सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति ने बाबा साहब को पुष्पार्पित कर दीपप्रज्वलित किया। बच्चो ने सरस्वती बंदना गीत गाये और कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चंद्रपाल यादव समन्यवक साहस गैर सरकारी संगठन ने साहस रहे। अथितियों का स्वागत डॉ योगधर पाण्डेय ने किया। डॉ. सी वी रमन ,भारतीय भौतिक विज्ञानी और प्रकाश प्रकीर्णन के क्षेत्र में रमन प्रभाव की खोज और भौतिकी में साल 1930 में मिले नोबेल पुरस्कार पर चर्चा की गई। रमन द्वारा क्रिस्टल में अवरक्त कंपन पर एक्स-रे द्वारा उत्पन्न प्रभावों पर अध्ययन,तबला और मृदंगम जैसे भारतीय ढोल की ध्वनि की हार्मोनिक प्रकृति की जांच पर भी प्रकाश डाला। 1945 में भारत रत्न से सम्मानित होने के बारे में भी छात्रों को बताया।

# श्री बाल्हेश्वर में पुष्प श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध



**लालगंज, रायबरेली।** महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री बाल्हेश्वर महादेव मंदिर में श्री जन कल्याण समिति के तत्वाधान में 68वां पुष्प श्रृंगार समारोह मनाया गया। जिसमें कानपुर के कलाकारों द्वारा की गई अद्भुत सजावट देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए ।श्रृंगार पट उद्घाटन पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किया ।साथ ही दिव्य आरती में समाजसेवी ज्ञान शंकर शुक्ला, रविंद्र सिंह, उमेश सिंह, रेल कोच के अधिकारी मनोज पांडेय, युवा समाजसेवी सुमुक बाजपेई,सुशील पांडेय, युवा भाजपा नेता चंदन त्रिवेदी सहित हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश प्रताप सिंह ने मंदिर में 25 लाख की टीन सेड की व्यवस्था कराई है तथा साथ ही सत्संग एवं रंगमंच चबूतरे पर टीन सेट एवं बाईपास सड़क शीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान चंदन त्रिवेदी ने पूर्व विधायक को रामचरितमानस भेट किया। आयोजन को सफल बनाने में पंडित झिलमिल महाराज, समिति के महामंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला, अखिलेश पांडेय, मेला प्रभारी सूर्य प्रसाद मिश्र, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा,सज्जन निर्मल आदि का विशेष योगदान रहा ।दो दिनों में तीन लाख श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना एवं मेले का आनंद लिया, रात में कानपुर के कलाकारों द्वारा सुंदर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पुलिस प्रशासन की सक्रियता से किसी भी अप्रिय घटना नहीं हुई। श्री जन कल्याण समिति एवं श्री बाल्हेश्वर सेवा समिति तथा ग्राम पंचायत ऐहार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम कर लाखों श्रद्धालुओं को निर्वाध दर्शन कराया। जिसमें मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राम शंकर तिवारी, प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी, अनंत कुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, पूर्व प्रधानराजकिशोर सिंह, आदर्श सिंह बघेल,विकास शुक्ला, श्यामू शुक्ला, शिक्षक मनोज पांडेय,सधोले प्रसाद शुक्ला, आनंद अवस्थी, अनुपम अवस्थी, दीपू शुक्ला राजा शुक्ला, श्याम शुक्ला, हितेंद्र यादव, मुन्नू प्रसाद वाजपेई, रमेश शुक्ला, पंडित राकेश शुक्ला, बचोल शुक्ला, पप्पू मिश्रा, होरीलाल, भोला यादव, आलोक श्रीवास्तव, राज किशोर सिंह बघेल, शिवेंद्र शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, मुन्ना तिवारी, पूनम शुक्ला संजीव शुक्ला, उत्तम मिश्रा, धूनम शुक्ला आर्यन शुक्ला, आयुष पांडेय, विकास तिवारी, राजेंद्र तिवारी, चौड़िया राय आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एनएसपीएस त्रिपुला में कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम वितरित

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में कक्षा 9 का वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति व गेस्ट ऑफ ऑनर की भूमिका में उपस्थित अभिभावकों के साथ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलन के साथ किया ।डॉ0 शर्मा ने रैंकर्स को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी साथ ही अन्य छात्र/छात्राओं को भी अपनी कमियों का आकलन कर अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय परिवार उनके बच्चों के उत्कृष्ट भविष्य के लिए हमेशा समर्पित रहेगा।

कक्षा 9 के घोषित परीक्षा परिणामों में प्राची त्रिपाठी, गौरव यादव एवं मो. शोएब ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।साथ ही उन बच्चों को भी अवार्ड दिए गए जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपनी लगन को कायम रखते हुए विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराई इन बच्चों में कक्षा 9 की जान्हवी अग्निहोत्री, अभ्युदय प्रताप सिंह, अदिति यादव, आदित्य कुमार यादव, श्लोक श्रीवास्तव, अपर्णा मिश्रा, हर्ष शुक्ला, माही चैरसिया, अंशू, आयुषी, अंशिका मौर्या, वंशिका सिंह, आराध्य मिश्रा, अनमोल सोनी, आर्यन मौर्या, अर्शलान सेख, दीपक सिंह रहे।

विद्यालय ने उन बच्चों को भी सम्मानित किया जिन्होंने विद्यालयी शिक्षा से इतर प्रतियोगी परीक्षाओं में मुकाम हासिल किया। ऐसे बच्चों में नेशनल साइंस ओलंपियाड में सफल रबाब रजा, अलीशबा सिद्दीकी, इशिका शर्मा, अभय सिंह, और इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में सफल आराध्या चैहान, कुशाग्र त्रिवेदी, अंश कुमार गौर, अरमान आलम को एवार्ड दिया गया ।कायर्क्रम का संचालन संयोजिका संचिता त्रिवेदी एवं ऋतुराज श्रीवास्तव ने किया ।इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, रामदेव, पिंकी जायसवाल, रश्मी साहू, मंजरी श्रीवास्तव, अर्पणा मिश्रा, शशी कनौजिया, अजय राज, अभिषेक भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, कमरान, धर्मेन्द्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, शशेंद्र श्रीवास्तव एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कमचार्री व अभिवावक उपस्थित रहे।

## महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मीना यादव चार दशक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त

**महराजगंज, रायबरेली।** स्वास्थ्य विभाग में वर्षों तक सेवा देने के बाद महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मीना यादव शुक्रवार को सेवानिवृत्ति हो गई। महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मीना यादव की सेवानिवृत्ति पर उनके सम्मान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में विदाई समारोह आयोजन किया गया। उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए विदाई के दौरान सभी भावुक हो गए। गांवों में कोरोनाकाल के दौरान टीम बनाकर किए गए कार्यों को याद किया गया। उन्हें स्टाफ द्वारा घर तक ढोल नगाड़े के साथ पैदल मार्च करते हुए छोड़ गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मीना यादव के द्वारा दी गई स्वास्थ्य सेवाएं अनुकरणीय व प्रशंसनीय है। इन्होंने लगन के साथ अपने कर्तव्य का पूरी तरह निर्वहन किया है। उन्होंने कहा किोरोनकाल का वह दौर हम स्वास्थ्य कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए बहुत ही कठिन था। उस दौरान उम्र के इस दौर में भी बिना किसी सोचे समझे मीना यादव व अन्य बहनों ने पूरी निष्ठा के साथ काम किया। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन से एक दूसरे के विचार एवं कार्यशैली को सीखने का अवसर प्राप्त होता है। विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने मीना यादव को अंगवस्त्र, फूल माला व प्रतीक चिन्ह भेंटकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के बाद समस्त स्टाफ द्वारा मीना यादव को ढोल नगाड़े के साथ घर तक पैदल मार्च करते हुए सम्मान पूर्वक पहुंचाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक दिनेश यादव, बीपीएम कमल प्रकाश श्रीवास्तव, एआरओ अंजनी, ब्लॉक मॉनीटर अमन, डाटा ऑपरेटर बृजेश यादव, स्टाफ नर्स रुचि श्रीवास्तव, राखी, महिमा, डाक्टर मधु, डॉक्टर सबीना, डॉ. सफीका, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक चन्द्रावती, एएनएम कीर्ति बाजपेयी, रूपाली शिवम सहित समस्त स्टाफ व समाजसेवी उपस्थित रहे।



## मरीजों की बजाय अब बीमार हो रही एंबुलेंस



- एंबुलेंस के लटकते दरवाजे में लाये जा रहे मरीज

**हरचंदपुर, रायबरेली।** सीएससी में संचालित हो रही 108 एंबुलेंस मरीजों को राहत के बजाय मुसीबत दे रही हैं। टूटी हुई लाइटें व टूटा हुआ गेट मरीजों को कैसे राहत दे पाएगा ये बड़ा सवाल है। इस टूटे हुए गेट और लाइटों की वजह से एंबुलेंस की रफ्तार पर ब्रेक लग रही है। दरअसल पूरा मामला हरचंदपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहां पर इमरजेंसी में मरीज को राहत देने के लिए लगाई गई 108 नंबर की एंबुलेंस अब खुद बीमार हो रही है। उनकी तरफ किसी भी स्वास्थ्य अधिकारी का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है ऐसे में एंबुलेंस के पर्दे फट गए हैं। पीछे का गेट भी काम नहीं करता है। चलती एंबुलेंस में कब गेट नीचे गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता ।वही एंबुलेंस के टूटे हुए इंडिकेटर वह लाइट रात में गंभीर मरीजों को ले जाने में इसकी गति में अवरोध बन रही है ।जिसके चलते मरीजों को राहत के बजाय मुसीबत झेलनी पड़ रही है। वही जब एंबुलेंस के ईएमई सर्वेश पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है तत्काल प्रभाव से उसे एंबुलेंस को मुख्यालय बुलाया गया है और जो भी एंबुलेंस में गड़बड़ यानी कि गेट टूटा है व जो भी टूटे होंगे वह सब दुरुस्त कराया जाएगा और तत्काल फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेजा जाएगा।

## नेत्र शिविर आयोजित

**हरचंदपुर, रायबरेली।** सीएचसी में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 30 लोगो का परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 30 लोगों का प्रशिक्षण किया गया। जिनमें से 8 लोगों को मोतियाबिंद ने शिकायत मिली जिनको ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जा रहा है.। जिसके तहत जगह-जगह कैंप लगाकर मोतियाबिंद के रोगियों को क्लब के वाहन से नेत्र अस्पताल रायबरेली ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन का लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर सीएफसी अधीक्षक डॉ. राजीव गौतम स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र यादव नेत्र प्रशिक्षण अधिकारी पीएस आदर्श एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जरौटा में बही कविता की रसधार



**अमेठी।** जरौटा शुक्रवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से शिवपूजन मिश्र के यहां कवि सम्मेलन का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजा, अर्चना,माल्यार्पण तथा प्रख्यात कवि सुरेश चन्द्र शुक्ल 'नवीन ' की वाणी वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी ने कहा कि हिन्दी साहित्य के सम्वर्द्धन में गद्य एवं पद्य दोनों की भूमिका अहम है ।पद्य गद्य के बिना समझा नही जा सकता है।

साहित्य सृजन में सामंजस्य जरूरी है। अध्यक्षता करते हुए अवधी मधुरस ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने पढ़ा खेतनु पियरी पहिरिके , सरसइया लहरातु। चहुँमुखु बगरतु महमही ,पवनु डुलतु मदमातु। रामेश्वर सिंह 'निराश' ने पढ़ा सच पूछिए तो विश्व में होगा बसंत कब,जब बंद होय जंग तौ समझौ बसंत है ।डॉ अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा गुरू की बगिया मा प्रकाश ही प्रकाश बा। रामबदन शुक्ल 'पथिक' ने पढ़ा चाहता वो मिलें सर पटकता रहा,याद में उनकी मैं तो भटकता रहा ।समीर मिश्र ने पढ़ा मित्रों डूबके रंगों में होली हो नही सकती,बना दे दुश्मनों को दोस्त होली उसको कहते हैं ।सुरेश चन्द्र शुक्ल 'नवीन' ने पढ़ा घिरे जब मुश्किलों में निकलना हमने सीखा है,चलना गिरना उठ जाना सम्हलना हमने सीखा है। चन्द्र प्रकाश पाण्डेय 'मंजुल' ने पढ़ा हमें करोवनि मिलै नाही,तू काढ़ा ऊपर साढ़ी,तोहरे बाप कै दाढ़ी ।जगदम्बा तिवारी 'मधुर' ने पढ़ा नहीं कोई शिकवा न कोई गिला है,जो कुछ मिला सब नसीबों मिला है। इस अवसर पर शिवपूजन मिश्र, हरिश्चंद्र मिश्र, अनिरुद्ध मिश्र, देव लाल मिश्र, अंकित मिश्र,राज देव तिवारी, अजय पाण्डेय,राज कुमार तिवारी, छोटू तिवारी,मधुसूदन मिश्र, मंसा राम, राधे मिश्रहरि नाथ मिश्र, देव शंकर मिश्र, प्रमोद पाण्डेय व धर्मेन्द्र मिश्र आदि सैकड़ों साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। कवि सम्मेलन का संचालन प्रख्यात कवि समीर मिश्र ने किया।

## डाकघर से पैसा निकलवाने वालों को होना पड़ रहा परेशान

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे में इन दिनों नए आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करने के अलावा शादी विवाह तिलकोत्सव आदि मांगलिक कार्यक्रमों के मौके पर डाकघर से पैसा निकलवाने वालों को परेशान होना पड़ रहा है। लोग सुबह लाइन में लग जाते हैं और काम नहीं हो पाता हैं। यहां के कर्मचारी सर्वर डाउन होने का हवाला देते हैं, जिसके चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं में रोष है।

आपको बता दें कि, डाकघर पर निर्भर प्रतिदिन लगभग 100 से 200 लोगों को अपना समय खराब करना पड़ रहा है। कस्बा समेत दूर दराज से आने वाले लोगों का समय बर्बाद होता है जबकि महाराजगंज स्थित डाकघर में आए दिन सर्वर ठप रहता है ।डाकघर महराजगंज में सर्वर न होने के चलते आए दिन उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा है। जिसके चलते उपभोक्ता शुक्रवार को माह के आखिरी दिन 28 फरवरी सुबह से ही सर्वर न होने के चलते आरडी, एफडी जैसी अनेक जमा योजना के तहत पैसा न तो जमा हो रहा है और ना ही निकाला जा रहा है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके यहां विवाह, तिलकोत्सव जैसे अनेक मांगलिक कार्यक्रमों के चलते यहां डाकघर में पैसा निकलवाने आए थे किंतु कर्मचारियों द्वारा सर्वर न होने की बात कहकर वापस कर दिया गया है। उन्हें उनके घर कार्यक्रम में पैसे की सख्त जरूरत है ।इसके अलावा आधार कार्ड नए बनवाने एवं अपडेट करने के लिए उपभोक्ताऔ को 15 से 20 दिन का समय दिया गया था, तिथि पर पहुंचने के बाद भी उपभोक्ताओं को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है, जिसके चलते उपभोक्ताओं में विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

# माताएं बच्चों को सनातन संस्कृति का परिचय कराएं : ऋतम्भरा





**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सिलसिला ये बाद मेरे यूं ही चलना चाहिए, मैं रहूं या ना रहूं भारत यह रहना चाहिए। ये राष्ट्र के प्रति चिंतन का वक्त है। राष्ट्रीय संदर्भों में मेरी भूमिका क्या है, इसके मंथन का वक्त है। आज समय वह हो गया है कि व्यक्ति स्वहित को सबसे ऊपर समझने लगा है, हमें फिर से सबसे ऊपर धर्म को स्थान देना होगा, कर्तव्य को स्थान देना होगा। यह बात ओजस्वी वक्ता प्रखर व्यक्तित्व की पद्मभूषण दीदी साध्वी ऋतम्भरा ने शुक्रवार को क्षेत्र के ढेमा स्थित के आर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के अंतिम दिन कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नई पीढ़ी को हमारे धर्म और गौरवशाली अतीत की पहचान करानी होगी। इसके लिए माताएं सीता मैया की तरह अपनी संतानों को लव-कुश जैसे संस्कार प्रदान करें। सोशल मीडिया के माध्यम से बढ़ रही अश्लीलता पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकारों से इस पर कानून बनाने की बात कही। साध्वी ने कहा हमारी संतानों का स्वाद बदल दिया गया है। भारत के गौरवशाली अतीत को भुलवाकर उन्हें सिर्फ बाहर से आए आक्रमणकारियों का इतिहास पढ़ाया गया है जिससे हमारी संस्कृति की बुनियाद कमजोर हो रही है। बच्चों को भारतीय संस्कारों से परिपूर्ण करना होगा। उनके चरित्र को मजबूत करना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि माताओं का दायित्व है कि उन्हें संतानों को सनातन संस्कृति का परिचय करवाकर भारतीय बनाना होगा।

**शत्रु से कह दो जरा सीमा में रहना सीख ले, यह मेरा भारत अमर है यह सत्य सीख ले**

साध्वी ने मैं रहूं या ना रहूं, भारत यह रहना चाहिए, झीनी राम,झीनी चादर, आंचल थाम लिया तूने जैसे भजनों को सुर दिए तो पूरे पांडाल ने उनके साथ सुर मिलाया। उनके भावपूर्ण सुरों के बीच कई लोग भावुक हो उठे। ह्यशत्रु से कह दो जरा सीमा में रहना सीख ले, यह मेरा भारत अमर है यह सत्य सीख ले, भक्ति की इस शक्ति को बढ़ कर दिखाना चाहिए, मैं रहूं या ना रहूं भारत यह रहना चाहिए गीत की इन पंक्तियों ने पूरे सभागार में जोश भर दिया और सभी ने समवेत सुरों में इन पंक्तियों को दोहराया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक के आर राय, विधायक सदर राजप्रसाद उपाध्याय, विधायक विनोद सिंह, डीएम आईएएस कुमार हर्ष, एसपी आइपीएस कुंवर अनुपम सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह, विधायक डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र शुक्ल, प्रधानाचार्य डॉ. पूजा शुक्ल, उपप्रधानाचार्य सुनील मिश्र आदि मौजूद रहे।

## अमेठी के लिए सौभाग्य के रूप में आया है लघु अश्वमेध यज्ञ



**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी 18 से 22 मार्च को होने जा रहे राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ (लघु अश्वमेध यज्ञ) में जन जन की भूमिका बढ़ रही है। दूर दराज से समूह के साथ लोग आकर देव कार्य में सहभागिता निभा रहे हैं। देव यज्ञ नगर खेरौना में गायत्री परिवार की ओर से आयोजित होने जा रहा लघु अश्वमेध यज्ञ एक बड़ा विकासात्मक परिवर्तन लाने जा रहा है । यज्ञ की तैयारी में गायत्री परिजनों के साथ अलग-अलग संगठनों से भी लोग आकर यज्ञ स्थल की व्यापक तैयारी में जुटे हुए हैं । भेटुआ के टिकरी गांव से महाराजा अग्रसेन समिति से आए सैकड़ों युवा यज्ञ स्थल की तैयारी में जुटे रहे । युवा अपने-अपने महत्वपूर्ण कामों को छोड़कर पूरे दिन यज्ञ स्थल को सजाने संवारने में पूरे मनोयोग के साथ लगे रहे ।अग्रसेन समिति से आए लोगों में महेश चंद्र, शुभम अग्रहरि , पुन्नू अग्रहरि,सोनू अग्रहरि, रमेश अग्रहरि गायक,अजय अग्रहरि के साथ गांव के वरिष्ठ गायत्री परिजनों में राज करन सिंह,कमलेश सिंह नरेंद्र सिंह आदि लोगों ने पूरे मनोयोग से काम करते हुए कहा कि यह कार्य अमेठी जनपद के लिए बड़े सौभाग्य के रूप में आया है, हम सबको इस पावन पुनीत काम में शामिल होने का एक बड़ा अवसर मिल रहा है। जंग बहादुर सिंह इंटर कॉलेज ककवा के बच्चों ने भी श्रमदान किया । इन लोगों ने इन बचे हुए 18 दिनों में क्षेत्र के सभी लोगों को यज्ञ स्थल पर आने श्रमदान करने , समय दान करने, अंशदान , अन्न दान करने का आह्वान किया गायत्री परिवार के युवा समन्वयक डॉ० प्रवीण सिंह दीपक ने बताया कि यज्ञ स्थल पर प्रति दिन स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूरे जनपद के लोगों के आने का सिलसिला जारी है । यज्ञ स्थल पर कुण्डों के निर्माण कार्य में योगदान देने में होड़ लगी है। गांव-गांव से कार्यकर्ता आकर इस पुनीत कार्य में सहयोग कर रहे हैं ।

## अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रामगंज पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी को थाना रामगंज के उपनिरीक्षक जंग बहादुर यादव टीम के साथ गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग कर रहे थे. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ बैरघाट नदी पुल के पास मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नित्यानंद उर्फ पिंटू दूबे (पुत्र श्री केशवप्रसाद दूबे, निवासी जयराम दूबे का पुरवा, नरहरपुर, थाना रामगंज, अमेठी को गिरफ्तार कर लिया.तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना रामगंज पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है ।

## डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक शुक्रवार को उनि नसीर अहमद थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 24/25 धारा 85,80 बीएनएस व ¾ डीपी एक्ट थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता राजमंगल पुत्र राजभवन उम्र 20 वर्ष फूलमती पत्नी राजभवन उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डारा महाराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को पटई के पुरवा के पास करीब 11:50 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## शासन की मंशानुरूप कार्य करने को देंगे प्राथमिकता



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शुक्रवार को जयसिंहपुर में एसडीएम के पद पर आईएएस ट्रेनी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली ने कार्यभार ग्रहण किया। जयसिंहपुर में एसडीएम का पद रिक्त चल रहा था, जिसे अब उन्होंने संभाल लिया है। इससे पहले यहां तैनात न्यायिक एसडीएम शिवप्रसाद ही प्रशासनिक कार्यों का जिम्मा देख रहे थे। नवागत एसडीएम वैशाली मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं और वहीं से अपनी पढ़ाई पूरी की है। वे 2023 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और उत्तर प्रदेश कैडर में कार्यरत हैं। इससे पहले वे सुल्तानपुर में अतिरिक्त सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थीं। इसके अलावा, वे बल्दीराय ब्लॉक में ट्रेनी आईएएस के रूप में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं। एसडीएम पद का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील के कर्मचारियों के साथ बैठक की और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील आने वाले पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने पर जोर दिया तथा छात्रों को प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्यभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया।

- आईएएस वैशाली ने एसडीएम जयसिंहपुर का संभाला कार्यभार

## अयोध्या मंडल ने सीएचसी कादीपुर का किया निरीक्षण

**कादीपुर, सुलतानपुर।** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर का निरीक्षण किया। शुक्रवार को अपर निदेशक डॉ. अर्जुन प्रसाद भार्गव ने निरीक्षण के दौरान केंद्र की साफ सफाई चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा दवाओ की उपलब्धता, पैथोलॉजी तथा एक्स रे कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्स रे एवम बलगम की जांच की संख्या बढ़ाए जाने तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। अपर निदेशक डॉ. प्रेमलता अग्रवाल सुलतानपुर अल्ट्रासाउंड केंद्र के विरुद्ध कस्बे के निवासी रंजीत दूबे द्वारा दी गई आईजीआरएस की जांच करने आए थे। उन्होंने पीड़ित का बयान दर्ज किया। इस मौके पर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लाल जी, अधीक्षक डॉ. एस आर यादव मौजूद रहे।

## जिला विकास निधि से निर्मित दुकानों के आवंटन में धांधली का आरोप

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** व्यापार के लिए नवनिर्मित दुकानों के आवंटन में धांधली का आरोप लगाते हुए सुहेलदेव पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री को पत्र भेजकर तत्काल आवंटन निरस्त करने तथा फिर से जांच कराकर सही ढंग से आवंटन कराने की मांग की है। लंभुआ नगर पंचायत में चैकिया मोड़ के निकट जिला विकास निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में लाखों खर्च के बाद कई व्यापारिक दुकानों का निर्माण कराया गया था। सभी दुकानों को शासनादेश को दरकिनार करते हुए एक ही व्यक्ति के नाम आवंटित कर दिया गया। जिसमें शासनादेश की घोर अवहेलना हुई है ।आरोप है की आवंटन से पूर्व किसी भी दैनिक समाचार पत्र में इसकी विज्ञप्ति नहीं निकाली गई। ऐसे आवंटन से अन्य व्यापारियों की जरूरतें पूरी नहीं हुई, जबकि नियमानुसार नवनिर्मित विभिन्न दुकान विभिन्न व्यापारियों के नाम आवंटन की जानी थी। सुहेलदेव समाज पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कैबिनेट मंत्री पंचायती राज उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र भेजकर जांच कराने तथा पुनः आवंटन प्रक्रिया कराने की मांग की है।

संक्षेप

## एसएसपी ने ली परेड की सलामी

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी । तत्पश्चात उनके द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक कर सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर,परिवहन शाखा, भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, पुलिस कर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण करत हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एएसपी नगर ग्रामीण समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन फिरोजाबाद व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## यूनाइटेड बार एसो. के चुनाव संपन्न

**आगरा।** सिविल कोर्ट (दीवानी कचहरी) आगरा परिसर में गुरुवार को चुनाव अधिकारी रमाकांत दीक्षित एडवोकेट के निर्देशन में यूनाइटेड बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष नरेश शर्मा एडवोकेट, सचिव अनूप कुमार शर्मा एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रमोद लवानिया, संयुक्त सचिव विवेक पाराशर और सुमन उप्रेती, कोषाध्यक्ष के पद पर माला गुप्ता, पुस्तकालय सचिव शोभित मोहन, लेखा निरीक्षक सुधीर शर्मा, खेल मंत्री अखिल खंडेलवाल, संयुक्त सचिव प्रशासन दीपक नागर, सहित गवर्निंग काउंसिल में अश्वनी खन्ना, संजीव श्रीवास्तव, हेमेंद्र गर्ग, रामेंद्र पचौरी, शानू खान, अभिनव शर्मा तथा कनिष्क कार्यकारिणी सदस्य में सुमंत चतुर्वेदी, तनीषा शर्मा, अरुण कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। ड्राफ्टिंग कमेटी के संयोजक पद पर गौतम कुमार एडवोकेट को सर्वसम्मति के नामित करते हुए चुनाव अधिकारी रमाकांत दीक्षित एडवोकेट ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। सभी निर्वाचित नवनियुक्त पदाधिकारियों को संरक्षक मंडल शिवदत्त शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, अभय पाठक, पंडित बी.एन. तेहरिया आदि ने बधाई दी।

## नागेंद्र उपाध्याय पर हमले से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**आगरा।** नागेंद्र उपाध्याय पर हुए जानलेवा हमला और आरोपियों पर कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने के विरोध में पुलिस कमिश्नर रविन्द्र गौड़ से मुलाकात करने पहुंचे आगरा के ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पुलिस आयुक्त आगरा से इस मामले के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञात होगा कि पिछले दिनों ब्राह्मण नेता एवं समाजसेवी नागेंद्र उपाध्याय पर कुछ गुंडा तत्व के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना एत्माउद्दौला में अपराधियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। परंतु फिर भी अभी तक पुलिस के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बात को लेकर पूरे ब्राह्मण समाज में आक्रोश प्राप्त है। आज पीड़ित नागेंद्र उपाध्याय एवं उनके परिवार के साथ ब्राह्मण समाज के लोग पुलिस आयुक्त मिले और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस आयुक्त ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। पुलिस आयुक्त आगरा से मिलने वालों में नागेंद्र उपाध्याय और उनकी पत्नी शिखा उपाध्याय के साथ कैलाश नारायण मिश्र, मनोज, राजेश शर्मा, सहित अन्य ब्राह्मण उपस्थित रहे।

# बरसाना की लड्डू-लट्ठमार होली में सुरक्षा की जिला व पुलिस प्रशासन ने की समीक्षा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू एवं लट्ठमार होली की तैयारियों को लेकर अधिकारियों एवं मंदिर के सेवायतों के साथ अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने समीक्षा की।

अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि नाले की तेजी के साथ साफ सफाई कर गंदगी को बाहर फेंका जाए। विद्युत विभाग के अधिकारी लट्ठे/खंभों का निरीक्षण करें और प्लास्टिक से कवर चढ़ाया जाए। विद्युत का बैकअप रखें। पोल की प्लास्टिक रैपिंग का कार्य, ट्रांसफार्मर की बैरीकेडिंग, जर्जर/ लटके तारों को व्यवस्थित किया जाए। बरसानावासी अपने घरों में पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को अनावश्यक अंदर न रखें, छतों पर न चढ़ने दे और पुलिस तथा जिला प्रशासन का सहयोग करें।

अधिशासी अधिकारी बरसाना कल्पना वाजपेई ने जानकारी दी कि बरसाना में 32 जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं, सबको नोटिस जारी किया गया है। बरसाना वासी आपने घरों की छतों पर लोगों को बिठा लेते हैं, उक्त के लिए सभी को मना किया गया है। होली के इस उत्सव में देश ही नहीं विदेशी भी शामिल होते है। आई.जी. दीपक कुमार ने कहा कि ऐसे में यहाँ पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं से विन्रम, सरल एवं मृदुल व्यवहार रखें। श्रद्धालु मथुरा की अच्छी छवि लेकर जाए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी हुरियारों के पास बनाए जाएंगे, जिससे हुरियारों में कोई संदिग्ध व्यक्ति शामिल न हो सके। सभी सेवायत पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें, जिससे हम और आप मिलकर इस होली को सकुशल तथा शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। ए.डी.जी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी निर्धारित की जाए, एक पार्किंग भरने पर दूसरी पार्किंग को भरने हेतु पुख्ता प्लान होना चाहिए। मंदिर में ऑक्सीजन सिलेंडर रखें, पुरुष और महिलाओं की अलग अलग लाइन बनाने की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाए, हुरियारों के सभी आवागमन के मार्गों का निरीक्षण कर लें। सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, प्राइवेट आदि लोग जो होली की ड्यूटी में लगे हैं, उनको अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जाने दें। टीम भावना के साथ इस होली को सम्पन्न कराया जाएगा, खोया पाया केंद्र का पूरा पता प्रचलित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, छाता स्वेता, सीओ गोवर्धन आलोक सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार, सी.एम.ओ डॉ अजय कुमार वर्मा, संजय गोस्वामी पूर्व रिसीवर मंदिर श्री लाडली जी महाराज सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बंदरों ने एनआरआई वृद्धा को किया घायल

**मथुरा।** अमेरिका से वृंदावन आई वृद्ध महिला पर बंदरों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची वृद्ध महिला ने अपने साथ हुई घटना के लिए नगर के अधिकारी, स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताते हुए वृन्दावन कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। दो दिन के अन्दर कार्यवाही न होने पर यूएसए एंबेसी में शिकायत करने की चेतावनी दी है। वहीं घायल महिला के साथ कोतवाली पहुंचे उनके परिजन भागवत प्रवक्ता मृदुलकांत शास्त्री ने बताया कि उनकी बुआ पुष्पा देवी शर्मा उम्र करीब 85 वर्ष पत्नी ज्ञानेश्वर दत्त गौड बुधवार को रंगजी मंदिर के निकट स्थित उनके राधाकांत मंदिर पर आई हुई थी। तभी चश्मा छीनने के प्रयास में बंदर ने उनको धक्का दे दिया। वृद्ध अवस्था होने के कारण अचानक गिरने से उनके गंभीर चोटे आई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी एक बार वृंदावन आने पर बन्दर उन पर हमला कर चुके है लेकिन पूर्व में वह धार्मिक नगरी की छवि खराब न हो इसे देखते हुए बिना किसी कार्यवाही के वापस लौट गई किंतु इस बार हुई घटना से उनकी भावनाओं को आहत किया है। जिसके लिए उन्होंने घटना के लिए नगर निगम प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताते हुए कोतवाली तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## रैली निकाल नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक



**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर टूण्डला-एटा रोड़ फिरोजाबाद की ओर से नगला सुरनी में जायोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवक सेविकाओं ने स्वास्थ्य जागरुकता रैली निकाली जिसमें स्वयं सेवको ने ग्रामीणों को नशामुक्ति के बारे में जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.बीपी सिंह ने स्वयं सेवकों को स्वस्थ जीवन के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि स्वस्थ जीवन ही जीवन का मूल्यवान धन है। कॉलेज प्रबंधक डॉ.डीपी सिंह ने स्वयं सेवक सेविकाओं को बताया कि अच्छा स्वास्थ मनुष्य के लिए वैसा ही है जैसा दीपक के लिए तेल है। बौद्रिक सत्र में महाविद्यालय की बीएड० विभाभाध्यक्षा प्रो०विमलेश वर्मा ने स्वयं सेवको को स्वास्थ के महत्व को बताया और बताया हम अपने शरीर और मन को किस प्रकार स्वस्थ रख सकते है। साथ ही सभी स्वयं सेवक सेविकाओं ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.अंजली मिश्रा किया, इस अवसर पर प्रो.रोनक धाकरे मुकेश कुमार नेत्रपाल सिंह,रवि उपाध्याय संतोष शर्मा आदि की उपस्थिति रही। अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चंद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जनपद में कोई ऐसा श्रमिक नहीं होना चाहिए जिसका पंजीकरण न हो : डीएम

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में श्रम विभाग से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन डीएम सभागार कक्ष में किया गया, बैठक में डीएम ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि जनपद में जितने भी श्रमिक कार्यरत है,उनका पंजीयन अवश्य कराएं, जिससे उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सकें,डीएम ने विद्यालय में कार्यरत रसोइयों के भी श्रमकार्ड बनवाने के लिए निर्देश दिए, बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया जनपद के विद्यालयों में कार्यरत कुल 40 हजार रसोइये हैं, डीएम ने कहा कि इन सभी के ई-श्रम कार्ड अवश्य बनाए जाऐ,साथ ही साथ जनपद में जो भी नाविक मछुआरें, श्रमिक इन सभी को श्रम विभाग की योजनाओं से आच्छांदित किया जाए और उन्हे सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, डीएम ने कहा कि जनपद में कोई ऐसा श्रमिक नही होना चाहिए, जिसका पंजीकरण न हो, इस बैठक में बेसिक शिक्षाधिकारी, सहायक श्रमायुक्त आदि उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने की त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक

**फिरोजाबाद ।** एसएसपी सौरभ दीक्षित नेआगामी त्योहारों होलिका दहन, होली,ईद-उल-फितर आदि त्योहारों के मद्देनजर एसएसपी कार्यालय में क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी शांति सुरक्षा की मीटिंग आयोजित की,जिसमें आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण मनाने हेतु जागरुक किया गया। मीटिंग के दौरान एसएसपी संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए,एवं त्यौहारों के दृष्टिगत उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील की कि बच्चों एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे। किसी भी प्रकार की समस्या या असुविधा होने पर डायल-112 या संबंधित थाना चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी।

## बिना जातिगत जनगणना के दलितों को उनका हक मिलना मुश्किल : तनुज पुनिया

**आगरा।** बिना जातिगत जनगणना के दलितों को उनका हक मिलना मुश्किल है सरकार को जातिगत जनगणना करानी ही होगी। जिसके लिए कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। यह बातें बाराबंकी से कांग्रेस सांसद और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पुनिया ने कही, वह किदवई पार्क स्थित होटल श्याम में कांग्रेस एस सी विभाग की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा की पूरे देश में दलितों की आवाज को दबाया जा रहा है। आज पुरा दलित समुदाय राहुल गाँधी की तरफ देख रहा है। उन्होंने कार्यकताओं को 1 मार्च से 14 अप्रैल तक जय भीम, जय बापू, जय संविधान कार्यक्रम चलाने के साथ हर वार्ड और ब्लॉक मे दलित चौपाल लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से दलितों के साथ-साथ ओबीसी समुदाय को भी कांग्रेस से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने शहर के बुद्धिजीवियों को राहुल गांधी जी का संदेश पहुंचाने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा अनुसूचित जाति विभाग के संगठन के विस्तार हेतु आगरा मंडल के कांग्रेस जनों से चर्चा भी की और उनसे सुझाव भी मांगे।

इस दौरान आगरा के कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका 21 मीटर का साफा बांधकर और ताज महल का लघु चित्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत भी किया गया। बैठक का संचालन लक्ष्मीनारायण सिंह ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से निवर्तमान शहर अध्यक्ष अमित सिंह, जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा, रामनाथ सिकरवार फौजी, एस सी शहर अध्यक्ष अश्वनी बिट्टू, जिलाध्यक्ष अमी चंद जाटव, लक्ष्मीनारायण सिंह, सतेंद्र केम, गीता सिंह, लता कुमारी, राम टंडन, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव तरुण सागर, सोनू कन्नौजिया, ताहिर हुसैन, विकास भारती, विवेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, निवर्तमान मीडिया प्रभारी याकूब शेख, अजहर वारसी, डॉ. मधुरिमा शर्मा, अदनान कुरैशी, सचिन चौधरी, रमेश पहलवान, हबीब कुरैशी, आर वी धाकरे, मुकेश शर्मा, दिनेश बाबू शर्मा, अभय सिंह, बंटी खान, सी एम पाराशर, भूरी सिंह डंपी, हेमंत चाहर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांसद चंद्रशेखर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दी सांत्वना

- करनावल में दुल्हनों-बरातियों को पीटने का मामला



**मथुरा।** थाना रिफाइनरी के गांव करनावल में अनुसूचित जाति की दुल्हनों और बरातियों को पीटने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज सुबह आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर यहां पहुंचकर कई गांवों में हुई घटना पर पीड़ित परिवार से मिले। शुक्रवार सुबह सांसद चंद्रशेखर रिफायनरी के गांव करनावल में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। घटना और पुलिस की कार्रवाई को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हम साथ हैं, डरने की कोई जरूरत नहीं है। सांसद के गांव पहुंचते ही भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। वहीं पीड़ित के घर में बने बाथरूम की छत पर लोग चढ़ गए। ये छत कमजोर थी, जो टूट गई। जब कि भारी मात्रा में पुलिस बल गांव में तैनात है। बताया जाता है कि आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद आज सुरीर पहुंचने वाले थे। इससे पहले ही गांव में तनाव की स्थिति कायम हो गई है। असामाजिक तत्वों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे खास तौर से अनुसूचित जाति के लोगों में आक्रोश है और लोग भीड़ के रूप में इकट्ठा हो गए हैं। उधर सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने भी उधर की दौड़ लगाई है। इसे लेकर गांव में तनाव का माहौल है। चंद्रशेखर आजाद के पहुंचने से पहले पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। कई थानों की पुलिस और पीएसी गांव में मौजूद है। गौरतलब है कि चंद्रशेखर आजाद करनावल में दो अनुसूचित जाति की दुल्हनों के साथ मारपीट करने के मामले में यहां आये हैं। इसके बाद चंद्रशेखर आजाद सुरीर क्षेत्र के गांव भरत नगरिया भी गये। यहां ब्राह्मण और जाटव पक्ष के दो पक्षों में शनिवार को मारपीट हो गई थी। इसे जातीय रंग देने का प्रयास किया गया था। उधर, मांट थाना क्षेत्र के गांव सिरेर्ला भी जाएंगे।

# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025 : मैंने भगवान को देखा है : मदनलाल



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में भव्य समारोह के दौरान ह्यस्पोर्ट्स फिएस्टा 2025ह्व के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि क्रिकेट की विश्वविजेता टीम के ख्यातिप्राप्त सदस्य हरफनमौला मदनलाल शर्मा ने जब संस्कृति विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के बीच मंच से यह कहा कि मैंने भगवान को देखा है तो सब अचंभित हो गए। लेकिन जब उन्होंने कहा कि मैं अपने माता-पिता को ही भगवान मानता हूं तो तालियों से सारा प्रांगण गूंज उठा। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए आपका उस क्षेत्र में समर्पण और पूर्ण लगन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता था कि मथुरा में इतना अच्छा विश्वविद्यालय है तथा यहाँ आयुर्वेदिक हास्पीटल भी चलता है। विद्यार्थियों के लिए यह एक अच्छी यूनीवर्सिटी है। कोई भी इन्सान अगर आपको अच्छी बाताता है और उस बात को आप एकड़ लेते हैं तो आप हमेशा आगे बढ़ जाते हैं। जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिए। सफलता के लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत और लगातार सीखते रहने की मंशा जरूरी है। हर क्षेत्र में कम्पटीशन है, चुनौती है। हमे उससे गुजरना पड़ता है। मैं हमेशा अपने आपको जज करता हूँ, अपनी कमियों को ढूढता हूं और उन्हें ठीक करता है और उससे सीखता हूं, आपको भी ऐसा करना चाहिए। हम हमेशा सोचते रहते हैं कि हमें यह करना, यह करना है। बेहतर है कि अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। आपकी सफलता पर माता-पिता सबसे ज्यादा खुश होते हैं। वे ही हमें इस योग्य बनाते हैं और वे ही हमारे सच्चे भगवान हैं, पृथ्वी पर आने के बाद सबसे पहले हम उन्ही को देखते हैं। अभी से अपने लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाइये क्योंकि जब टाइम चला जाएगा कोई नहीं पूछेगा। समय का सदुपयोग करिए।

संस्कृति विवि के कुलाधिपति सचिन गुप्ता ने संस्कृति स्पोर्टस फिएस्टा 2025 के मंच पर देश के महान खिलाड़ी मदनलाल शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि कौन नहीं जानता कि 1983 में क्रिकेट वर्ल्ड कप में जो जो जीत मिली उसमें आपका कितना बड़ा योगदान था। एक समय था जब बीसीसीआई के पास पैसा नही था। खिलाड़ियों को आज जितना पैसा नहीं मिलता था लेकिन खिलाड़ियों के अंदर देश का नाम ऊंचा करने का जज्बा बहुत था। उन्होंने कहा कि इंसान के अंदर जज्बा हो तो वह कुछ भी कर सकता है। कुछ भी असम्भव नहीं है। हार को कभी भी गले नहीं लगाना है, जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहना है। हमारे देश में क्रिकेट की लोकप्रियता इस कदर बढ़ी कि 1983 की जीत के बाद हर घर में एक बैट अवश्य आ गया। मेरी आशा है कि आप में से भी कोई आगे चलकर इस मन्च पर मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान होगा।

संस्कृति विवि में कैप्स के डीन डा. रजनीश त्यागी ने कहा कि रजनीश त्यागी ने कहा कि हमें नाज है कि 1983 में विश्व कप दिलाने वाले मदनलाल ने खतरनाक खिलाड़ी विवियन रिचर्ड का कैच लेकर भारतीय इतिहास रचा था। उस समय के हीरो मदन लाल शर्मा अगर न होते तो भारत को यह गर्वित मौका हासिल न होता। उस समय ब्लैक-व्हाइट टीवी हुआ करता था और हम आंख लगाए देखते रहते थे। आज ऐसे महान खिलाड़ी को अपने बीच देखकर हम सभी गौरवान्वित हैं। मंच पर ब्रज की परंपरा के अनुसार पूर्व क्रिकेटर मदनलाल शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर ने क्रिकेट लीग की ट्रॉफियों का अनावरण किया। मंच संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की ज्योति यादव ने किया। आज के इस आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद फहीम, डॉ.दुर्गेश वाधवा, प्रशासनिक अधिकारी विजय श्रीवास्तव और एडमीशन सेल के विजय सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

## रिफायनरी कर्मचारी संघ के चुनाव : रामकिशन महामंत्री और देवेंद्र कुमार बने अध्यक्ष



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी में पिछले दिनों वर्ष 2025-26 के लिए इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में देवेंद्र कुमार सभापति के पद पर तथा रामकिशन महामंत्री के पद पर विजयी हुए है तथा उपसभापति के पद पर धर्मेंद्र कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री (औद्योगिक विवाद) पद पर हरीश पहल, संयुक्त मंत्री (जनकल्याण) पद पर तुलसीराम उपाध्याय, कोषाध्यक्ष के पद पर फतेह सिंह चुने गए। पांच कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में देवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र गिरी, अखिलेश कुमार पासवान, हेमंत अहिरवार एवं शुभम जायसवाल ने जीत हासिल की।

## एडीजी आगरा जोन ने परखीं श्रीकृष्ण जन्मभूमि की व्यवस्थाएं

**मथुरा।** ब्रज में होली को लेकर देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर परिसर का भ्रमण कर पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। शुक्रवार दोपहर एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने होली पर्व को लेकर ब्रज में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र आगरा दीपक कुमार, डीएम सीपी सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक/एसएसपी शैलेश पांड़े द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर व आस-पास के क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया और श्रीकृष्ण जन्मभूमि कन्ट्रोल रुम के सभागार में पुलिस प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## सिरसा नदी का जीर्णोद्धार अधिकारी सक्रियता से करें : डीएम

**फिरोजाबाद।** डीएम द्वारा सिरसा नदी के जीर्णोद्वार को लेकर एक बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार कक्ष में सीडीओ शत्रोहन वैश्य, डीडीओ परियोजना निदेशक डीसी मनरेगा, अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद सिरसागंज शिकोहाबाद संबंधित बीडीओ, ग्राम प्रधानों ग्राम पंचायत सचिवों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जैसा कि विदित है कि सिरसा नदी जनपद अलीगढ़ हाथरस और एटा से होते हुए जनपद फिरोजाबाद के विकासखंड टूंडला की ग्राम पंचायत रामगढ़ उमरगढ़ से प्रारंभ होकर विकासखंड मदनपुर की ग्राम पंचायत कौरारी तक जाती है। जनपद में नदी की कुल लंबाई 108.76 किमी है, जिसमें 6 विकासखंड टूंडला नारखी, खैरगढ़ शिकोहाबाद अरांव वमदनपुर की कुल 49 ग्राम पंचायतें एवं तीन नगर पंचायतें मक्खनपुर, शिकोहाबाद एवं सिरसागंज से होकर गुजरती है।





डीएम ने कहा कि यह नदी जिले की जीवन धारा बन सकती है। क्योंकि कुछ क्षेत्रों में अभी भी पानी मानक के अनुरूप नहीं है,इसलिए इस नदी के पुर्नोद्धार से जिले के तमाम नागरिकों को लाभ पहुंचेगा इसीलिए इस कार्य को सभी गंभीरता से लें, इस नदी के पुर्नोद्धार हेतु हजारों मजदूर लगाए जाएं, जिससे कार्य में शीघ्रता और तीव्रता आए नदियों से निकलने वाले कचरे को भी निस्तारण कराया जाए, यह कार्य ज्यादा से ज्यादा मनरेगा से कराया जाए, कम से कम 75 प्रतिशत श्रमिकों को इस महत्वपूर्ण कार्य में लगाया जाए,साथ ही साथ इस कार्य में जन सहभागिता भी हो, लोगों को इसके बारे में बताएं और उनसे भी इनके जीर्णोद्धार में मदद लें, इस नदी के किनारे फलदार वृक्ष लगाए जाए, जगह-जगह पानी को रोकने के लिए चेकडैम बनाए। यह नदी जिले के लिए उसी तरह महत्वपूर्ण साबित होगी जिस तरह महाकुंभ के समय गंगा,जमुना और सरस्वती का महत्व होता है, डीएम ने सभी सचिवों एवं प्रधानों से अनुरोध किया है कि इस कार्य को मिशन मोड पर करें,यह पुण्य का कार्य है,साथ ही इस नदी के पुनर्जीवन से इस नदी के किनारे स्थानीय वनस्पतियां विकसित होगीं, जो पशुओं के आहार हेतु जीविका का आधार बनेगी, इससे सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, नागरिकों को शुद्ध पेयजल की प्राप्ति होगी, जिससे उनका स्वास्थ्य खराब नहीं होगा, साथ ही यहां एकत्रित जल से 0.33 हेक्टेयर मीटर प्रति वर्ष जल रिचार्ज किया जा सकेगा। साथ ही सिरसा नदी के जल से 3183 कृषकों को सिंचाई हेतु लाभ मिल सकेगा,डीएम ने कहा इस कार्य को 5 मार्च से अवश्य प्रारंभ कर दें,जिससे इस महत्वपूर्ण कार्य को शीघ्र पूरा किया जा सके, इस महत्वपूर्ण बैठक में जो सचिव अनुपस्थित थे उनका वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए,उन्होंने सभी अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों से इस कार्य में अपना संपूर्ण योगदान देने की बात कही।

**राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा**

पत्रांक :/म.वृ.वि.प्रा./2024-25 दिनांक :

**सार्वजनिक सूचना**

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती निक्की मेहता पत्नी श्री गिरीश सिसोदिया द्वारा ऑनलाईन मानचित्र संख्या एम.वी.डी.ए./बी.पी/ 24-25/0845, के अन्तर्गत खसरा संख्या 208 मौजा वृन्दावन बांगर तहसील व जिला मथुरा की 1678.08 वर्ग मी. भूमि पर होटल निर्माण (श्री राधा शरणम) का मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। स्थल के सम्मुख 12.00 मी. चौडा मार्ग स्थित है, मथुरा, वृन्दावन महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के प्रस्तर 2.13 कॉलम-3 के अनुसार आवासीय क्षेत्र में होटल निर्माण सशर्त (न्यूनतम 12 मी. चौडे मार्ग पर केवल तीन स्टार तक) अनुमन्य है। मथुरा-वृन्दावन महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के प्रस्तर 11.1.6.1 के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर किया/उपयोग अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह (30दिन) की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/ सुझाव उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है तथा प्राप्त आपत्ति/सुझाव के निस्तारण के उपरान्त ही मानचित्र की स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अतः सामान्य जन से अपेक्षा की जाती है कि उक्त मानचित्र के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो कृपया सूचना प्रकाशन की तिथि से एक माह (30दिन) के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा में उपलब्ध करा दें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/ सुझावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

सचिव
म.व.वि.प्रा., मथुरा

**कार्यालय : मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण**
**राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा।**

**सार्वजनिक सूचना**

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत मै. जी.एस.आर.जी. एस्टेट प्रा.लि., श्री गोपाल दास अग्रवाल पुत्र श्री राम सरण दास द्वारा वाटर रेट नं.- 64/369(नया), 1950 (पुराना), मौजा-डैम्पीयर नगर, तहसील व जिला-मथुरा के कुल क्षेत्रफल 1732.07 वर्ग मीटर भूमि पर पूर्व स्वीकृत/शमनित व्यवसायिक/आवासीय (शोरूम) में संशोधन कर होटल उपयोग की स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। होटल की स्वीकृति की अनुमति निर्मित क्षेत्र आवसीय भू-उपयोग में मथुरा-वृन्दावन महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के प्रस्तर-2.13 के बिन्दु संख्या-23 के अनुसार न्यूनतम 12.00 मीटर चौड़े मार्ग पर सशर्त अनुमन्य है। मथुरा-वृन्दावन महायोजना- 2031 (पुनरीक्षित) के प्रस्तर 11.1.6.1 के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह (30 दिन) की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/ सुझाव उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है तथा प्राप्त आपत्ति/सुझाव के निस्तारण के उपरान्त ही मानचित्र की स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। आम जनता से अपेक्षा की जाती है कि उक्त मानचित्र के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो कृपया सूचना प्रकाशन की तिथि से एक माह (30 दिन) के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा में उपलब्ध करा दें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/ सुझावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

सचिव
म.व.वि.प्रा. मथुरा

## संक्षेप

### भारत-जापान ने मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते का नवीनीकृत किया है। द्विपक्षीय विनिमय व्यवस्था (बीएसए) एक दो-तरफा व्यवस्था होती है जिसमें दोनों प्राधिकरण डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिजर्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नवीनीकृत बीएसए शुक्रवार (28 फरवरी, 2025) से प्रभावी हो गया है।

### मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर चर्चा

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता की प्रगति पर शुक्रवार को चर्चा की, जिसका उद्देश्य दोतरफा वाणिज्य व निवेश को बढ़ावा देना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के बीच यहां हुई बैठक के दौरान इस समझौते पर चर्चा की गई। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज नाश्ते पर यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की प्रगति पर स्पष्ट व व्यावहारिक चर्चा हुई। आने वाला समय में हम विश्वसनीय साझेदारों के रूप में अपने व्यापार व निवेश संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने की दिशा में काम कर रहे हैं। सेफकोविक के साथ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भी मौजूद रहीं।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक की कमल ऑटो से साझेदारी

नई दिल्ली। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक अहम साझेदारी की है। इस करार पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य पहले चरण में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। आने वाले समय में इस पहल को और भी राज्यों तक फैलाने की योजना है। इस साझेदारी के तहत, कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लो-स्पीड और हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (एल3 और एल5 कैटेगरी) के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसका मकसद इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने को और आसान और किफायती बनाना है, जिससे देश में सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा मिल सके।

### आईटीसी बिंगो टेढ़े मेढ़े का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। आईटीसी का बिंगो टेढ़े मेढ़े ने खेसारी लाल यादव के साथ बनाए गए धमाकेदार भोजपुरी म्यूजिक कैम्पेन 'टेढ़े मेढ़े' के लॉन्च के साथ अपने क्षेत्रीय जुड़ाव को और गहरा कर रहा है। अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य बिहार और उत्तर प्रदेश की अद्भुत संस्कृति और युवाओं के होंसले का जश्न मनाते हुए अपने मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को और भी मजबूत करना है। खेसारी लाल यादव और सनसनीखेज शिल्पी राज द्वारा गाया गया यह गाना क्षेत्र के युवाओं के रोमांचक, निडर और उत्साही व्यक्तित्व को दर्शाता है। इस कैम्पेन में मेल लिड खेसारी लाल यादव और फीमेल लिड श्वेता शारदा हैं, जो निरंतर जश्न और मौज-मस्ती की कहानी दर्शाते हैं।

### महिन्द्रा ने की पीएमआई पर्ल सिटी चैप्टर की मेजबानी

हैदराबाद। महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने अपने परिसर में पीएमआई पर्ल सिटी चैप्टर (पीएमआईपीसीसी) के साथ मिलकर इंटरनेशनल स्टूडेंट लीडरशिप डे (आईएसएलडी) की मेजबानी की। इस आयोजन में नेतृत्व, प्रोजेक्ट मैनजमेंट और नवप्रवर्तन की संभावना तलाशने के लिए 134 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और उद्योग पेशेवर शामिल हुए। विद्यार्थियों के समक्ष स्पार्क रूपरेखा- स्वयं या नेतृत्व पेश की और इस बात पर जोर दिया कि नेतृत्व प्रभाव के बारे में है ना कि खिताब के बारे में। एक जबरदस्त परिचर्चा में विशेषज्ञों ने नेतृत्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की उभरती भूमिका को रेखांकित किया। मनोविज्ञान की विद्यार्थी शाज़िया ने एआई टेक्नोलॉजीज को अपनाते समय सतर्कता बरतने का अनुरोध किया।

# सेंसेक्स में 1414 अंकों की गिरावट



मुंबई। चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमेरिकी की घोषणा से शुक्रवार को दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसके दबाव में घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,414 और निफ्टी 420 अंक टूट गया।

विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। व्यापक बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,414.33 अंक यानी 1.90 प्रतिशत गिरकर 73,198.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,471.16 अंक गिरकर 73,141.27 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420.35 अंक यानी 1.86 प्रतिशत फिसलकर 22,124.70 पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट से बीएसई सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। वहीं एनएसई निफ्टी 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से अब तक 4,152.65 अंक यानी 15.80 प्रतिशत टूट चुका है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई जबकि इंडसइंड बैंक पांच प्रतिशत से अधिक नीचे रहा। इनके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले और मारुति भी प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल रहीं। सेंसेक्स की कंपनियों में से अकेले एचडीएफसी बैंक ही बढ़त के साथ बंद हुआ। कमजोर वैश्विक संकेतों से प्रभावित बिकवाली की धारणा के बीच घरेलू बाजार में भारी गिरावट देखी गई। यह गिरावट मुख्य रूप से कनाडा और मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चिंता से हुई। इसके साथ ही चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया जाएगा। अब अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ से आयात पर भी शुल्क लगाए जाने की आशंका ने बाजार की घबराहट को और बढ़ा दिया है। ऐसे में निवेशकों की नजर भारत की जीडीपी वृद्धि के तिमाही आंकड़ों पर टिक गई है। बाजार में चौतरफा बिकवाली इस कदर हावी रही कि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 2.33 प्रतिशत जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 2.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई के सभी क्षेत्रों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

# बिहार की अर्थव्यवस्था 12 साल में 3.5 गुना होकर 8.54 लाख करोड़ रुपये पर




पटना। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 2011-12 में 2.47 लाख करोड़ रुपये से 3.5 गुना होकर 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बजट सत्र के पहले दिन राज्य विधानसभा में 2024-25 के लिए बिहार आर्थिक समीक्षा पेश करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि बिहार ने पिछले दो दशकों में महत्वपूर्ण आर्थिक वृद्धि की है, जिसके परिणामस्वरूप कई सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मौजूदा बाजार कीमतों पर बिहार की अर्थव्यवस्था का आकार 2011-12 में 2.47 लाख करोड़ रुपये से 3.5 गुना होकर 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि नवीनतम उपलब्ध अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2023-24 के लिए बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) मौजूदा कीमतों पर 8,54,429 करोड़ रुपये और स्थिर (2011-12) कीमतों पर 4,64,540 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 में, कर राजस्व 1,61,965 करोड़ रुपये था, जो इसे राजस्व प्राप्तियों का सबसे महत्वपूर्ण घटक बनाता है। चौधरी ने कहा कि कुल प्राप्ति में कर राजस्व का हिस्सा 2019-20 में 75.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 83.8 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि 2023-24 में, सहायता अनुदान कुल 26,125 करोड़ रुपये (कुल प्राप्तियों का 13.5 प्रतिशत) था, जबकि गैर कर स्रोतों का योगदान 5,257 करोड़ रुपये (2.7 प्रतिशत) था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2011-24 के दौरान बिहार ने भारत के प्रमुख राज्यों में उत्तर प्रदेश (10.1 प्रतिशत) और कर्नाटक (7.7 प्रतिशत) के बाद परिवहन और संचार क्षेत्र में तीसरी सबसे बड़ी वृद्धि (7.6 प्रतिशत) दर्ज की। जहां तक कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का सवाल है, रिपोर्ट में कहा गया है, खरीफ में चावल और रबी में गेहूं बिहार में प्राथमिक फसल चक्र का हिस्सा हैं। सत्र 2022-23 और 2023-24 के बीच चावल और गेहूं का उत्पादन क्रमशः 21.0 प्रतिशत और 10.7 प्रतिशत बढ़ गया है।

# निवेशकों को हुआ नौ लाख करोड़ रुपये का नुकसान




नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट के बीच शुक्रवार को निवेशकों को नौ लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 1414 अंक लुढ़क गया। विश्लेषकों ने कहा कि शुल्क दर को नई चेतावनियों से वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी है। इसके साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत पूंजी निकासी ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक 1,414.33 अंक का गोता लगाकार 73,198.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,471.16 अंक तक टूट गया था। शेयर बाजार में तेज गिरावट के बाद, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,08,798.67 करोड़ रुपये घटकर 3,84,01,411.86 करोड़ रुपये रह गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार आठवें दिन गिरावट रही और यह 420.35 अंक यानी 1.86 प्रतिशत टूटकर 22,124.70 अंक पर बंद हुआ।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर घटकर 635.72 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण पिछले कई हफ्तों से मुद्राभंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों अनुसार, 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.25 अरब डॉलर बढ़कर 543.84 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 74.58 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार 7.3 करोड डॉलर बढ़कर 17.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.09 अरब डॉलर हो गया।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46 पर बंद

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे कमजोर होकर 87.46 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई है।

इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर एवं 87.46 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 87.46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 28 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 87.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 107.33 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.74 प्रतिशत गिरकर 73.49 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

# राजकोषीय घाटा जनवरी में पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 74.5 प्रतिशत पर




नयी दिल्ली। केंद्र का राजकोषीय घाटा जनवरी 2025 के अंत में वार्षिक लक्ष्य के 74.5 प्रतिशत तक पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा अप्रैल-जनवरी 2024-25 की अवधि में 11,69,542 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान (आरई) का 63.6 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और राजस्व के बीच का अंतर है। यह सरकार की कुल उधारी को बताता है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र सरकार का कर राजस्व (शुद्ध) 19.03 लाख करोड़ रुपये यानी 2024-25 के संशोधित अनुमान का 74.4 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 80.9 प्रतिशत था। केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय आंकड़ों के अनुसार, कुल व्यय 35.7 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान का 75.7 प्रतिशत है। एक साल पहले इसी अवधि में यह संशोधित अनुमान का 74.7 प्रतिशत था। संसद में पेश केंद्रीय बजट में 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत (पूर्व अनुमान 4.9 प्रतिशत से कम) और 2025-26 के लिए 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। निरपेक्ष रूप से, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी तक भारत सरकार द्वारा केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में राज्य सरकारों को 10,74,179 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2,53,929 करोड़ रुपये अधिक है। कुल राजस्व व्यय (28.12 लाख करोड़ रुपये) में से 8,75,461 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के लिए तथा 3,37,733 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी के लिए थे। सीजीए आंकड़ों पर रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जनवरी, 2025 में राजस्व व्यय में सालाना 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पूंजीगत व्यय में लगभग 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो चालू तिमाही में आर्थिक गतिविधि के लिए अच्छा संकेत है।

# ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज बरकरार रखा




नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने शुक्रवार को 2024-25 के लिए भविष्य निधि जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बरकरार रखने का निर्णय किया। यह ब्याज पिछले वित्त वर्ष के बराबर है।

ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 में 8.15 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने शुक्रवार को अपनी बैठक में 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत ब्याज देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने बताया कि ब्याज दर को सरकार आधिकारिक रूप से अधिसूचित करेगी। इसके बाद ईपीएफओ सदस्यों के खातों में ब्याज दर जमा कर देगा। बयान के अनुसार, ब्याज दर पर निर्णय शुक्रवार को यहां केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 237वीं बैठक में लिया गया। मंत्रालय ने कहा कि कई अन्य निश्चित आय साधनों की तुलना में, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) अपेक्षाकृत उच्च और स्थिर रिटर्न प्रदान करता है, जिससे बचत में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होती है। मांडविया की अध्यक्षता में सीबीटी ने कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा (ईडीएलआई) योजना के तहत बीमा लाभ बढ़ाने सहित कई निर्णय लिए। मंत्रालय ने कहा कि सीबीटी ने सेवा के एक वर्ष के भीतर मृत्यु के लिए न्यूनतम लाभ की शुरुआत को मंजूरी दी। मंत्रालय ने बताया कि ऐसे मामलों में जहां ईपीएफ सदस्य की एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी किए बिना मृत्यु हो जाती है, 50,000 रुपये का न्यूनतम जीवन बीमा लाभ प्रदान किया जायेगा।

## पेज एक का शेष

### सरकारी स्कूलों

अदालत अपने निर्देश को आदेश में दर्ज कर सकती है, जिससे 500 छात्रों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा, मैं 2018 से इस मुद्दे के लिए लड़ रहा हूं और एक सीधे आदेश के साथ, अदालत 500 छात्रों को प्रवेश दिला देगी। पीठ ने कहा कि वह वही आदेश पारित कर रही है, जो उसने रोहिंग्या बच्चों के समान मुद्दे को उठाने वाली जनहित याचिका पर पारित किया था। बारह फरवरी को शीर्ष अदालत ने कहा था कि शिक्षा पाने में किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

### महाकुंभ ने

एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया और संगम में स्नान का पुण्य प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन एवं संत-समाज के सान्निध्य में संपन्न हुए इस भव्य आयोजन के लिए पुनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उनकी पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं साधुवाद।

### भारत-यूरोपीय

वर्ष के अंत से पहले हमारे मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का काम सौंपा है। प्रधानमंत्री ने रक्षा और सुरक्षा पर बढ़ते भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को पारस्परिक विश्वास का प्रतीक बताया और कहा कि दोनों पक्ष साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद रोधी अभियानों में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के महत्व पर सहमत हैं। मोदी ने कहा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र और अफ्रीका में सतत और समावेशी विकास के लिए त्रिकोणीय विकास परियोजनाओं पर मिलकर काम करेंगे। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि अब समय आ गया है कि भूमि, समुद्र और अंतरिक्ष में भारत-यूरोपीय संघ सुरक्षा और रक्षा सहयोग को बढ़ाया जाए। उन्होंने हिंद महासागर को वैश्विक व्यापार के लिए जीवन रेखा बताया और कहा कि इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण है।

### भारत-यूरोपीय

दक्षिण कोरिया के साथ किए गए समझौतों की तरह भारत के साथ भविष्य में सुरक्षा साझेदारी की संभावनाएं तलाश रहा है। यूरोपीय आयोग की प्रमुख ने कहा कि दोनों पक्ष इस वर्ष तक एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने पर विचार कर रहे हैं जो विश्व स्तर पर अपनी तरह का सबसे बड़ा समझौता होगा। उन्होंने कहा विश्व किस प्रकार खतरों से भरा हुआ है और शक्ति को लेकर महाप्रतिस्पर्धा का आधुनिक संस्करण यूरोप और भारत को अपनी साझेदारी के संबंध में पुनः कल्पना करने का अवसर देता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब व्यापार और शुल्क के साथ-साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच तनाव पैदा हो गया है। उन्होंने इंडियाज वर्ल्ड में कहा, पिछले 30 साल में हमने साथ मिलकर बहुत कुछ किया है लेकिन सच तो यह है कि हम अपनी क्षमता का अभी तक बहुत कम दोहन कर पाए हैं इसलिए यह हमारे सहयोग पर सीमाएं लगाने का समय नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता से पहले कहा यह व्यावहारिक और महत्वाकांक्षी होने का समय है तथा आज की वास्तविकताओं के अनुरूप अपनी प्राथमिकताओं को फिर से संरेखित करने का समय है।

### युद्ध में

निभाएंगी। उन्होंने कहा, भारतीय सशस्त्र बल वास्तव में डेटा-केंद्रित युद्ध या बुद्धिमान युद्ध की ओर बढ़ना चाहते हैं। थिएटर कमांड की अवधारणा को समझाते हुए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने इसे बल निर्माण को बल अनुप्रयोग से अलग करने का प्रयास बताया। जनरल चौहान ने कहा, अब तक ये दोनों जिम्मेदारियां सेना मुख्यालयों या सेना प्रमुखों के पास थीं। वे भर्ती, प्रशिक्षण, उपकरण अधिग्रहण और रखरखाव के अलावा अन्य कार्यों के लिए भी जिम्मेदार थे। उन्होंने कहा, इसलिए बल सृजन और बल अनुप्रयोग एक जिम्मेदारी थी। अब हम इसे अलग करने का प्रयास कर रहे हैं। हम एक ऐसे थिएटर कमांडर को नामित करने का प्रयास कर रहे हैं जो अलग-अलग क्षेत्रों से संचालित अभियान में सक्षम हो, अर्थात अंतरिक्ष और साइबर से समर्थन सहित सभी तीन डोमेन में।

### पाकिस्तान के

है, जिसमें जमीयत उलेमा इस्लाम (सामी समूह) के प्रमुख एवं नौशेरा जिले के अकोरा खट्टक स्थित मदरसा-ए-हक्कानिया की देखरेख करने वाले हमीदुल हक हक्कानी की मौत हो गई है। हमीदुल हक के पिता मौलाना समी उल हक की मौत हो जाने के बाद उन्हें जेयूआई (सामी समूह) का प्रमुख बनाया गया था। उनका जन्म 1968 में हुआ था। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) जुल्फिकार हमीद ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि इस हमले को आत्मघाती बम हमलावर के जरिए अंजाम दिया गया और हमीदुल हक ही निशाने पर थे। उन्होंने बताया, हमने हमीदुल हक को छह सुरक्षा गार्ड मुहैया कराए हुए थे। नौशेरा के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) अब्दुर रशीद ने बताया कि मदरसे में जुमे की नमाज अदा करने के दौरान यह विस्फोट हुआ। दारुल उलूम हक्कानिया मदरसा सुन्नी इस्लाम के हनफी देवबंदी विचार का प्रचार करता है। मौलाना अब्दुल हक ने भारत के दारुल उलूम देवबंद मदरसा की तर्ज पर ही उक्त मदरसे की स्थापना की थी।

### उत्तराखंड में

जा सके। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल पर ड्रोन के माध्यम से नजर रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू अभियान में हेलीकॉप्टर की भी मदद लेकर रेस्क्यू में तेजी लायी जाये। उन्होंने सभी घायलों को एयर एंबुलेंस के माध्यम से जरूरत पड़ने पर एम्स ऋषिकेश लाए जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जिला प्रशासन से निरंतर समन्वय संपर्क कर उन्हें हर संभव मदद करने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि चमोली में हिमस्खलन के बाद लगातार राहत बचाव का कार्य जारी है। आईटीबीपी, सेना, जिला प्रशासन, वायु सेना, सभी लोग बचाव कार्य में लगे हुए हैं। सभी से निरंतर वार्ता जारी है। विजिबिलिटी न होने के कारण वर्तमान में हेलीकॉप्टर का जाना संभव नहीं है। इस संबंध में स्नो एक्सपर्ट की सेवाएं ली जा रही हैं। आईटीबीपी के लोग घटना स्थल में विशेष रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता श्रमिकों को सुरक्षित निकलना है। सभी लोग अलग-अलग स्थानों से हैं, जिसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, केंद्र सरकार से निरंतर संपर्क में है। प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री से भी लगातार संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू अभियान में किसी भी एजेंसी की आवश्कता होने पर उनकी मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 लोगों को आईटीबीपी अस्पताल पहुंचाया गया है। बर्फबारी जारी है, कई जगहों पर मार्ग अवरुद्ध हो रहा है। कल मौसम खुलने की संभावना है, जिससे रेस्क्यू अभियान में भी तेजी आएगी। सभी रेस्क्यू दल आपस में समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माणा हेलीपैड को भी एक्टिव किया जा रहा है। साथ ही एम्स ऋषिकेश, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल गोपेश्वर में भी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से घटना की पूरी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि माणा गांव और माणा पास के मध्य सीमा सड़क संगठन के समीप हिमस्खलन की सूचना मिली थी। यहां सेना की आवाजाही के लिए सड़क मार्ग से बर्फ हटाने वाले मजदूरों के घटना स्थल के समीप होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद सेना के साथ ही आईटीबीपी, एनडीआरफ, एसडीआरफ की रेस्क्यू टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, विनोद कुमार सुमन, विनय शंकर पांडे एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यूपी : सड़क

गंभीर रूप से घायल हो गए और वर्तमान में नजदीकी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इश्तखार चंदौली के रहने वाले थे, जबकि दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीन अन्य लोग पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और वे यहां अपने रिश्तेदारों से मिलने आए थे। जबकि झांसी जिले में शुक्रवार की सुबह एक कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई जिससे एक महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गोपीनाथ सोनी ने बताया कि इस दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार में सवार गुजरात के सूरत निवासी जगदीश भाई, विपिन भाई और श्रीमती कैलाश बेन (सभी की उम्र लगभग 45-50 के मध्य) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि भावना बेन और मिनी नाम की एक लड़की घायल हो गयी। दोनों घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई गयी है। वहीं, नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक सड़क हादसे में खिलौना बनाने वाली कंपनी में काम करने वाले दो लोगों की मौत हो गई।

# सभी ड्रेन की सफाई का कार्य 31 मार्च के पहले पूर्ण करा लिया जाए : योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नदी की स्थानीय परिस्थितियों का अध्ययन किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी नदियों का ड्रोन सर्वेक्षण कर समुचित जानकारी प्राप्त की जाए। नदी के मेन स्ट्रीम में जहां कहीं भी सिल्ट की अधिकता हो या नदी उथली होए वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता देते हुए नदी को चैनलाइज किया जाए। ड्रेजिंग से समाधान सम्भव न होने पर ही तटबन्ध अथवा कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ सम्बन्धी परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बाढ़ प्रबन्धन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों तथा बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील/ संवेदनशील जनपदों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 8 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जनपदों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आयी है। विशेषज्ञों की सलाह से हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पायी है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अन्तरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्तमान सत्र के लिए तय की गई परियोजनाओं का अवशेष कार्य प्राथमिकता के आधार पर नियत समय के भीतर पूरा करा लिया जाए। परियोजनाओं में देरी से न केवल कार्य प्रभावित होता है, बल्कि बजट भी बढ़ता है। ऐसे में सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाना चाहिए। किसी भी परियोजना का बजट पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं।




# मैच रद्द, सेमीफाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

## अटल, उमरजइ के अर्धशतकों से अफगानिस्तान के 273 रन

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा है। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम इस सीजन के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वहीं, अफगानिस्तान की उम्मीदें शनिवार को कराची में होने वाले इंग्लैंड-साउथ अफ्रीका मैच पर टिक गई हैं।

शुक्रवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी। टीम 50 ओवर में 273 रन पर ऑलआउट हो गई। सेदिकुल्लाह अटल ने 85 और अजमतुल्लाह ओमरजई ने 67 रन बनाए। बेन ड्वारशस ने 3 विकेट लिए। अटल ने धीमी शुरूआत के बाद पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई जबकि उमरजइ ने आखिर में आक्रामक पारी खेलकर अफगानिस्तान को 270 रन के पार पहुंचाया जबकि एक समय उसके आठ विकेट 235 रन पर गिर गए थे। उमरजइ ने 63 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और एक चौका लगाया। उन्होंने 49वें ओवर में नाथन एलिस को दो छक्के जड़े जिसमें मिडविकेट के ऊपर 102 मीटर का छक्का शामिल है। इसके बाद लांग आफ पर छक्का लगाया। इससे स्टार स्पिन आक्रमण वाली अफगानिस्तान टीम को एक अच्छा स्कोर मिल गया।



उमरजइ आखिरी ओवर में बेन ड्वारशुइस का शिकार हुए जिन्होंने आखिरी गेंद पर नूर अहमद को भी आउट करके नौ ओवर में 47 रन देकर तीन विकेट लिये। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने 37 रन अतिरिक्त भी दिये जिसमें 17 वाइड गेंद शामिल हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली अफगानिस्तान टीम की शुरूआत खराब रही और स्पेंसन जॉनसन ने रहमानुल्लाह गुरबाज को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में 177 रन बनाने वाले इब्राहिम जदरान 28 गेंद में 22 रन बनाकर एडम जम्पा का शिकार हुए। इसके बाद अटल ने पारी को संभाला और कुछ बेहतरीन कवर ड्राइव और फ्लिक लगाये। उन्हें कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के रूप में भरोसेमंद जोड़ीदार मिला और दोनों ने 68 रन की साझेदारी की। अटल ने मैक्सवेल को छक्का लगाकर वनडे में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद जम्पा को दो छक्के और लगाये लेकिन अपने पहले शतक से 15 रन से चूक गए। वह जॉनसन की गेंद पर शॉर्ट कवर में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। इस समय अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 159 रन था। इसके बाद शाहिदी भी (49 गेंद में 20 रन) जल्दी आउट हो गए। राशिद खान के आउट होने के समय स्कोर आठ विकेट पर 235 रन था। उमरजइ ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए आखिरी ओवरों में आक्रामक पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने के साथ 41 रन बनाने वाले उमरजइ ने साबित कर दिया कि उन्हें आईसीसी वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर क्यो चुना गया था।

# आय कोई पैमाना नहीं, खेल सभी के लिए हैं: पीवी रमन्ना



नयी दिल्ली। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू के पिता और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी पीवी रमन्ना ने कम आय वाले परिवारों के बच्चों को खेलों में हाथ आजमाने को लेकर चल रही बहस पर कहा कि कई तरह की चुनौतियों के बावजूद वह खिलाड़ियों और उनके माता-पिता को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने से कभी हतोत्साहित नहीं करेंगे।

खुद मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद रमन्ना ने वॉलीबॉल में देश का प्रतिनिधित्व किया और वह 1986 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। सिंधू ने भी विश्व चैंपियनशिप, दो ओलंपिक पदक समेत दुनिया भर में कई टूर्नामेंट जीतकर देश का नाम रोशन किया। रमन्ना ने कहा कि जब मैं तीन साल का था तब मेरे पिता की मृत्यु हो गई। मैं 10 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। लेकिन मेरे बड़े भाई-बहन मेरा समर्थन करके और मुझे राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खेलते हुए देखकर बहुत खुश थे क्योंकि उस खेल के कारण मुझे रेलवे में नौकरी मिल गई। भारतीय वॉलीबॉल टीम में ब्लॉकर की भूमिका निभाने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि ऐसे में अगर आप निम्न मध्यम वर्ग या मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखते है तो किसी भी खेल में अच्छा होना वास्तव में आपके लिए अवसर खोलता है। यह मत भूलिए कि खेल बच्चे के समग्र विकास के लिए बहुत अच्छा है। रमन्ना कि यह टिप्पणी राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद के हालिया बयान से शुरू हुई बहस के बीच आई है। गोपीचंद ने कहा था कि मध्यम वर्ग के माता-पिता को बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने से पहले अच्छी तरह सोचना चाहिए क्योंकि जो लोग उच्चतम स्तर पर सफल नहीं होते हैं उनके पास पीछे हटने के बाद कुछ नहीं होता है।

## संक्षेप

### आईपीएल के दौरान ही खेली जायेगी पाकिस्तान सुपर लीग

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का 10वां टूर्नामेंट 11 अप्रैल से शुरू होगा जिसका पहला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड और दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें दो एलिमिनेटर और 18 मई को होने वाला फाइनल शामिल है। पीएसएल कार्यक्रम की पुष्टि का मतलब है कि इसका आयोजन अधिक आकर्षक और धनाढ्य लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान किया जाएगा। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई के बीच आयोजित किया जाएगा।

### यूटीटी का छठा सत्र 29 मई से अहमदाबाद में शुरू होगा

नयी दिल्ली। भारत में टेबलटेनिस की प्रमुख लीग अल्टीमेट टेबलटेनिस (यूटीटी) के छठे सत्र का आयोजन 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद में किया जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोजकों के अनुसार पहली बार अहमदाबाद में आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता अत्याधुनिक ईकेए एरिना में खेली जाएगी। यह वही स्थान है जहां 2016 में कबड्डी विश्व कप और 2019 में इंटरकांटिनेंटल कप (फुटबॉल) का आयोजन किया गया था। यूटीटी में आठ टीम भाग लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इनमें गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स भी शामिल है जो तीसरे खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेगी।

### सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ ईयर के नामांकन से हटाया गया

लंदन। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है क्योंकि इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्ज़पैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया। फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया। पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी में फ्लॉप शो के बाद न्यूजीलैंड दौरे से हट सकते हैं पाक के सीनियर क्रिकेटर



लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी से शर्मनाक तरीके से बाहर होने के बाद पाकिस्तान के कुछ सीनियर खिलाड़ी अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली टीम से खुद को अलग कर सकते हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान 29 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी के किसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है लेकिन वह एक भी मैच जीते बिना इससे बाहर हो गया। टीम ने कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की भारी हार के साथ अभियान शुरू किया और फिर दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से छह विकेट से हार गया। रावलपिंडी बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टीम का मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। इस मामले की जानकारी रखने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी ने कहा कुछ खिलाड़ी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड की यात्रा करनी चाहिए। पाकिस्तान को 16 मार्च से पांच अप्रैल तक सफेद गेंद के दौरे के दौरान पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ़, नसीम शाह खुद को दौरे के लिए अनुपलब्ध रखने पर विचार कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि इन खिलाड़ियों को पता है कि चयनकर्ताओं द्वारा उन्हें बाहर किए जाने की काफी आशंका है। वे अब नए चेहरों को आजमाना चाहेंगे, इसलिए ऐसे खिलाड़ी खुद अपना ना वापस लेने के बारे में सोच रहे हैं। वे अगला कदम उठाने के लिए अपने प्रतिनिधियों के साथ परामर्श कर रहे हैं। कप्तान मोहम्मद रिजवान के भविष्य पर भी अनिश्चितता के बादल है क्योंकि चयनकर्ता इस साल के अंत में एशिया कप और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टी20 टीम के पुनर्निर्माण के लिए अध्यक्ष को सिफारिश कर सकते है। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद के लिए एक नई भूमिका की तलाश कर रहा है। एक सूत्र के मुताबिक जावेद ने पिछले साल अकादमी में काम के लिए चेयरमैन मोहसिन नकवी से कई बार अनुरोध किया था।

# हम विभिन्न परिस्थितियों में खेलने को लेकर उत्साहित हैं: ब्रेसवेल



दुबई। न्यूजीलैंड के ऑफ-स्पिनर माइकल ब्रेसवेल ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को अपने सभी मैच दुबई में खेलने से अनुचित लाभ मिलने की किसी भी चर्चा को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम विभिन्न परिस्थितियों में खेलने को लेकर उत्साहित है।

रोहित शर्मा की टीम अपने सभी मैच दुबई में खेल रही है और भारतीय टीम अगर फाइनल में पहुंचने में सफल रही तो टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला भी यही खेला जायेगा। न्यूजीलैंड अपना अगला मैच रविवार को यहां भारत के खिलाफ खेलेगा। उसने अपने पिछले दोनों मैच पाकिस्तान में खेले थे। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर) सहित कुछ क्रिकेटरों ने कहा है कि भारत अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने के कारण फायदे की स्थिति में है। अन्य टीमों को पाकिस्तान में विभिन्न स्थानों की यात्रा करनी पड़ रही है। भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। ब्रेसवेल से जब पूछा गया कि क्या भारत को दुबई में अनुचित लाभ मिल रहा है, तो उन्होंने कहा कि देखिये, इसका फैसला पहले ही हो गया था और अब इस पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। इस 34 साल के स्पिनर ने कहा कि यह इसे रोमांचक बनाता है। मैं व्यक्तिगत रूप से सोचता हूं कि हम एक अलग मैदान पर अलग तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने की कोशिश करेंगे। हम कोशिश करने, सीखने और विभिन्न परिस्थितियों में खेलने के लिए उत्साहित हैं। न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ने कहा कि यहां की पिचें स्पिन को मदद करेंगी और भारत के खिलाफ मैच से पहले कड़ी ट्रेनिंग करना अच्छा विचार होगा। उन्होंने कहा कि यहां की पिच स्पिनरों के लिए मददगार लग रही है। इसलिए, जितनी जल्दी हो सके विकेटों से अभ्यस्त होने की कोशिश करना अच्छा होगा। हमने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान की पिचों पर खेलने का लुत्फ उठाया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास किसी भी परिस्थिति में खेलने के लिए एक बहुत अच्छी तरह से संतुलित टीम है। इसलिए उम्मीद है कि हम ऐसा करना जारी रख सकते हैं और जो हमारे सामने है उससे तालमेल बिठा सकते हैं। मुझे लगता है कि पिच के साथ तालमेल बिठाना हमारी टीम की ताकत है। उम्मीद है कि हम एक टीम के रूप में ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है क्योंकि उसके खिलाड़ी खुद पर दबाव नहीं डाल रहे हैं। न्यूजीलैंड ने हाल ही में टेस्ट श्रृंखला में भारत को 3-0 से हराया था। वह 13 साल में भारत दौरे पर टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली टीम बनी थी। उन्होंने कहा कि टेस्ट श्रृंखला की जीत से ब्लैक कैप्स को रविवार के मैच से पहले आत्मविश्वास मिलेगा।

### भारतीय महिला गोलकीपरों को धुरंधर साइमन जिज्प के साथ अभ्यास से मिला फायदा

नयी दिल्ली। विश्व कप 1990 चैम्पियन नीदरलैंड के साइमन जिज्प के साथ भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से ठीक पहले सप्ताह भर के गोलकीपिंग शिविर से भारतीय महिला टीम को बेहतर प्रदर्शन में काफी मदद मिली। शिविर में अनुभवी सविता पूनिया और युवा बांसरी सोलंकी ने भाग लिया जिसमें फोकस तकनीकी कौशल, मैच जागरूकता और मानसिक अनुकूलन पर था। साइमन नीदरलैंड की महिला और पुरूष टीमों के साथ काम कर चुके हैं। वह 2016 , 2020 और 2024 ओलंपिक में गोलकीपिंग कोच थे जब नीदरलैंड ने महिला और पुरूष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि तीनों गोलकीपरों के लिये यह शानदार शिविर था। इससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस पर फोकस किया कि एक गोलकीपर कैसे सोचता है। जब गेंद सर्कल में है तो उसकी मानसिकता कैसी होनी चाहिये। मैं साइमन का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने इस शिविर के लिये समय निकाला। भारत की पूर्व कप्तान सविता ने कहा कि हमें प्रो लीग के लिये अपने हुनर को निखारने में इस शिविर से काफी मदद मिली।

# दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन पर फोकस करना चाहते हैं वॉल्टर, भारत के फायदे को लेकर चिंतित नहीं





कराची। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर इस बहस में समय बर्बाद नहीं करना चाहते कि दुबई में सारे मैच खेलने से भारत को फायदा है या नहीं और उनका कहना है कि इसकी बजाय वह अपनी ऊर्जा चैम्पियंस ट्रॉफी में अपनी टीम के प्रदर्शन पर लगाना पसंद करेंगे।

भारतीय टीम अपने सारे मैच दुबई में खेल रही है और सेमीफाइनल के साथ अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो वह भी दुबई में होगा। बाकी टीमें पाकिस्तान के लाहौर, कराची और रावलपिंडी में मैच खेल रहीं हैं। वॉल्टर ने इंग्लैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के आखिरी लीग मैच से पहले कहा कि मैं अपनी ऊर्जा ऐसी बात पर खर्च करने की बजाय अपनी टीम पर लगाना पसंद करूंगी कि हमें क्या करना चाहिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम तो कार्यक्रम है। भारतीय टीम दुबई में ही खेल रही है, एक ही स्थान पर जबकि बाकी टीमें नहीं। इसका फायदा है या नहीं , यह तो देखना होगा। ग्रुप बी की शीर्ष टीम दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में प्रवेश के लिये आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में है। वॉल्टर ने कहा कि हमें अपनी सारी ऊर्जा अपने प्रदर्शन पर लगानी है। हमें इंग्लैंड के खिलाफ अगले मैच पर फोकस करना है। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिच क्लासेन कोहनी की चोट से उबर चुके हैं। वॉल्टर ने कहा कि वह सुपर खिलाड़ी है। उसकी ताकत इस पर भी निर्भर करती है कि उसके आसपास ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी वजह से वह खुलकर खेल सकता है। उसके पास कौशल है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से है। उसकी वापसी खुशी की बात है क्योंकि सभी को पता है कि वह क्या कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका 2027 में वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा और वॉल्टर ने कहा कि टीम प्रबंधन नयी प्रतिभाओं को तराशने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अनुभव हासिल करने में समय लगता है लेकिन हम अलग अलग हालात में उन्हें खेलने का मौका दे रहे हैं। हम पूरी कोशिश करेंगे कि खिलाड़ियों का बड़ा पूल हमारे पास हो।

# हर्ष ने रचा इतिहास, विदर्भ ने रणजी में केरल पर बनायी बढ़त



मुंबई। हर्ष दुबे (88 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन ने विदर्भ ने शुक्रवार को केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में तीसरे दिन पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल कर ली।

हर्ष इसके साथ ही रणजी इतिहास में किसी भी गेंदबाज द्वारा एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रहे। इस युवा वामहस्त स्पिनर ने इस सत्र में अब तक 69 विकेट चटका कर 2018-19 में बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केरल के कप्तान सचिन बेबी (98) दो रन से शतक से चूक गये जबकि अनुभवी आदित्य सरवटे ने 185 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेली लेकिन विदर्भ के गेंदबाजों ने धैर्य बनाये रखते हुए केरल की पहली पारी को 342 रन पर समेट दिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाये थे। सरवटे दिन के पहले सत्र में आउट हुए जबकि सलमान निजार (21) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (34) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। दुबे के साथ दर्शन नालकंडे (52 रन पर तीन विकेट) और पार्थ रेखाडे (65 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट लिए। हर्ष ने सरवटे को पहली स्लिप में कैच करा कर रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अपना 67वां विकेट हासिल किया। इसके बाद उन्होंने लंच से ठीक पहले निजार को पगबाधा आउट करके बिहार के आशुतोष अमन के एक सत्र में सर्वाधिक 68 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्हें हालांकि अपने तीसरे विकेट के लिए काफी पसीना बहना पड़ा। उन्होंने एमडी निधीश (एक) को पगबाधा कर रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सरवटे ने अपना बल्ला फ्रंटफुट के पास रख रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन हर्ष की गेंद अतिरिक्त उछाल ली और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक अमन मोखड़े ने आसान कैच पकड़ लिया। सरवटे ने 185 गेंद की पारी में चौथे विकेट के लिए कप्तान के साथ 63 रन जोड़े। सचिन बेबी ने इसके बाद निजार के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 रन और अजहरुद्दीन के साथ छठे विकेट के लिए 59 रन साझेदारी की लेकिन उनका प्रयास टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। निजार ने अपनी 42 गेंद की पारी में तीन चौके लगाये। उन्हें हर्ष की गेंद पर पगबाधा दिया गया। केरल के खिलाड़ियों ने हालांकि इस फैसले पर निराशा जताई। निजार ने हर्ष की ऑफ स्टंप की बाहर टप्पा खाने वाली गेंद को छोड़ने के लिए बल्ला ऊपर उठा दिया लेकिन गेंद अधिक घुमाव के साथ उनके पैड से टकरा गयी। मैदानी अंपायर अनिल चौधरी ने शॉट न खेलने के कारण बल्लेबाज को पगबाधा घोषित कर दिया। निजार ने डीआरसएस लिया लेकिन रीप्ले में भी गेंद विकेटों से टकरते दिखी।

# प्रज्ञानानंद ने फिर से बाजी ड्रा खेली, अरविंद ने कीमर को हराया

प्राग (चेक गणराज्य)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज़ के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे जबकि अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की। अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

# उग्रवादी संगठन की क्षमता को कम आंका

## इजराइली सेना ने 7 अक्टूबर के हमले में विफलता स्वीकार की



तेल अवीव। इजराइली सेना द्वारा की गई जांच से यह पता चला है कि हमास सात अक्टूबर 2023 को देश के इतिहास में सबसे घातक हमला करने में सक्षम था क्योंकि इजराइली सेना ने उग्रवादी समूह के इरादों को गलत समझा और उसकी क्षमताओं को कम करके आंका।

बृहस्पतिवार को जारी किए गए निष्कर्षों से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव पड़ सकता है कि वह हमले से पहले की राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया की पड़ताल के लिए व्यापक रूप से मांग की जा रही विस्तृत जांच शुरू करें, जिसके कारण गाजा में युद्ध शुरू हो गया। कई इजराइलियों का मानना है कि सात अक्टूबर की गलतियां सैन्य बलों से परे हैं, और वे हमले से पहले के वर्षों में निवारण और नियंत्रण की असफल रणनीति के लिए नेतन्याहू को दोषी मानते हैं। इस रणनीति में कतर को गाजा में नकदी से भरे बैग भेजने की अनुमति देना तथा हमास के प्रतिद्वंद्वी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त फलस्तीनी प्राधिकरण को दरकिनार करना शामिल था। प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी नहीं ली है और कहा है कि वह युद्ध के बाद ही कठिन सवालों का जवाब देंगे, जो कि एक अस्थिर युद्धविराम के कारण लगभग छह सप्ताह से रुका हुआ है। सात अक्टूबर के हमले में मारे गए लगभग ।,200 लोगों और गाजा में बंधक बनाए गए 251 लोगों के परिवारों सहित जनता के दबाव के बावजूद, नेतन्याहू ने जांच आयोग की मांग का विरोध किया है। सेना के मुख्य निष्कर्ष यह हैं कि क्षेत्र की सबसे शक्तिशाली और परिष्कृत सेना ने हमास के इरादों को गलत समझा, उसकी क्षमताओं को कम करके आंका और वह एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दिन सुबह-सुबह भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा किए गए आश्चर्यजनक हमले के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थी। सोमवार को सैन्य कमांडरों को दी गई टिप्पणी में, तथा बृहस्पतिवार को मीडिया के साथ साझा की गई टिप्पणी में, सेना के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि वह सेना की विफलताओं की जिम्मेदारी लेते हैं। वहीं मिस्र ने कहा है कि गाजा में संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इजराइल और हमास के बीच वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हो चुकी है। समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त होना है, उससे पहले दोनों पक्षों के बीच वार्ता आरंभ होने से समझौते पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। मिस्र की सरकारी सूचना सेवा ने एक बयान में कहा कि इजराइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने काहिरा में संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर गहन चर्चाएं आरंभ कर दी हैं। बयान में कहा गया है, मध्यस्थ, गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने के रास्तों पर भी चर्चा कर रहे हैं। दूसरे दौर की वार्ता का उद्देश्य युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करना है, जिसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी, तथा क्षेत्र से सभी इजराइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है।

# किसी भी न्याय प्रणाली को तभी सशक्त माना जायेगा जब वह वास्तव में समावेशी हो: राष्ट्रपति मुर्मू



गांधीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा सुशासन की पहचान है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी न्यायिक प्रणाली को तभी सशक्त माना जाएगा जब वह वास्तव में समावेशी हो। उन्होंने कहा कि 2024 में तीन नए आपराधिक कानूनों का लागू होना भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा, अपराध पर नियंत्रण, अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा, यही सुशासन की पहचान है। हमारे देश में न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को सर्वोत्तम माना जाता है। इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने एनएफएसयू से स्नातक करने वाले विद्यार्थियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी व्यक्ति वित्तीय कारणों से न्याय से वंचित न रहे। मुर्मू ने कहा कि परंपरा और विकास के जरिये हम एक विकसित देश के निर्माण की ओर अग्रसर हैं। कोई भी न्याय प्रणाली तभी सशक्त मानी जाएगी जब वह समावेशी हो। समाज के सभी वर्गों, खासकर कमजोर और वंचितों को न्याय उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय से निकलने वाले छात्रों का लक्ष्य होना चाहिए। आपको इस तरह काम करना चाहिए कि देश के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच हो सके और यह सुनिश्चित किया जाए कि वित्तीय कारणों से कोई भी न्याय से वंचित न रहे। राष्ट्रपति ने तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के बारे में भी बात की, जिन्होंने ब्रिटिश युग के कानूनों की जगह ली है। मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि न्याय प्रणाली में यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था जब पुराने आपराधिक कानूनों को हटाकर तीन नए कानूनों को लागू किया गया।

संक्षेप

## कोर्ट ने पुलिस को लगायी फटकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हत्या के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किये जाने के कुछ दिनों बाद एक व्यक्ति के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज करने को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि पुलिस ने उसके दो जनवरी के अंतरिम जमानत आदेश को विफल करने के इरादे से यूएपीए का आरोप जोड़ा है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने शुक्रवार को कहा, इस तथ्य पर विचार करते हुए कि यह स्पष्ट है कि अपीलकर्ता को केवल दो जनवरी के आदेश को विफल करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, अपीलकर्ता उक्त मामले में जमानत पाने का हकदार है। अपील स्वीकार की जाती है। अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाए। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि पुलिस द्वारा अपीलकर्ता के विरुद्ध यह जल्दबाजी पूर्ण कार्वाई यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि उसे हिरासत में लिया जाए तथा दो जनवरी का अंतरिम आदेश निरस्त हो जाए। पीठ ने इसे घोर अनुचितता करार देते हुए पुलिस अधिकारी के आचरण की निंदा की।

# तपेदिक को खत्म करने का लक्ष्य इस साल हासिल कर लेगा भारत

भुवनेश्वर। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस साल के अंत तक देश से तपेदिक (टीबी) को खत्म करने का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

नड्डा ने यह बात ओडिशा के पुरी में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अच्छे एवं अनुकरणीय व्यवहारों और नवाचारों पर 9वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कही। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) ने दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया है। नड्डा ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुसार, भारत को 2030 तक टीबी को खत्म करना है। लेकिन, हम इस लक्ष्य को 2025 तक हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि देश भर के 455 जिलों में जारी 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान हमने पहले ही पांच लाख टीबी रोगियों की पहचान की है। एक व्यापक अभियान जारी है। हम अभियान के तहत सभी आकांक्षी जिलों और आकांक्षी प्रखंडों को शामिल करने जा रहे हैं ताकि 2025 के अंत तक तपेदिक को खत्म करने में सक्षम हो सकें।

# घुसपैठियों की मदद करने वालों पर कार्रवाई करे दिल्ली पुलिस : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भारत में प्रवेश कराने में मदद करने वाले नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और उप-संभागों के खिलाफ भी सख्त कार्वाई की जानी चाहिए। शाह ने कहा कि शहर में अंतरराज्यीय गिरोहों को सख्ती से खत्म करना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के मामलों में ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक कार्वाई की जानी चाहिए और ऐसे मादक पदार्थ तंत्र को खत्म किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री ने बैठक में कहा कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश में प्रवेश कराने, उनके दस्तावेज बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए। इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# आतिशी ने निलंबन को लोकतंत्र पर प्रहार कहा अध्यक्ष ने कार्रवाई को नियम आधारित बताया



नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) के 21 विधायकों के निलंबन के बाद राजनीतिक टकराव शुरू हो गया और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने इसे जनता के जनादेश का अपमान और लोकतंत्र पर प्रहार बताया।

इसके जवाब में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने संसदीय नियमों और पिछले व्यवधानों का हवाला देते हुए इस कदम को सही ठहराया। उपराज्यपाल वी के सक्सेना के उद्घाटन अभिभाषण में कथित रूप से बाधा डालने के लिए आतिशी समेत 21 आप विधायकों को 25 फरवरी को तीन दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। आप सदस्यों ने विधानसभा में मुख्यमंत्री कार्यालय से बी आर आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें कथित रूप से हटाए जाने के विरोध में नारे लगाए थे। विधानसभा अध्यक्ष ने बहुमत के आधार पर उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया और मार्शल को उन्हें सदन से बाहर निकालने के लिए कहा। विवाद तब और बढ़ गया जब आतिशी समेत निलंबित आप विधायकों को बृहस्तपिवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया। विपक्षी नेता ने तर्क दिया कि इस तरह के प्रतिबंध अभूतपूर्व हैं और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन करते हैं। निलंबन की निंदा करते हुए आतिशी ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को जानबूझकर दबाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जहां उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दल के विधायकों को उनके विरोध प्रदर्शन के लिए भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ा।

# ट्रंप के फैसले की पूर्व रक्षा मंत्रियों ने आलोचना की



वाशिंगटन। पांच पूर्व रक्षा मंत्रियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष और कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अफसरों को बर्खास्त करने के मामले में कांग्रेस से तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया है। एसोसिएटेड प्रेस के पास उपलब्ध एक पत्र से यह जानकारी सामने आई। पांचों व्यक्तियों - जिन्होंने पिछले तीन दशकों से रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया है - ने कहा कि ये बर्खास्तगी चिंताजनक हैं।

इसने प्रशासन की सेना का राजनीतिकरण करने की इच्छा के बारे में परेशान करने वाले प्रश्न उठाए हैं और राष्ट्रपति की शक्ति पर कानूनी सीमाएं हटा दी हैं। पिछले हफ्ते के अंत में ट्रंप ने वायुसेना के जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को ज्वाइंट चीफ्स के अध्यक्ष पद से हटा दिया। इसके बाद रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने नौसेना संचालन प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी, वायुसेना के उप प्रमुख जनरल जिम स्लाइफ और सैन्य सेवाओं के लिए जज एडवोकेट जनरल को हटा दिया। हेगसेथ ने ब्राउन की बर्खास्तगी का बचाव करते हुए कहा कि अन्य राष्ट्रपतियों ने भी सैन्यकर्मियों में बदलाव किए थे और ट्रंप को अपनी टीम चुनने का अधिकार है। विलियम पेरी, लियोन पेनेटा, चक हेगल, जिम मैटिस और लॉयड ऑस्टिन द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि बर्खास्तगी का कोई वास्तविक औचित्य नहीं है, क्योंकि इनमें से कई अधिकारियों को पूर्व में भी ट्रंप द्वारा ही नामित किया गया था। इसमें कहा गया कि उनका करियर अनुकरणीय रहा है, जिसमें परिचालन और युद्ध का अनुभव भी शामिल है।

# उद्योगपति सेंग ने अपना अपराध स्वीकार किया

सिंगापुर। सिंगापुर के रियल एस्टेट कारोबारी ओंग बेंग सेंग जेल में बंद भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन से जुड़े आरोपों में दोष स्वीकार करने को तैयार हो गए हैं। अदालत को दी गयी ताजा जानकारी में यह दावा किया गया है।

चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, 79 वर्षीय सेंग दो अपराधों से संबंधित एक सुनवाई में शामिल हुए। चैनल के मुताबिक, सेंग की जमानत अवधि बढ़ा दी गई और वह दो अप्रैल को अपराध स्वीकार कर सकते हैं। सेंग पर पूर्व मंत्री की दिसंबर 2022 में लगभग 20,850 सिंगापुर डॉलर (15,500 अमेरिकी डॉलर) मूल्य की दोहा यात्रा का पूरा खर्च वहन करने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा उद्योगपति पर मई 2023 में ईश्वरन के साथ साठगांठ कर जांच में बाधा उत्पन्न करने का आरोप है, जब भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो ने उनके खिलाफ अपनी जांच शुरू की थी। अक्टूबर 2024 में दंड संहिता की धारा 165 के तहत चार आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद ईश्वरन को 12 महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। इस धारा के तहत सभी लोक सेवकों को आधिकारिक क्षमता में उनके साथ जुड़े किसी व्यक्ति से कोई भी मूल्यवान चीज प्राप्त करने पर रोक होती है।

इंटरटेनमेंट...

# कंगना-जावेद अख्तर के बीच सुलझा मानहानि का मामला



मुंबई। अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत ने गीतकार जावेद अख्तर द्वारा उनके खिलाफ दायर करीब चार साल पुराने मानहानि मामले को शुक्रवार को मध्यस्थता के जरिए सुलझा लिया और पटकथा लेखक को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी।

भारतीय जनता पार्टी की सांसद रनौत और अख्तर शुक्रवार को एक विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए और एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई गई अपनी शिकायतों को वापस लेने के अपने फैसले से उसे अवगत कराया। बाद में, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया मंच इंटाग्राम पर अख्तर के साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने कानूनी मामला सुलझा लिया है। अदालत शुक्रवार को बाद में इस मामले में औपचारिक आदेश पारित करेगी। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने गलतफहमी के कारण अख्तर के खिलाफ बयान दिया था और उन्होंने इसके कारण अख्तर को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। अख्तर ने 2020 में रनौत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अख्तर का आरोप है कि जुलाई 2020 में टेलीविजन पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान रनौत ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। अख्तर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि रनौत ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के बाद बॉलीवुड में मौजूद एक गुट का जिक्र करते हुए साक्षात्कार के दौरान उनका नाम घसीटा। रनौत ने 2021 में मजिस्ट्रेट की अदालत में अख्तर के खिलाफ जवाबी शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर आपराधिक धमकी देने एवं उनका अपमान करने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2016 में अख्तर ने उनके आवास पर मुलाकात के दौरान उन्हें आपराधिक रूप से धमकाया और मांग की कि वह एक सह-कलाकार से माफी मांगें। रनौत के वकील रिजवान सिद्दीकी और अख्तर के अधिवक्ता जय कुमार भारद्वाज ने बताया कि बांद्रा में एक विशेष मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष एक घंटे की मध्यस्थता के जरिए मामला सुलझा लिया गया। भारद्वाज ने बताया कि रनौत ने मध्यस्थ के समक्ष कहा कि उन्होंने गलतफहमी के कारण यह बयान दिया था और उन्होंने इसे वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि रनौत ने उनके बयान के कारण हुई असुविधा के लिए अख्तर से माफी मांगी है और उन्होंने भविष्य में ऐसा बयान न देने का वचन दिया है। सिद्दीकी ने कहा हम लंबे समय से मध्यस्थता चाह रहे थे। हमने मसौदों का आदान-प्रदान भी किया था। हमने आखिरकार मामला सुलझा लिया है। उन्होंने कहा कोई मुद्दा नहीं था, केवल शब्दों पर फैसला होना था, जो आज हो गया। हमने मसौदा तैयार किया, उस पर हस्ताक्षर किए और आज दोनों मामले वापस ले लिए गए।

## होली पर होगी रिलीज अविनाश दास की फिल्म इन गलियों में

नयी दिल्ली। फिल्मकार अविनाश दास की आगामी फिल्म इन गलियों में 14 मार्च को होली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सोशल मीडिया के युग में प्यार और रिश्तों के सार को दर्शाती इस फिल्म में अवंतिका दसानी और विवान शाह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

फिल्म की टीम ने शुक्रवार को एक गाना उड़ा हवा में रंग है रिलीज किया, जो होली की भावना पर आधारित है। फिल्म के गाने में एकता, खुशी और एकजुटता की भावनाओं को पिरोया गया है। अविनाश दास ने एक बयान में कहा कि यह फिल्म 14 मार्च 2025 को रिलीज होगी और तब तक हम इस गाने की ऊर्जा और फिल्म की भावनाओं को दर्शकों के सामने पेश करने को लेकर बेताब हैं।

# वेब सीरीज 'ओ साथी रे अ' में नजर आयेंगे अदिति राव हैदरी और अर्जुन रामपाल



नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता इम्तियाज अली ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज ओ साथी रे लेकर आ रहे हैं जिसमें अभिनेत्री अदिति राव हैदरी, अभिनेता अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। इम्तियाज अली के भाई आरिफ अली इस वेब सीरीज का निर्देशन कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने वेब सीरीज शी का भी निर्देशन किया था। नेटफ्लिक्स पर फिल्म अमर सिंह चमकीला रिलीज कर दर्शकों का प्यार बटोर चुके इम्तियाज अली ने कहा ओ साथी रे नये जमाने की कहानी है।

# पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आयेंगे अनुराग कश्यप



नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता और अभिनेता अनुराग कश्यप आने वाली एक्शन ड्रामा फिल्म डकैत में एक निडर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। निर्माताओं ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।

यह फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषा में एक साथ शूट की जा रही है और इसमें अदिवि सेश और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में महाराजा, राइफल क्लब, लियो और विदुथलाई पार्ट 2 जैसी दक्षिण भारतीय फिल्मों का हिस्सा रहे अनुराग कश्यप अपनी अगली फिल्म में स्वामी नामक एक निडर इंस्पेक्टर की भूमिका निभा रहे हैं। यह किरदार अयप्पा स्वामी का भक्त है और भ्रष्टाचार का विरोधी है। कश्यप ने एक बयान में कहा, कर्तव्य बनाम धर्म की दुविधा और हल्के-फुल्के हास्य के साथ अपना रोल निभाना शानदार है। मैं इस किरदार को हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में प्रस्तुत करने को लेकर उत्साहित हूं। दोनों भाषाओं में समान प्रभाव पैदा करना एक चुनौती है। मैं इसका आनंद ले रहा हूं। फिल्म डकैत का निर्देशन शनील देव कर रहे हैं जिन्होंने अदिवि सेश के साथ मिलकर इसकी पटकथा भी लिखी है।

निर्देशक के रुप में यह शनील की पहली फिल्म है। फिल्म की कहानी एक गुस्सैल अपराधी की है जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने के लिए एक खतरनाक योजना बनाता है। वह उसे फंसाने के लिए एक जाल बिछाता है जिससे प्रेम, विश्वासघात और बदले की भावनाओं से भरपूर एक रोमांचक एक्शन ड्रामा फिल्म तैयार होती है। फिल्म डकैत का निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा ने किया है जबकि सुनील नारंग सह-निर्माता हैं। फिल्म अन्नपूर्णा स्टूडियो की प्रस्तुति है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com